| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,951.99 |
| निफ्टी | 24,609.70 |
| सोना | 89,750 |
| चांदी | 1,01,000 |
| डॉलर | 85.99 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शुक्रवार 23 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण 11 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 237
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जानकारी के अनुसार, सुबह तकरीबन 11.30 बजे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। चीफ जस्टिस को मेल के जरिए धमकी मिली है। इसके बाद दो बजे तक के लिए हाईकोर्ट खाली करवा दिया गया। वहीं चंडीगढ़ के एलांते मॉल में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर आपरेशन सेल, बम डिटेक्शन टीम और वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे और पूरे मॉल को खाली करवाया गया। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया और बम जैसी संदिग्ध वस्तु पुलिस ने बरामद की। इसे बाहर निकालकर पुलिस ने लोगों को बताया कि यह सुरक्षा के मद्देनजर मॉक ड्रिल की गई थी।

### ज्योति के बाद नवांकुर चौधरी से भी पूछताछ करेगी हरियाणा पुलिस

हिसार । यूट्यूब पर यात्री डॉक्टर नाम से चैनल चलाने वाले नवांकुर चौधरी से भी हरियाणा पुलिस पूछताछ करेगी। दरअसल ज्योति मल्होत्रा के साथ नवांकुर की फोटो वायरल हुई थी। नवांकुर पाकिस्तान दूतावास में आयोजित पार्टी में ज्योति के साथ दिखा था। नवांकुर ने भी पाकिस्तान की यात्रा कर उसका वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया था। नवांकुर फिलहाल आयरलैंड में है। घर लौटने के बाद हिसार पुलिस उससे पूछताछ करेगी। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप पर नवांकुर ने सफाई भी दी थी। नवांकुर ने कहा था, मैं अपनी सरकारी एजेंसी का पूरी तरह से सहयोग करने को तैयार हूं। नवांकुर चौधरी ने कहा, मेरे खिलाफ कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ है, न ही किसी ने मेरे परिवार से संपर्क किया है। मैं सभी एजेंसी से सहयोग करने को तैयार हूं।

### बिटकॉइन पहली बार 95 लाख रुपए के पार पहुंचा

मुंबई। क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन पहली बार 1.10 लाख डॉलर के पार पहुंच गया है। रुपए में एक बिटकॉइन की कीमत 95.50 लाख रुपए के करीब है। 2009 में जब सतोशी नकामोटो नाम के किसी व्यक्ति ने इसे बनाया था तब इसकी वैल्यू 0.0041 डॉलर थी। यानी, अगर उस समय आप बिटकॉइन में 10-20 पैसे भी निवेश करते तो आज उसकी कीमत 95 लाख रुपए से ज्यादा होती। इस आर्टिकल में हम बिटकॉइन की पूरी कहानी बता रहे हैं। बिटकॉइन को डिजिटल दुनिया का सोना कहा जाता है। यह एक ऐसी डिजिटल करेंसी है जो बिना किसी बैंक या सरकार के नियंत्रण के काम करती है। यानी, ये डिसेंट्रलाइज है, किसी एक अथॉरिटी का इसपर कंट्रोल नहीं है।

### हिंदी भाषा में मेडिकल में टॉप करने पर मातृभाषा रत्न पुरस्कार

जबलपुर। मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी ने हिंदी भाषा में मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार एमबीबीएस और डेंटल संकाय के जो छात्र-छात्रा हिंदी भाषा में परीक्षा देकर टॉप करेंगे। उन्हें मातृभाषा रत्न की उपाधि तथा नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। स्नातक पाठ्यक्रम में हिंदी भाषा में टॉप करने वाले छात्र को 200000 रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। हर साल टॉप करने वाले विद्यार्थी को 100000 रुपये दिया जाएगा।

### पीएम मोदी ने बीकानेर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

# सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिलाया

## 22 अप्रैल का बदला, 22 मिनट में ले लिया

बीकानेर। पाकिस्तान के सबक सीखने वाले ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पीएम मोदी गुरुवार को बीकानेर पहुंचे। पीएम मोदी ने 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। पहलगाम में चली गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों की छाती छलनी हो गई थी। सभी ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि आतंकियों को मिट्टी में मिला देना है। और आज हम अपने प्रण में सफल हुए हैं। हमारी तीनों सेनाओं ने 22 मिनट में आतंकियों के 9 बड़े ठिकाने ध्वस्त कर दिए। पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। दुश्मन और दुनिया ने देखा कि सिंदूर जब बारूद बन जाता है तो क्या नतीजा होता है।

उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों से कहता हूं जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, आज कतरे-कतरे का हिसाब चुकाया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा। आज वो घरों में दुबके पड़े हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते हैं, आज वो मलबे के ढेर में दबे हुए है। मेरे प्यारे देशवासियों, ये शोध-प्रतिशोध का खेल नहीं, ये न्याय का नया स्वरूप है। ये ऑपरेशन सिंदूर है। ये सिर्फ आक्रोश नहीं है। ये समस्त भारत का रौद्र रूप है। ये भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर किया था वार। अब सीधा सीने पर किया प्रहार है। आतंक का फन कुचलने की यही नीति है, यही रीति है। यही भारत है, नया भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया कि जब सिंदूर, बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। मैं जब एयरस्ट्राइक के बाद आया था, तब मैंने कहा था कि सौगंध मुझे इस मिट्टी की मैं देश नहीं मिटने दूंगा। मैं देश नहीं झुकने दूंगा। आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में जो तिरंगा यात्राओं का हुजूम चल रहा है।




### हर आतंकी हमले की चुकानी पड़ेगी भारी कीमत

उन्होंने कहा कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और ये कीमत पाकिस्तान की सेना चुकाएगी, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। जब मैं दिल्ली से यहां आया तो बीकानेर के नाल एयरपोर्ट पर उतरा। पाकिस्तान ने इस एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी लेकिन वो इस एयरबेस को रत्तीभर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाया और वहीं यहां से कुछ ही दूर सीमापार पाकिस्तान का रहीमयार खान एयबेस है, पता नहीं कब खुलेगा। आईसीयू में पड़ा है। पाकिस्तान के साथ ना ट्रेड होगा, ना टॉक। अगर बात होगी तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की। पाकिस्तान को भारत के हक का पानी मिलेगा। भारतीयों के खून से खेलना, पाकिस्तान को भारी पड़ेगा। ये भारत का संकल्प है कि दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती।

### एटम बम की भभकियों से भारत डरने वाला नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। हम आतंक के आकाओं और आतंकी सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे। पाकिस्तान का ये स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर वाला खेल अब नहीं चलेगा। आपने देखा होगा, पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए, हमारे देश के सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल विश्वभर में पहुंच रहे हैं। इसमें देश के समस्त राजनीतिक दलों के लोग हैं। अब पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा। पाकिस्तान भारत से कभी सीधी लड़ाई जीत भी नहीं सकता। जब भी सीधी लड़ाई होती है, तो बार-बार पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ती है। इसलिए पाकिस्तान ने आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाया है। आजादी के बाद पिछले कई दशकों से यही चला आ रहा है। पाकिस्तान आतंक फैलाता था, निर्दोष लोगों की हत्या करता था। भारत में डर का माहौल बनाता था लेकिन पाकिस्तान एक बात भूल गया। अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है लेकिन लहू गर्म बहता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं गर्म सिंदूर बह रहा है।

## सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट

### जम्मू-कश्मीर के कीरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में 2200 करोड़ की गड़बड़ी का आरोप, 6 अन्य लोगों के भी नाम



नई दिल्ली । केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक समेत 6 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला करीब 2,200 करोड़ रुपए के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी को लेकर है। सीबीआई ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था। साथ ही दिल्ली में 29 अन्य ठिकानों पर भी रेड की थी।

दरअसल, सत्यपाल मलिक ने 17 अक्टूबर 2021 को कहा था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहते 300 करोड़ की रिश्वत ऑफर हुई थी। लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। इसके बाद सीबीआई ने अप्रैल 2022 में जम्मू-कश्मीर सरकार के कहने पर मामला दर्ज किया था। मलिक अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे।

#### सत्यपाल मलिक बोले- अस्पताल में भर्ती हूं

चार्जशीट दाखिल होने के बाद, सत्यपाल मलिक ने सोशल मीडिया पर कहा कि वो अस्पताल में भर्ती हैं और किसी से बात करने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने लिखा कि उन्हें शुभचिंतकों के फोन आ रहे हैं, लेकिन वो जवाब नहीं दे पा रहे। पिछले साल सीबीआई की रेड के बाद मलिक ने कहा था कि सीबीआई ने मेरा घर छापा लेकिन जिन लोगों के खिलाफ मैंने भ्रष्टाचार की शिकायत की थी, उनकी जांच नहीं की गई। उन्हें मेरे पास 4-5 कुर्ता-पायजामा ही मिलेंगे। मैं किसान का बेटा हूं, डरूंगा नहीं।

#### मलिक ने 2021 में लगाया था भ्रष्टाचार का आरोप

सत्यपाल मलिक ने 17 अक्टूबर 2021 को राजस्थान के झुंझुनू में एक कार्यक्रम में कहा था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहते दो फाइलों की रिश्वत ऑफर हुई थी। उस दौरान उनके पास दो फाइलें आई थीं। इनमें एक बड़े उद्योगपति और दूसरी महबूबा मुफ्ती और भाजपा की गठबंधन सरकार में मंत्री रहे एक व्यक्ति की थी। मलिक ने कहा था कि उनके सचिवों ने बताया कि इसमें घोटाला है, इसके बाद उन्होंने दोनों डील रद्द कर दी थीं। मलिक ने ये भी कहा था कि उन्हें दोनों फाइलों के लिए 150-150 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया गया था।

## वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने तीन दिनों तक दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन कानून पर अंतरिम रोक के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को बहस पूरी हो गई है। सुनवाई के दौरान केंद्र की मोदी सरकार ने कानून पर अंतरिम रोक लगाने का जोरदार विरोध किया है। सुनवाई पूरी होने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।



बता दें कि अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले सीजेआई बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संशोधित वक्फ कानून का विरोध करने वालों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक सिंघवी और केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें लगातार तीन दिन तक सुनीं। बहस के दौरान केंद्र ने वक्फ कानून का पुरजोर समर्थन किया। इस दौरान केंद्र के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के सामने तर्क दिया कि वक्फ अपने स्वभाव से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और इसके पक्ष में संवैधानिकता की धारणा को देखकर रोका नहीं जा सकता। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में मामले में याचिकाकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे सिब्बल ने वक्फ कानून को गैर संवैधानिक बताया। वहीं, तर्क दिया कि यह गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने का साधन बन जाएगा। सिब्बल ने कहा कि केंद्र सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं। वहीं, याचिकाकर्ताओं ने मौजूदा चरण में तीन प्रमुख मुद्दों पर अंतरिम आदेश की मांग की है। इन तीन मुद्दों में से एक मुद्दा कोर्ट द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति से जुड़ा था।

वहीं, दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना पर था, इसके लिए उनका तर्क था कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुसलमानों को ही काम करना चाहिए।

वहीं, तीसरा और अंतिम मुद्दा उस प्रावधान पर है जिसके अनुसार जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए, जांच करता है कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तब वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा।

## ट्रेनिंग के बाद नौकरी छोड़ना नहीं होगा आसान

### सार्वजनिक एवं निजी उपक्रम ट्रेनिंग पर किए खर्च को वसूल कर सकती हैं ट्रेनी से

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जयमाला बागची की पीठ ने एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। विजया बैंक बनाम प्रशांत बी नरनावरे प्रकरण में 14 मई को यह फैसला कोर्ट द्वारा सुनाया गया है। फैसले में कहा गया है, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां और निजी क्षेत्र की कंपनियां अपने कर्मचारियों को ट्रेंड करती हैं। भरती करने में काफी पैसा खर्च करती हैं। उनसे सर्विस का बांड भराती है। उसका पालन करना ट्रेनी और कर्मचारियों के लिए आवश्यक है। यदि कर्मचारी ऐसा नहीं करता है। तो ट्रेनिंग पर जो खर्च हुआ है। उसकी भरपाई सार्वजनिक और निजी कंपनियां करने के लिए स्वतंत्र हैं।

सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए एक प्रक्रिया अपनाई। जिसमें भारी पैसा खर्च हुआ। उसके बाद ट्रेनिंग में पैसा खर्च किया। बीच में कोई अधिकारी या कर्मचारी नौकरी छोड़कर जाता है। ऐसी स्थिति में नियोक्ता को ट्रेनिंग खर्च को वसूल करने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को निरस्त करते हुए विजया बैंक की याचिका को स्वीकार किया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति और ट्रेनिंग दी जाती है। इस फैसले के बाद उनके लिए बीच में नौकरी छोड़ना आसान नहीं होगा। नौकरी छोड़ने पर उन्हें हर्जाना देना होगा।

## सोना तस्करी मामला :कर्नाटक के गृहमंत्री के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

बेंगलुरु। अभिनेत्री रान्या राव के सोना तस्करी से जुड़े कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग केस के मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर आ गए हैं। इस मामले में ईडी ने गुरुवार को उनके ठिकानों पर छापेमारी की है। एक दिन पहले ही गृहमंत्री से जुड़े शिक्षण संस्थानों पर ईडी की टीम पहुंची थी। खबर है कि एक्ट्रेस रान्या राव के सोना तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी रेड कर रही है। इससे पहले ईडी ने बुधवार को जी परमेश्वर से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों सहित कर्नाटक में कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत राज्य में 16 स्थानों पर छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी हवाला ऑपरेटर और अन्य ऑपरेटर को निशाना बनाकर की गई, जिन्होंने राव के खातों में कथित तौर पर फर्जी वित्तीय लेनदेन किए थे। जांच एजेंसी ने कुछ महीने पहले राव के मामले सहित भारत में बड़े सोना तस्करी रैकेट के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पीएमएलए मामला दर्ज किया था।

## ग्रीस में 6.0 तीव्रता का भूकंप आने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी

नई दिल्ली। ग्रीस में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया है, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जिओ साइंसेज ने बताया कि ग्रीस के क्रेते के तट के पास गुरुवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया।

जर्मन रिसर्च सेंटर ने बताया कि भूकंप सुबह 6ः19 बजे आया, जो क्रेते के उत्तर-पूर्व में एलौंडा से 58 किमी दूर और 60 किमी गहराई में था। भूकंप के कारण यूरोपीय अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी भी जारी की। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस भूकंप के कारण कोई क्षति नहीं हुई है। भूकंप क्रेते और आसपास के द्वीपों में महसूस किया गया और इस कारण स्थानीय लोग भी घबरा गए।रिपोर्ट्स के अनुसार, भूकंप के बाद कई झटके महसूस किए गए और क्रेते की अग्निशमन सेवाओं को अलर्ट पर रखा गया है।

भूकंप नियोजन और सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष एफथिमियोस लेकास ने राष्ट्रीय प्रसारक ईआरटी से बात करते हुए कहा कि यह संभावना है कि भूकंप का केंद्र समुद्र में स्थित था। ग्रीस कई प्रमुख फॉल्ट लाइनों पर स्थित है और लगातार भूकंपीय गतिविधियों का सामना करता है। यह यूरोप के सबसे भूकंप सक्रिय क्षेत्रों में से एक है, जो अफ्रीकी और यूरेशियाई टेक्टोनिक प्लेटों के बीच जटिल सीमा पर बसा है।

## मुठभेड़ जारी : सुरक्षा बलों ने किश्तवाड़ में 4 आतंकियों को घेरा

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सिंगपोरा इलाके में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। इलाके में तीन से चार आतंकी होने की आशंका है। सुरक्षा बलों को जैसे ही आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली उन्होंने इलाको को चारों तरफ से घेर लिया। अंतराल पर फायरिंग जारी है। सुरक्षाबलों द्वारा आतंकियों को मार गिराने की कोशिश की जा रहा है। फिलहाल पूरे इलाके में किसी भी प्रकार की जनहानि की कोई सूचना नहीं है। नागरिकों की आवाजाही पर पूर्ण रोक लगा दी गई है। आतंकियों की संख्या की फिलहाल पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 3-4 आतंकियों के छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। इससे पहले बीएसएफ ने एक अभियान में जम्मू सीमा पर पांच पाकिस्तानी चौकियों और आतंकवादियों का एक लॉन्चपैड नष्ट कर दिए। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ कमांडेंट चंद्रेश सोना ने बताया कि हमने उनकी गोलीबारी (पाकिस्तान द्वारा) का मुंहतोड़ जवाब दिया। हमने उनकी कई संपत्तियों को नष्ट कर दिया।

## गेस्ट हाउस से मिली करोड़ों की नगदी, पैसा किसका, कहां से आया जांच जारी

धुले। महाराष्ट्र के धुले जिले में सरकारी गेस्ट हाउस में बुधवार देर रात एक करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी मिली। पूर्व विधायक अनिल गोटे ने राज्य विधानमंडल आकलन समिति के सदस्यों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। धुले जिले में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए 11 विधायकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक आकलन समिति यहां पहुंची। इसके लिए गुलमोहर गेस्ट हाउस में जालना विधानसभा क्षेत्र के विधायक अर्जुन खोतकर के निजी सहायक किशोर पाटिल के नाम पर पिछले 4 से 5 दिनों से एक कमरा बुक था। बाद में सरकारी गेस्ट हाउस के इस कमरे में 1 करोड़ 84 लाख 84 हजार 200 रुपए की नकदी मिली।

पूर्व विधायक अनिल गोटे ने आरोप लगाया कि आकलन समिति के अध्यक्ष विधायक अर्जुन खोतकर के निजी सहायक ने पैसे वसूले हैं। उन्होंने कहा कि नंदुरबार जिले से अनुमान समिति धुले जिले में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए यहां पहुंची थी। इस समिति के लिए गेस्ट हाउस में कमरा बुक किया था। यह कमरा जालना विधानसभा क्षेत्र के विधायक अर्जुन खोतकर के निजी सहायक किशोर पाटिल के नाम पर बुक था।

उन्होंने कहा कि आकलन समिति के प्रतिनिधिमंडल के वहां पहुंचने के बाद जिले के विकास कार्यों में गड़बड़िया पाई।

अनिल गोटे ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कई सरकारी दफ्तरों से करोड़ों रुपए गुलमोहर सरकारी गेस्ट हाउस में ट्रांसफर किए गए हैं। इसको देखते हुए उनके कार्यकर्ताओं ने दोपहर से ही गेस्ट हाउस पर पहरा लगा दिया था। उन्होंने इस संबंध में धुले जिला कलेक्टर, एसपी और अन्य अधिकारियों से भी संपर्क किया। अनिल गोटे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक भी अधिकारी ने इस जगह का दौरा नहीं किया। अनिल गोटे खुद पांच घंटे तक बंद कमरे के बाहर बैठे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस जगह पर सरकारी दफ्तर से करोड़ों रुपए आए हैं। इसके बाद देर रात जिला प्रशासन और पुलिस ने सरकारी रेस्ट हाउस के कमरा नंबर 102 का ताला तोड़कर जांच की।

## ईडी को फटकारते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आप सारी सीमाएं लांघ रहे

### तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन घोटाला मामले की कार्यवाही पर रोक लगाने को कहा

नई दिल्ली। तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन में हुए घोटाले की जांच कर रही ईडी को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। चीफ जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी सीमाएं लांघ रही है। उन्होंने ईडी पर संविधान के उल्लंघन के आरोप लगाए। कोर्ट ने कार्यवाही पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। साथ ही ईडी से जवाब मांगा है।



गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई चल रही थी। याचिका में मद्रास हाईकोर्ट की ओर से ईडी को मिली जांच की स्वतंत्रता को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने ईडी को 1 हजार करोड़ रुपए के घोटाले की जांच के लिए खुली छूट दे दी थी। सीजेआई गवई ने कहा कि यह अपराध निगम के खिलाफ कैसे हो सकता है? ईडी सभी सीमाएं लांघ रहा है। कार्यवाही पर रोक लगाएं। जब अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर है, तो वहां ईडी क्यों जा रही है। ईडी हलफनामा दाखिल करे।

सीजेआई ने कहा कि ईडी संविधान का उल्लंघन कर रही है। ईडी वाकई सीमाएं लांघ रही है। इसपर एएसजी एसवी राजू ने कहा कि यहां एक बहुत बड़ा घोटाला है। मुझे जवाब दाखिल करने दें। सीजेआई ने कहा कि ईडी संघीय ढांचे को तबाह कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाही पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

मार्च में एजेंसी ने दावा किया था कि तसमेक के काम में कई अनियमितताएं मिली हैं। साथ ही ईडी ने कहा था कि 1000 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी भी मिली थी। ईडी ने कीमत तय करने में भी धोखाधड़ी किए जाने की बात कही थी। इसके साथ ही ईडी लगातार छापे भी मार रही थी। बीते सप्ताह ही छापा मारा था और उस दौरान पीएमएलए के तहत 10 ठिकानों की तलाशी ली गई थी। ईडी का दावा था कि उसे छेड़छाड़ किया गया डेटा मिला था, जिससे संकेत मिल रहे थे कि टेंडर वितरण के समय धोखाधड़ी की गई थी। इसके बाद तमिलनाडु के एक्साइज मंत्री ने ईडी पर सरकारी अधिकारियों को परेशान करने और राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई के आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि ईडी के पास अनियमितताओं को लेकर कोई सबूत नहीं हैं।

# मौसम में लगातार बदलाव का स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा असर

## बड़ी संख्या में वायरल, संक्रमण का शिकार होकर उपचार कराने पहुंचे रहे आमजन, मौसम में उतार चढ़ाव का क्रम जारी ,दिनभर छाए रहे बादल, ग्रामीणों अंचलों में तेज हवाओं के साथ हुई बूंदा बांदी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। मौसम में लगातार बदलाव का अब सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पडने लगा है। कभी कड़ी धूप तो अचानक हो रही बारिश के पानी से वायरल, संक्रमण और मलेरिया जैसी बीमारी से लोग ग्रसित हो रहे है। गुरूवार को भी सुबह से आसमान में बादल छाए रहे ।उधर देर शाम ग्रामीण अंचलों में तेज हवाओं चली और बारिश होने की संभावना बनी रही। लेकिन बारिश नहीं हुई। जिले के कुछ ग्रामीण अंचलों में बिजली भी गुल हो गई और लोगों को उमस का सामना करना पड़ा। गुरूवार को जिले के बिरसा व बैहर क्षेत्र में हल्की बारिश होने से भी उमस बढ़ गई है। मौसम में अचानक हो रहे उतार चढ़ाव से शरीर के तापमान भी प्रभावित हो रहा है और विशेषज्ञ इसी ठंडे गर्म मौसम से कई बीमारियों व रोग उत्पन्न होने की बात कह रहे हैं। जिनके द्वारा सावधानी बरतने की सलाह मरीजों को दी जा रही है।



### अस्पताल पहुंच रहे मरीज

जलजनित रोगों से पीड़ित मरीज भी जिला अस्पताल में पहुंच रहे है। वर्तमान में मौसमी बीमारी के तीन दर्जन से अधिक मरीज अस्पताल में इलाज करवा रहें है। डॉक्टरों के मुताबिक भर्ती मरीजों में वायरल इंनफेक्शन की शिकायत है। यह सब दूषित पेयजल पीने और मौसम के बदलाव के कारण हो रहा है।

### पेट और सर दर्द के मरीज अधिक

जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड से मिली जानकारी के अनुसार विगत तीन चार दिनों से पेट दर्द के मरीज अधिक आ रहे है। किसी को उल्टी-दस्त, तो किसी की पाचन क्रिया बिगड़ गई है। इन सब बीमारियों से अधिक बच्चे प्रभावित हो रहे है। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने से ये संक्रमण की जल्द चपेट में आ रहे है।

### लोगो के ऐसे मौसम में सतर्क रहने की जरूरत है- जैन

मौसम में लगातार उतार चढ़ाव से स्वास्थ्य पर पड़ रहे असर को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉ निलय जैन ने बताया कि ऐसे मौसम में लोगो को अपनी सेहत का भरपूर ख्याल रखना चाहिए। घर से निकलते समय मुंह में कपड़ा बांधना चाहिए। खुले में बिक रही सामग्रियों को नहीं खानी चाहिए ।खाना भी हो सके तो गर्म करके ही खाना चाहिए। गर्म भोजन में कीटाणु खत्म हो जाते है ।लोगो के ऐसे मौसम में सतर्क रहने की जरूरत है।

# निर्वाचन में दिव्यांगों व वरिष्ठजनों की अधिक सहभागिता बढाने के लिए जिला और विधानसभा स्तरीय समितियां हुई गठित

## जिला के साथ ही 06 विधानसभा क्षेत्रों में निगरानी समिति होगी तैनात

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मुख्य निर्वाचन पदाअधिकारी द्वारा जारी निर्देशो के परिपालन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीएस धुर्वे द्वारा जिला स्तरीय तथा विधानसभा स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन में दिव्यांग मतदाताओं एवं वरिष्ठजनों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी सुनिश्चित करने तथा उन्हें दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपायों को कारगर बनाकर सुलभ चुनाव संपादित कराने के लिए जिला स्तरीय और विधानसभा स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धुर्वे द्वारा बालाघाट जिले के साथ ही 6 विधानसभा क्षेत्रों में भी निगरानी समिति गठित की गई है। जिला स्तरीय समिति कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में सीईओ जिला पंचायत, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्त जनकल्याण अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र तथा सहायक संचालक जनसंपर्क बालाघाट को शामिल किया गया है। इसी तरह विधानसभा स्तरीय समिति में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम, जनपद सीईओ, एसडीओपी, बीएमओ, बीईओ एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को शामिल किया गया है।

# नक्सली प्रभावित सोनगुड्डा क्षेत्र में चलाया जा रहा है नशा मुक्ति अभियान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। सुदूर वनांचल आदिवासी नक्सली प्रभावित क्षेत्र सोनगुड्डा के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति समिति के द्वारा ग्राम चारघाट में भी नशा मुक्ति समिति का गठन किया गया। नशा मुक्ति समिति की बैठक में फूलसिह मेरावी सरपंच दड़कसा, चंदन सिंह उइके सरपंच डाबरी,धर्मसिंह सैयाम,अनिल बल्के, असरु आमाडारे, ब्रजलाल पुसाम, सूरज पुसाम, जयचंद उइके, महिलाओं में श्रीमती लक्ष्मीबाई धुर्वे, श्रीमती राजकुंवर मेंरावी,श्रीमती सहार कुंवर मरकाम, श्रीमती सीताबाई, श्रीमती बसंती कोडापे, श्रीमती मनीता उइके सहित भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे। अखिल भारतीय आदिवासी समाज ग्राम पंचायत सोनगुड्डा के अंतर्गत चारघाट में बैठक आयोजित की गई थी। ग्राम सभा में बैठक की अध्यक्षता चैनसिंह पुसाम, बुधसिंह मरकाम के संरक्षक में रखी गई थी। जिसमें यह बात रखी गई थी कि ग्राम चारघाट के चारों टोलो में कच्ची पक्की शराब का विक्रय किया जाता है जिससे गांव के नौजवान साथी तथा बूढ़े बुजुर्ग एवं माताएं भी शराब का सेवन कर रहे हैं। जिससे गांव का वातावरण बिगड़ रहा है। आए दिन दंगा फसाद होते रहता है। सर्व आदिवासी समाज द्वारा चिंतन मनन करके शराब को प्रतिबंध करने को कहा गया और आदिवासी समाज के द्वारा अपने रूडी प्रथा एवं नेग सेंग पर विचार विमर्श किया गया। ग्राम सभा में तेंदूपत्ता पर भी चर्चा करके प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किया गया। इसी तरह की बैठक ग्राम पंचायत दुल्लापुर में रखी गई। वही नशा मुक्ति समिति के द्वारा भारी संख्या में कच्ची एवं पक्की शराब भी पकड़ी गई।



# 3 किलो 480 ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ बिहार का एक युवक गिरफ्तार

## कायदी गोली कांड का भी आरोपी है मिन्ना तुल्लाह, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जिला जेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। हट्टा पुलिस ने लिंगा रोड ग्राम हट्टा टोला से खैरगांव के बीच एक स्कूटी सवार को 3 किलो 480 ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार स्कूटी चालक मिन्नातुल्लाह उर्फ आर्यन पिता शेख इस्लाम 26 वर्ष ग्राम बनियाटोली भेलागंज थाना बलिया बैलून जिला कटिहार बिहार निवासी है। 21 मई की रात्रि 10:00 बजे करीब इस आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह बालाघाट से स्कूटी में गांजा लेकर हट्टा की ओर जा रहा था। जिसके पास से जप्त गंजे की कीमत 40 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार इस आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिन्ना तुल्लाह उर्फ आर्यन बालाघाट में रहकर पोकलैंड चलाने का काम करता था। पिछले वर्ष ग्राम कायदी की आवास कालोनी मैं हुए गोलीकांड का भी वह सहआरोपी था जो तीन माह पहले ही जमानत पर छूटा हुआ था और वह गोली कांड के मुख्य आरोपी की बहन के घर ग्राम डोंगरिया में रहता था। 21 मई की शाम को हट्टा पुलिस थाने में सूचना मिली कि एक युवक स्कूटी में बालाघाट से मादक पदार्थ गांजा लेकर हट्टा की ओर आ रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी अविनाश कुमार राठौर के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार पटले प्रधान आरक्षक निखिलेश अग्निहोत्री और प्रधान आरक्षक संतोष पारधी सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों ने हट्टा से लिंगा रोड पर स्कूटी सवार की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान रात्रि 10ः00 बजे खैरगांव से हट्टा टोला के बीच बिना नंबर की लाल काले रंग की स्कूटी को रोक और स्कूटी चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मिन्ना तुल्लाह उर्फ आर्यन बिहार निवासी बताया। जिसकी स्कूटी की डिक्की चेक करने पर उसमें मादक पदार्थ गांजा पाया गया। 3 किलो 480 ग्राम गांजा चार पैकेट में भरा हुआ था। जिसकी कीमत 40हजार रुपये बताई गई है ।स्कूटी की डिक्की के अंदर स्कूटी की नंबर प्लेट रखी हुई थी जिसमें एमपी 50 जेड डी 2494 लिखा हुआ था। यह आरोपी मिन्ना तुल्लाह उर्फ आर्यन ने इस मादक पदार्थ गांजे को बालाघाट बस स्टैंड से हट्टा के आगे ले जाने के संबंध में बताया। मिन्ना तुल्लाह उर्फ आर्यन के पास मादक पदार्थ गांजा रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए जो इस मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से अपने कब्जे में रखा हुआ था। हट्टा पुलिस ने 3 किलो 480 किलोग्राम गांजा को अवैध रूप से रखने के आरोप में मिन्ना तूल्लाह उर्फ आर्यन को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किये तथा गांजे के इस परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी भी जप्त की गई। 22 में को हट्टा पुलिस ने मिन्ना तुल्लाह उर्फ आर्यन को बालाघाट की विशेष अदालत में पेश कर दिए। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।




# श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी का पुनर्गठन सम्पन्न

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष बने वीरेंद्र कुमार जैन कार्यकारिणी का भी किया गया विस्तार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी का पिछले दिनों पुनर्गठन कर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है ।जहां कार्यकारिणी के पुनर्गठन में विरेन्द्र कुमार जैन को नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में चुना गया ।जहां नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कमेटी का सचिव अजय स्वरूपचंद जैन को बनाया, तो वही उपाध्यक्ष की कमान दीपक जैन के हाथों में सौपी गई है ।इसी तरह निलेश जैन (वाकलीवाल)को कोषाध्यक्ष बनाया गया है ।इसी प्रकार सह सचिव सिंघई अमन जैन, एवं मयंक जैन को बनाया बनाकर सह उपाध्यक्ष नितिन जैन एवं गौरव जैन को बनाया गया है ।वही सहकोषाध्यक्ष यशेष मोदी जैन एवं प्रतीक प्रकाशचंद्र जैन को बनाया गया है ।तो वही कार्यकारिणी सदस्य में प्रखर संगीता जैन, सम्यक जैन, प्रसन्न जैन, नीरज रमेशचंद जैन, प्रांजल प्रवीण जैन, सुनील (राजू)जैन, सुदीप जैन, मयंक नारद, शक्ति जैन, प्रखर( पीलू ) प्रवीणजैन, आकाश अशोक जैन, अनुराग जैन बजाज,दीपेंद्र जैन (बोटा) ,संदीप (गुल्ली) जैन को शामिल किया गया है। संरक्षक मंडल में सिंघई जयकुमार जैन, डॉ. आरके जैन, एल.सी. जैन, अजीत कुमार जैन, विजय कुमार जैन, दीपक रतन चंद जैन,को शामिल किया गया है। जिन्होंने चातुर्मास हेतु गुरु भगवंत के दर्शन के लिए आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए 22 मई गुरुवार को जबलपुर जाकर आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।



# 36 वी जिला स्तरीय तैरागी प्रतियोगिता 25 मई को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। जिला तैराकी संघ बालाघाट के कोषाध्यक्ष के के अग्रवाल ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिला तैराकी संघ बालाघाट के तत्वाधान में 25 मई 2025 को 36वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल डोंगरिया के स्विमिंग पूल में प्रात: 7:00 से आयोजित की जाएगी। तैराकी प्रतियोगिता विभिन्न विधाओं में फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक एवं बटर फ्लाई तथा रेले जोकि बालक बालिका जूनियर ग्रुप ,एवं सब जूनियर ग्रुप और सीनियर ग्रुप के खिलाड़ी की उम्र अनुसार ग्रुप फस्ट सीनियर आयु 15 से 17 वर्ष, ग्रुप सेकंड आयु 12 से 14 वर्ष, ग्रुप थर्ड आयु 10 से 11 वर्ष एवं फोर्थ आयु 8 से 9 वर्ष भाग ले सकेंगे। समस्त तैराकी प्रतियोगिताएं जबलपुर से आए एन. आई. एस. तैराकी कोच प्रशांत कुशवाहा योगेंद्र सिंह ठाकुर अनीता पन्द्राम के मार्गदर्शन में संपन्न होगी। तैराकी प्रतियोगिताएं 25 मीटर, 50 मीटर,100 मीटर 200 मीटर और 400 मीटर में होगी। बालक,बालिकाओं के सभी आयु वर्गों में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालक,बालिका अपने नाम एवं इवेंट आयु अनुसार आयु सत्यापन हेतु जन्म प्रमाण पत्र अंक सूची की मूल प्रति के साथ अंतिम तिथि 23 मई 2025 को सांय 7:30 तक तैराकी संघ के कार्यालय धनराज काम्प्लेक्स अथवा प्रात: बजरंग घाट में पंजीयन करा लेवे। जिला तैराकी संघ बालाघाट के कोषाध्यक्ष श्री अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी तैराक को इस वर्ष खंडवा शहर में स्थित नगर पालिका के स्विमिंग पूल में 1 जून से 5 जून 2025 तक आयोजित 53 वी राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता चैंपियनशिप 2025 में बालाघाट टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि तैराकी संघ के अध्यक्ष संजीव भाऊ अग्रवाल एवं सचिव महेंद्र सुराना, उपाध्यक्ष नितेंद्र श्रीवास्तव, शिव मुनेश्वर, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, उत्पान सिंह ठाकुर, संजय भोयरकर, मनीष सोनी, मन्नू इसरानी नितिन हरिनखेड़े, विनोद तेजवानी, प्रवेश वैध,रमेश ठाकरे,बंटी अमित नेमा, मोती दत्ता,डहरिया जी, ज्ञानी राम बाहे, दीपक कसार,महेंद्र रामटेककर योगेश तिवड़े,संजय सावलानी एवं नीलेश कसार,श्रीमती सुषमा नाविका श्रीमती ज्योति राहंगडाले, श्रीमती स्वाति टेम्भरे ने तैराकों से अपील की है कि जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक तैराक तैराकी संघ के पदाधिकारी एवं कोच से संपर्क कर अपना पंजीयन कर सकते हैं।

**विक्रय/किराये से देना है**

श्याम टॉकीज एण्ड मॉल मेन रोड ग्राउंड फ्लोर एवं उसके उपर के दो फ्लोर (फ्लोर हाइट 15 फीट) पर स्थित कुल एरिया 3000 वर्गफीट का हाल/ दुकान/, बेचना/ किराये से देना है

-संपर्क-
8817024586, 9201340520

# टीबी मुक्त पंचायत अभियान में जिले की पटवा पंचायत राज्यपाल द्वारा हुई सम्मानित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा जिले की बैहर तहसील की ग्राम पंचायत पटवा को टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत राजभवन भोपाल के सांदीपनि सभागार में सम्मानित किया गया है। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग संदीप यादव, स्वास्थ्य आयुक्त तरूण राठी, मिशन संचालक डॉ.सलोनी सिडाना प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। वहीं राज्य स्तरीय समारोह में जिले से पुरस्कार प्राप्त करने के लिए सीएमएचओ डॉ. उपलप के साथ उनकी टीम उपस्थित रहीं। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी वर्ष 2023 में जिले को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बेस्ट परफॉरमेंस अवार्ड प्रदान किया जा चुका है। राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय यकृत मिशन का शुभारंभ किया गया। जिले की पटवा ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत अभियान में रजत वर्ग सम्मान मिलने पर कलेक्टर मृणाल मीना, जिपं सीईओ अभिशेक सराफ ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी है।




# हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाईन आवेदन 7 से 21 मई तक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा समस्त मान्यप्राप्त संस्थाएं एवं अग्रेषण संस्थाएं प्राचार्यो को निर्देश जारी किए गए है। सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एमपी ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से 07 मई से 21 मई की रात्रि 12 बजे तक आवेदन पत्र भरने की तिथि नियत की गई है। वहीं छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुये हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 2025 के लिये ऑन लाईन परीक्षाफार्म भरने की पुन्न: तिथि निर्धारित की गई है। साथ ही हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये 25 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। इस तिथि के पश्चात कोई भी छात्र अपने उत्तीर्ण विषयों में अंकसूधार के लिये आवेदन नहीं कर सकेगा। इसके साथ ही हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 31 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑन लाईन आवेदन कर सकेंगे।



मुकेश सेन, कृष्णा सेन

हमारे प्यारे मम्मी पापा को 50 वीं वैवाहिक वर्षगांठ की अनंत शुभकामनाएं

शुभेच्छु- पुत्र पुत्रवधू अमरदीप-सपना सेन, संदीप-ममता सेन
बेटी दामाद राजेश अमर-'योति सराठे
अतुल, सुजल, ईशांत, पावनी, वाहिनी, चित्रांशा सेन एवं समस्त सेन परिवार लालबर्रा

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली**

उचित दाम पर उपलब्ध

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

-निर्माता-

तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# जिले में रस्सी के सहारे दौड़ रही 108 एंबुलेंस

## मेंटेनेंस के अभाव में वेंटिलेटर पर स्वास्थ्य सेवा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, बैहर, बिरसा, बिठली जैसे दुरांचल क्षेत्र में नहीं है 108 की एम्बुलेंस

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज़ )। जिले में जीवनदायिनी के रूप में गंभीर मरीज और सडक हादसों में घायलों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने वाली 108 एम्बुलेंस की सांसे भी अब फूलने लगी है। कुछ में जीवन रक्षक उपकरणों की कमी है। हालात यह है कि 108 एम्बुलेंस गंभीर रोगियों को अस्पताल लाते-लाते खुद थक गई है। इन एम्बुलेंसों का संचालन करने वाले वाहन चालक बताते हैं कि अधिकतर एंबुलेंस का मेंटेनेंस कार्य आ जाने के बावजूद भी संबंधित एजेंसी द्वारा इनका मेंटेनेंस नहीं कराया जा रहा है। कुछ एंबुलेंस बीते दिनों से मेंटेनेंस के अभाव में बंद हो गई है। उन्हें अभी भी सुधारा नहीं जा रहा है । जिसमें बैहर, बिरसा, बिठली, वारासिवनी जैसे कई दूरस्थ क्षेत्रों में आज 108 एंबुलेंस नहीं है यहाँ दूसरे क्षेत्र की 108 एंबुलेंस बुलाकर काम चलाया जा रहा है। कुछ एंबुलेंस का मेंटेनेंस नही होने से उन्हें रस्सी बांधकर उनके दरवाजों को वाहन से बांधा रखा गया है , जबकि इस प्रकार रस्सी से बांधकर एंबुलेंस का संचालन करना खतरे से खाली नहीं है । विभाग भी इस ओर गंभीर नहीं है , माना जा रहा है कि कभी भी मरीज को लाते समय इन 108 एंबुलेंस में बड़ा हादसा घटित हो सकता है।**

आपको बता दे कि बीमारों के इलाज के लिए इमरजेंसी में अस्पताल पहुंचाने वाली 108 एम्बुलेंस गाडियां खुद बीमार हो चुकी है। समय पर मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से इन गाडियों में आए दिन कोइ न कोई खराबी लगी रहती है। परेशानी की बात यह है कि इन वाहनों के टायरों की निर्धारित आयु समाप्त हो गई है। मेंटेनेंस न होने से इंजनों में बार-बार खराबी आ रही है। इसके बावजूद 108 एम्बुलेंस सेवा संचालनकर्ता कंपनी बेहतर सेवा का दावा कर रही है। इसी तरह कुछ गाड़ी अधिक भी चल चुकी है। जिला अस्पताल परिसर में रहने वाली एंडवासलाइफ सपोर्ट वाली एयरकंडीशनर गाड़ी की स्थिति भी बेहद खराब है। इनमे कुछ उपकरण और एसी आदि सभी खराब व बंद पड़े है। इसके वाबजूद सिर्फ इस वाहन को दौड़ाया जा रहा है। जबकि स्वयं इन गाड़ियों का संचालन करने वाले वाहन चालक भी बताते हैं कि इन गाड़ियों का मेंटेनेंस का समय अधिक हो गया है । बावजूद भी मेंटेनेंस नहीं किया जा रहा है । जिले को 21 एम्बुलेंस 108 की मिली थी। जिसमें से इन दिनों छः 108 एम्बुलेंस बंद है। जिसमें चार एंबुलेंस मेंटेनेंस के अभाव में बंद है तो दो एंबुलेंस अलग-अलग काम आने से बंद है । बताया जाता है कि 15000 किलोमीटर एंबुलेंस चलने के बाद




इनका मेंटेनेंस का कार्य हो जाना चाहिए किंतु आज 22000 किलोमीटर चलने के बावजूद भी 108 एंबुलेंस का मेंटेनेंस का कार्य नहीं किया गया है । सभी 108 एंबुलेंस की एसी बंद हो चुकी है। जबकि यदि किसी बर्न के मरीज को लाना है तो उसके लिए सबसे बड़ी दिक्कत खड़ी हो जाएगी। वही इस विषय को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी उतना सक्रिय नजर नहीं आ रहा है। जबकि यह समस्या कई महीनो से चली आ रही है ।

### रस्सी के सहारे दौड़ रही 108 एम्बुलेंस

जिले में किसी भी आपातकालीन स्थिति की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस को सूचित कर शासन की योजना अनुसार गंभीर मरीजों को इसकी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। जिसमें सर्वप्रथम सड़क हादसे, गर्भवती महिला सहित विभिन्न प्रकार की आपात स्थिति को देखते हुए 108 एंबुलेंस को डायल किया जाता है और 108 एंबुलेंस की सेवा ली जाती है , किंतु इन दिनों आपातकाल में सेवा देने वाली यह 108 की एंबुलेंस खुद ही मेंटेनेंस के अभाव में दम तोड़ते नजर आ रही है। इन एम्बुलेंसों को चलाने वाले वाहन चालकों के द्वारा मेंटेनेंस के अभाव में इन एंबुलेंस को रस्सी के सहारे बांध कर रखा गया है । जिसका एक उदाहरण जिला चिकित्सालय में खड़ी एक 108 एंबुलेंस में देखने को मिला । जहां 108 एंबुलेंस वाहन का मेंटेनेंस नही होने से एंबुलेंस का दरवाजा टूट रहा था । जिसे वाहन चालक द्वारा रस्सी से बांधकर इस 108 एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा हैं जो काफी खतरनाक भी साबित हो सकता है।

### छह 108 एंबुलेंस है जिले में बंद

जिले में 108 एंबुलेंस 21 दी गई थी, जिसमें इन दिनों छः एंबुलेंस बंद है। जिसमें चार एंबुलेंस का मेंटेनेंस कार्य होना है तो वही दो एंबुलेंस अलग-अलग काम होने से बंद हो गई है। जिसमें बैहर, बिरसा, बिठली, वारासिवनी की एम्बुलेंस बंद होने से इन क्षेत्रों में अन्य दूसरे क्षेत्रों की एंबुलेंस के भरोसे काम चल रहा है । जबकि यह क्षेत्र जिला मुख्यालय से दूरस्थ क्षेत्र है। जहां पर यदि अतिआवश्यक सेवा की आवश्यकता पड़ती है तो मरीज को जल्द से जल्द 108 की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाएगी।

### कुछ एंबुलेंस में मेंटेनेंस का कार्य होना है - शुभम लिल्हारे

इस विषय को लेकर जब हमारे द्वारा जिले में 108 एंबुलेंस की सेवाओं का काम देखने वाले संबंधित शुभम लिल्हारे से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने भी बताया कि कुछ एंबुलेंस में मेंटेनेंस का कार्य होना है। और जिन क्षेत्र की एम्बुलेंस नहीं है उन क्षेत्रों में दूसरे क्षेत्र की एंबुलेंस को भेज कर सेवाएं दी जा रही है। इसकी विभाग को जानकारी भी भेज दी गई है।

### इस विषय पर संज्ञान लेंगे - परेश उपलव

जब हमारे द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परेश उपलव से दूरभाष पर इन सब विषय को लेकर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा इस विषय को मेरे संज्ञान में लाया गया है। रस्सी से बांधकर दरवाजे लटक रहे हैं। इसकी जानकारी नहीं है। जल्द ही इस विषय पर संज्ञान लेंगे और अति आवश्यक सेवाओं में चलने वाली 108 एंबुलेंस की सेवा को दुरुस्त करवाएंगे।

# बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा लगाए जाने को लेकर भीम आर्मी ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के नाम सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। भीम आर्मी सेना बालाघाट द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा न्यायालय परिसरों में लगाए जाने को लेकर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के नाम



बालाघाट कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है, उनके द्वारा बताया गया कि बीते दिनों ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा लगाई जानी थी पर प्रतिमा लगाए जाने को लेकर कुछ अधिवक्ताओं ने विरोध किया था और प्रतिमा नही लगने दिया , प्रतिमा लगाए जाने को लेकर भीम आर्मी अब जगह जगह ज्ञापन सौंप रही है, भीम आर्मी के पदाधिकारी का मानना है कि बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा सभी न्यायालय परिसर में लगाई जाए, इसके लिए वह प्रदर्शन कर रहे हैं और जब तक प्रतिमाएं नहीं लगाई जाती वह अपना विरोध जारी रखेंगे। आपको बता दे कि ग्वालियर हाईकोर्ट में डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा लगाने के विरोध में खड़े अधिवक्ताओं के खिलाफ, भीम आर्मी सेना ने मोर्चा खोल दिया है। गुरूवार को पूरे प्रदेश सहित जिले में भीम आर्मी सेना ने प्रतिमा लगाए जाने की मांग को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के नाम, कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। जिसमें संविधान निर्माता की प्रतिमा लगाने का विरोध करने वालो पर एनएसए के तहत कार्यवाही किए जाने की मांग की। भीम आर्मी सेना जिलाध्यक्ष रितेश बोरकर ने घटना को निंदा करते हुए बताया कि हाईकोर्ट के निर्णय के बाद प्रतिमा लगनी थी लेकिन कुछ मनुवादी विचारधारा के लोग, इसका विरोध कर रहे है। संविधान निर्माता और पहले कानून मंत्री का विरोध, साफ जाहिर करता है कि आज भी, उनके प्रति घृणा और नफरत करते है, जो सीधे संविधान से नफरत करते है, जिन पर एनएसए के तहत कार्यवाही की जाए। भीम आर्मी सेना मांग करती है कि जल्द ही ना केवल ग्वालियर हाईकोर्ट में बाबा साहब आम्बेडर की प्रतिमा स्थापित की जाए, बल्कि सभी कोर्ट में बाबा साहब की प्रतिमा को लगाया जाए। हाईकोर्ट ग्वालियर की बेंच परिसर में डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा लगाया जाना था। जिसके लिए चंदा एकत्रित कर प्रतिमा तैयार भी करा ली गई है लेकिन, यहां अधिवक्ता ही प्रतिमा लगने के विरोध में खड़े हो गए है। जिस मामले में भीम आर्मी सेना के दखल के बाद, यह मामला और गर्म हो गया है। गुरूवार को मुख्यालय में भीम आर्मी सेना के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के नाम ज्ञापन सौंपा और प्रतिमा लगाने तथा प्रतिमा लगाने के विरोध में खड़े लोगों पर कार्यवाही की मांग की।

# महिला नेतृत्व में सफल रहा ऑपरेशन सिंदूर

## ऑपरेशन सिंदूर में महिलाओं के योगदान को किया गया याद, राम मंदिर में बैठक कर, नगर में निकाली गई शौर्य सम्मान यात्रा , तिरंगा बाइक रैली निकालकर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। जिसका नेतृत्व मातृशक्ति के हाथों में दिया गया था जो पूर्ण रूप से सफल रहा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर वहां स्थित कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। जहां ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पूरे देश में भारतीय सेना की सम्मान में शौर्य सम्मान व तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राष्ट्र सेविका समिति और राष्ट्रीय स्वयं संघ के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार 22 मई की शाम गोंदिया रोड स्थित नये श्रीराम मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर इस ऑपरेशन में मातृशक्ति के योगदान को याद किया गया। तो वही बैठक के तुरंत बाद भारतीय सेना के सम्मान में मंदिर से शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई रैली के पूर्व श्रीराम मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा व ऑपरेशन सिंदूर में मातृशक्ति का योगदान विषय पर शिक्षाविद् समाजसेवी लता एलकर व सृष्टि अंधारे सहित अन्य वक्ताओं द्वारा अपने विचार रखे गये। जिसके तुरंत बाद मातृ शक्ति संगठन से जुड़ी महिलाओ ने मंदिर से शौर्य सम्मान यात्रा



निकाली। जहां यात्रा में शामिल महिलाएं बाईक में तिरंगा लेकर भारत माता की जयघोष करती नजर आई।राष्ट्र सेविका समिति और राष्ट्रीय स्वयं संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह शौर्य सम्मान यात्रा श्रीराम मंदिर से आम्बेडकर चौक, कालीपुतली चौक से मेन रोड होते हुये राजघाट चौक से महावीर चौक, हनुमान चौक से वापस नये श्रीराम मंदिर पहुची। जहा इस यात्रा का समापन किया गया।जहां आतंकी हमले में हुये शहीदों को श्रद्धाजंलि दी गई।इस दौरान राष्ट्र सेविका समिति और राष्ट्रीय स्वयं संघ की समस्त पदाधिकारी सदस्य महिलाओं के अलावा कार्यक्रम में काफी संख्या में मातृशक्ति व स्वयं सेवक महिलाए प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

### ऑपरेशन सिंदूर में मातृ शक्ति का योगदान है- स्वाति जोश

आयोजित कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा के दौरान राष्ट्र सेविका समिति की नगर बौद्धिक प्रमुख श्रीमती स्वाति जोशी ने बताया कि श्रीनगर के पहलगाम में आतंकवादियों ने आतंकी हमलों कर निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस हमले का जवाब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर दिया है।जिसमे आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया।ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व इस ऑपरेशन में मातृशक्ति के योगदान को लेकर आज नये श्रीराम मंदिर में वक्तव्य व शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रमुख वक्ता श्रीमती लता एलकर व सृष्टि अंधारे द्वारा देश की वीर मातृशक्तियों के जीवन चरित्र पर संक्षिप्त में प्रकाश डालते हुये वर्तमान समय में हर क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता के बारे में अपने विचार व्यक्त किये।

# सडक निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत सोनपुरी के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। बैहर क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत सोनपुरी के पहुंच मार्ग को दुरुस्त करने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है , जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई वर्षों से ग्राम नकटाटोला तक पहुंच मार्ग को नहीं बनाया गया है जिस कारण आज ग्रामीणों को आने-जाने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है, यहां यदि बरसात के समय में स्वास्थ्य सेवाएं हेतु एंबुलेंस ग्राम में नहीं पहुंच पाती है, तो बच्चे बरसात के समय स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं, उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनके क्षेत्र की रोड को जल्द से जल्द बनाया जाए । आपको बता दे कि आदिवासी बाहुल्य बैहर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनपुरी के ग्राम नारंगी के ग्रामीणों ने सडक की समस्या को लेकर 22 मई को ग्राम पंचायत सरपंच सुनील उइके के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम नारंगी से नकटाटोला को जोडने् वाली सडक गत दो वर्ष से पूरी तरह बदहाल हो गई है। जिससे इस मार्ग से आवागमन में काफी



दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश के समय इस मार्ग से आवागमन करना पूरी तरह बाधित हो जाता है। जिससे किसानों व स्कूली बच्चों एवं मरीजों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि ये समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। लेकिन गत वर्ष से सडक की हालत पूरी तरह खराब हो गई है। बारिश में इस मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सडक पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है और कई जगहों पर कीचड़ व जलभराव के कारण आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गयी है। सडक निर्माण की मांग को लेकर पूर्व में चार-पांच बार ज्ञापन दिया गया है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा महज आश्वासन ही दिया जा रहा है लेकिन इस समस्या का निराकरण करने अमल नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि आगामी दिनों में बारिश का मौसम शुरू होने वाला है, ऐसे में सडक की स्थिति और भी बदहाल हो जाएगी। सडक का निर्माण नहीं किया गया तो बारिश के दिनों में बच्चों का स्कूल जाना व किसानों का खेतों में आवागमन दूभर हो जाएंगा। इसके अलावा गांव में किसी की तबियत खराब होने पर उसे अस्पताल पहुंचने में काफी कठिनाईयां झेलनी पड़ेगी। गांव में सडक बदहाल होने से एम्बुलेंस सेवाएं, दोपहिया व चौपहिया वाहन भी नहीं पहुंच पाते है।

### 5 से 6 किलोमीटर घूम कर आना पड़ता हैं

ग्रामीण जयपाल पंद्रे और शुभम उइके बताते हैं कि ग्राम में कई वर्षों से रोड की समस्या बनी हुई है ,जबकि उनके द्वारा अनेकों बार पक्की रोड बनाए जाने को लेकर आवेदन, निवेदन किया गया है पर विभाग उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है । उन्होंने यह भी बताया कि कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज ग्राम में पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है । वह बताते हैं की बरसात में मार्ग पूरी तरह से बंद हो जाएगा और उन्हें 5 से 6 किलोमीटर घूम कर आना पड़ेगा, क्षेत्र अति नक्सल प्रभावित की गिनती में भी आता है तो इस दृष्टि से भी संबंधित विभाग को प्राथमिकता के अनुसार पक्का मार्ग बनाना चाहिए ।

# फिर यातायात पुलिस ने की यात्री बसों पर कार्यवाहीं

## यातायात प्रभारी ने कहा बसों में जा रही ओवरलोड सवारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। यातायात पुलिस द्वारा फिर एक बार जिले में संचालित होने वाली यात्री बसों पर कार्रवाई की गई है। जिसमें यातायात थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि उनकी कार्रवाई बीते कुछ दिनों से लगातार चल रही है। जिसमें यात्री बसों में सुधार नहीं आ रहा है। अभी भी बसों में बहुत सी खामियां देखने मिल रही है बसों में ओवरलोड सवारी अग्निशामक यंत्र का अभाव अभी भी देखने मिल रहा है जिस पर यातायात पुलिस द्वारा 21 बसों पर चालानी कार्रवाई की गई है । आपको बता दे कि गुरूवार को यातायात विभाग ने स्कूली और यात्री बसों की जांच की। जिसमें यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर जुर्माना कार्यवाही की गई। जिले में बसें, यातायात नियमों का उल्लंघन कर चलाई जा रही है। यह हम नहीं बल्कि, यातायात विभाग की कार्यवाही के दौरान, सामने आया है। विगत एक सप्ताह पहले, जब यातायात विभाग ने यात्री बसो की जांच की थी तो बिना फिटनेस और बीमा के, बसें सड़को पर दौड़ रही थी और गुरूवार को एक हफ्ते बाद भी बसो की जांच में यातायात नियमों का उल्लंघन दिखाई दिया। गुरूवार को यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा और टीम ने, औद्योगिक क्षेत्र गर्रा में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 21 वाहनों पर यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर जुर्माना कार्यवाही की गई। यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारी के मार्गदर्शन में बसो में बीमा, फिटनेस, अग्निशमन यंत्र और मेडिकल कीट की जांच की गई। बसो में बीमा और फिटनेस तो मिला लेकिन अग्निशमन यंत्र और मेडिकल कीट नहीं मिलने पर जुर्माना कार्यवाही की गई।21 बसों पर की गई जुर्माना कार्यवाही में 10 हजार 5 सौ रूपए वसुले गए। जिले में यातायात विभाग की कार्यवाही तो नजर आती है लेकिन परिवहन विभाग की कार्यवाही, भगवान भरोसे है। बसो में टिकिट



दर का कोई चार्ट नहीं है। ताकि यात्री, यह जान सके कि उसके गंतव्य तक का निर्धारित यात्री किराया कितना है। परिवहन विभाग के गंभीर नहीं होने से यात्री बसे, बेखौफ होकर, सड़को पर तेज रफ्तार में दौड़ रही है।

# बिलालकसा पुलिस नक्सली मुठभेड़

## मलाजखंड संयुक्त टांडा एरिया कमेटी के नामजद 19 सहित अन्य नक्सलियों के विरुद्ध अपराध दर्ज



बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। जिले में नक्सली सक्रियता से अति संवेदनशील डाबरी पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले बिलालकसा के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के मामले में लांजी पुलिस थाने में मलाजखंड संयुक्त टांडा एरिया कमेटी के सक्रिय नामजद 19 सहित अन्य नक्सलियों के विरुद्ध पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने करने के आरोप में अपराध दर्ज कर लिया गया। 20 मई को 2:00 बजे करीब डाबरी पुलिस चौकी के बिलालकसा के जंगल में नक्सली होने की सूचना पर पुलिस पार्टी ने इस क्षेत्र में सर्चिंग अभियान शुरू की थी इस दौरान नक्सलियों ने पुलिस पार्टी को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी किंतु पुलिस की जवाबी कार्रवाई में की गई फायरिंग से घबराकर नक्सली घने जंगलों का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गये। पुलिस टीम ने मौके से नक्सलियों द्वारा छोड़े गए सामान भी जप्त किये है। इस घटना की सहायक सेनानी डॉक्टर शक्ति सिंह चौहान एस टी जी-6 हाकफोर्स कैम्प पितकोना चौकी डाबरी द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस थाना लांजी में मलाजखंड संयुक्त टांडा एरिया कमेटी के सक्रिय नक्सली सदस्य विकास उर्फ अनिल नागपुरे, दीपक उर्फ सुधाकर उर्फ मंगल सिंह उर्फ छोटा दीपक उर्फ मेहतर उइके, प्रेम उर्फ प्रवीण उर्फ कुमराम उर्फ कुमराम उर्फ गणपत मड़ावी, रीता उर्फ तुब्बी श्रीरांगु हिड़ामी, संतु उर्फ तिजुराम धर्मसिह पोरेटी, रामसिंग उर्फ सम्पत उर्फ लखन मरावी, वीरू उर्फ वेंकटेश अनुराधा उर्फ बसंती मोहन उर्फ केलु रिंकी उर्फ रोजा, योगेश लालू देवसु जयशीला मायूर सलेश इमला सुमन हुलास व अन्य नक्सली के विरुद्ध धारा 109,191(2) 191(3) 190,61 भारतीय न्याय संहिता 2023 25/27 आर्म्स एक्ट और धारा13(1)(ए),13(1)बी,16(1)बी,20,30 विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 के तहत अपराध दर्ज किया गया है जिसकी विवेचना उप निरीक्षक सुंदरलाल परवार द्वारा की जा रही है।

# एसडीएम ने वारासिवनी में अनाधिकृत कॉलोनी की रजिस्ट्री पर लगाई रोक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एसडीएम वारासिवनी श्री आरआरपांडे ने तहसील वारासिवनी के ग्राम कायदी में अनाधिकृत कॉलोनी की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के आदेश दिए है। जारी आदेशानुसार ग्राम कायदी स्थित भूमि खसरा नंबर 290/1/1 रकबा 0.178 हेक्टे पर भागीदार हरविंदर सिंह द्वारा बिना अनुमति के अवैध प्लाटिंग और कॉलोनी विकसित की जा रही है। इस भूमि पर सरकारी भूमि पर बाउंड्रीवाल निर्माण किया गया है। इस कारण से भू-खण्ड के खरीद-फरोख्त और रजिस्ट्री पर आगामी आदेश तक रोक लगाई गई है।

# सिविल डिफेंस वालेंटियर्स पंजीयन एवं प्रशिक्षण शिविर का नही हुआ प्रसार-प्रसार

## कम संख्या में पहुंचे युवा, हर पंचायत में होना है सिविल डिफेंस वालेंटियर्स की नियुक्ति, जनपद में सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन, पुनः आवेदन लेकर कार्यशाला आयोजित करवाने की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। शासन के द्वारा प्रत्येक जिले को सेल्फ डिफेंस वालेंटियर्स (नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक) बनाने के लिए लक्ष्य दिया गया है। इसी निर्देश के परिपालन में जिला कार्यालय होमगार्ड बालाघाट के द्वारा जिला प्रशासन के आदेशानुसार जिलेभर से 1900 सिविल डिफेंस वालेटिंयर्स (नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक) बनाना है यानि की नियुक्ति के लिए पंजीयन एवं भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की है। जिसमें क्षेत्रीय बेरोजगार युवाओं से आवेदन लेकर सुरक्षा के आपातकालीन एवं आपदा प्रबंधन के समय इनका उपयोग एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला कार्यालय होमगार्ड बालाघाट के द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक पंचायत में नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक (सिविल डिफेंस वालेटिंयर्स) के लिए ग्राम पंचायतों में प्रचार-प्रसार हेतु दो दिवस पूर्व ही पत्र जारी किया गया था। ऐसी स्थिति में कई पंचायतों में प्रचार-प्रसार भी नही हो पाया और पत्र जारी होने के दुसरे दिन ही जनपद पंचायत लालबर्रा के सभाकक्ष में बुधवार को जिला कार्यालय होमगार्ड बालाघाट के द्वारा सिविल डिफेंस वालेटिंयर्स के पद पर कार्य करने वाले इच्छुक युवक-युवतियों से आवेदन लेकर उन्हे युध्द के दौरान ब्लैकआउट की स्थिति में की जाने वाली प्रक्रिया के बारे में नागरिकों को जागरूक एवं सुरक्षित करने, आपातकालीन एवं आपदा प्रबंधन के समय किस तरह से सुरक्षा की दृष्टि से कार्य करना है उसके बारे में प्रशिक्षण दिया गया है। लेकिन इस सिविल डिफेंस वालेंटियर्स (नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों) के लिए पंजीयन एवं भर्ती प्रक्रिया का प्रचार-प्रचार नही होने के कारण क्षेत्र के अधिकांश बेरोजगारों को जानकारी नही होने के कारण बहुत कम युवक-युवतियों ने पंजीयन करवाये है। इसलिए क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों, समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले एवं जनप्रतिनिधियों ने जिला





**कार्यालय होमगार्ड के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन से क्षेत्र में प्रचार-प्रचार कर पुनः पंजीयन एवं भर्ती प्रक्रिया करवाने की मांग की है ताकि हर पंचायत में सिविल डिफेंस वालेटिंयर्स नियुक्ति हो सके और बाढ़ सहित अन्य आपदा के समय वे सुरक्षा प्रदान कर सके। इस अवसर पर जिला कार्यालय होमगार्ड बालाघाट के प्लाटून कमांडर श्यामसिंह धुर्वे, पंचायत खण्ड अधिकारी खिलेन्द्र सोनवंशी, हवलदार अनुदेशक शैलेंद्र बिसेन, एसडीएआरएफ सैनिक अनिल पांडे, संजय परमार, सुरेश ठाकुर, राजेश धुर्वे, लालाराम, सिविल डिफेंस सदस्य कैलाश डहारे, सहित अन्य वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।**

### जिलेभर से 1900 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बनेगें, उत्कृष्ट कार्य करने पर किया जायेगा सम्मानित

आपकों बता दे कि नागरिक सुरक्षा को सशक्त करने के उद्देश्य से जिला कार्यालय होमगार्ड बालाघाट के द्वारा सिविल डिफेंस वालेंटियर्स तैयार किये जा रहे है ताकि आपातकालीन स्थिति में सहयोग कर सके और बालाघाट जिलेभर से 1900 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बनाने का लक्ष्य है। जिसके लिए प्रत्येक विकासखण्ड में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर पंजीयन एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जनपद पंचायत लालबर्रा के सभाकक्ष में सिविल डिफेंस वालेंटियर्स की बल वृध्दि एवं क्षमता विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। लेकिन प्रचार-प्रसार सही ढंग से नही होने के कारण बहुत कम बेरोजगार युवक-युवती पहुंचे थे। जिनके द्वारा पंजीयन करवाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है। इस एक दिवसीय कार्यशाला में जिला कार्यालय होमगार्ड बालाघाट से पहुंचे अधिकारियों के द्वारा उपस्थित युवक-युवतियों को डुसिविल डिफेंस वालेटिंयर्स (नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक) के लिए भर्ती प्रक्रिया एवं पंजीयन की जानकारी देकर नियुक्त होने के बाद किस तरह से कार्य करना है उसके बारे में प्रशिक्षित कर उनके दायित्व के बारे में बताया गया। जिसमें उन्हे हवाई हमले के समय सुरक्षा उपाय, रेड एवं ग्रीन सायरन की जानकारी, ब्लैक आउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवायें, घायलों को स्ट्रेचर या अन्य तरीकों से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की विधि, आग लगने की स्थिति में बचाव और प्राथमिक उपचार, सीपीआर, ब्लीडिंग को रोकने की तकनीक आदि विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जिन लोगों के द्वारा पंजीयन कर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है उनके द्वारा देश एवं समाज के हित में सेवा के रूप में कार्य करेगें। जिन्हे शासन से आईडी कार्ड एवं प्रमाण पत्र भी मिलेगा और उत्कृष्ट कार्य करने वाले को शासन स्तर से पुरस्कृत भी किया जायेगा।

### प्रचार-प्रसार का पुनः पंजीयन एवं प्रशिक्षण दिया जाये - अनीस

पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा सिविल डिफेंस वालेंटियर्स की पंचायत स्तर पर पंजीयन एवं प्रशिक्षण के संबंध में देरी से पत्र प्राप्त हुआ था। जिसके कारण अधिकांश ग्राम पंचायतों में इसका प्रचार-प्रसार नही हो पाया एवं जिला कार्यालय होमगार्ड के द्वारा भी प्रचार-प्रसार नही किया गया था। जिसके कारण इस पंजीयन एवं प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र के बहुत कम शिक्षित बेरोजगार युवा-युवती शामिल हुए है। जबकि इसका प्रचार-प्रसार शिविर एवं कार्यशाला आयोजित करने के एक सप्ताह पूर्व होना चाहिए था परन्तु ऐसा नही हुआ है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ नही मिल पाया है। श्री खान ने बताया कि हमें जैसे जानकारी मिली कि सिविल डिफेंस वालेंटियर्स की हर पंचायत में नियुक्ति होना है जिसके लिए पंजीयन एवं प्रशिक्षण शिविर बुधवार को जनपद पंचायत में है तो मुनादी करवाया गया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया गया। लेकिन अन्य पंचायतों में प्रचार-प्रसार नही होने से लोगों को इस सिविल डिफेंस वालेंटियर्स की भर्ती प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी नही है इसलिए जिला प्रशासन से मांग है कि पुनः प्रचार-प्रसार कर भर्ती करें।



### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया जायेगा सम्मानित - श्याम

एसडीईआरएफ प्लाटून कमांडर श्यामसिंह धुर्वे ने बताया कि शासन के द्वारा प्रत्येक जिले को सेल्फ डिफेंस वालेंटियर्स बनाने के लिए लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह बालाघाट जिले को भी 1900 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बनाने का लक्ष्य दिया गया है और जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार विभिन्न शासकीय कार्यालय के कर्मचारी, स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर सिविल डिफेंस वालेंटियर्स (नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक) बनाया जा रहा है। जिसके लिए बुधवार को लालबर्रा जनपद में पंजीयन एवं प्रशिक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें क्षेत्र के युवा-युवतियों ने पंजीयन करवाये है कि आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा हेतु कार्य करेगें। श्री धुर्वे ने बताया कि प्रशिक्षण में उन्हे सायरन अग्नि से बचाव, युध्द के दौरान ब्लैकआउट की स्थिति में की जाने वाली प्रक्रिया के बारे में नागरिकों को जागरूक एवं सुरक्षित कैसे करें, आपातकालीन खोज एवं बचाव के बारे में डेमों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया है। ताकि किसी भी तरह की आपदा में पुलिस प्रशासन के होमगार्ड के साथ मिलकर अपनी सहभागिता दर्ज करवा सके। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने पर शासन के द्वारा उन्हे सम्मानित भी किया जायेगा।



# लालबर्रा में रोजगार मेला 26 को

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बालाघाट के द्वारा जिले में विशेष भर्ती अभियान के तहत जिले के हर विकासखण्ड स्तर पर रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में लालबर्रा जनपद पंचायत के पुराने कार्यालय आजीविका मिशन कार्यालय परिसर में 26 मई को रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। चर्चा में म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लालबर्रा के अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार के पसारा एक्ट 2025 के अंतर्गत कैप्सटन सर्विस लिमिटेड में सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाईजर के पद पर भर्ती होना है। जिसमें शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त हो सकता है इसलिए 26 मई को लालबर्रा के पुराने जनपद पंचायत भवन परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवा व युवतियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेला का लाभ लेने की अपील म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लालबर्रा के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने की है।

# जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र में शारीरिक दक्षता के लिए शिविर आयोजित



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र खेल विभाग द्वारा शारीरिक दक्षता के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कराते खेल शिविर जो मुलना स्टेडियम कराते हॉल में 1 मई से प्रारंभ हुआ था, में नवागत प्रशिक्षणार्थियों एवं पुराने खिलाडि़यों के अभ्यास के बाद अब चयन स्पर्धा व प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। जिला खेल अधिकारी श्री चोरसिया ने बताया की इस शिविर में खिलाड़ी अपने अभ्यास में सुधार कर रहे हैं और शारीरिक दक्षता बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# मोहगांव (बोरी) से बल्हारपुर पहुंच मार्ग खराब, निर्माण करवाने की उठी मांग

## सड़क खराब होने से आवागमन में हो रही परेशानी, जिम्मेदार मौन, ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव (बोरी) से बल्हारपुर पहुंच मार्ग खस्ताहाल हो चुका है एवं जगह-जगह सड़क के बीच में पानी निकासी के लिए लगाये गये मोगें भी क्षतिग्रस्त हो चुके। जिसके कारण ग्रामीणजनों एवं किसानों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं मार्ग में बने गड्डों के कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। साथ ही मोहगांव (बोरी) से बल्हारपुर पहुंच मार्ग क%चा है जिसकी दुरी 3 किमी. है परन्तु लंबे समय से मरम्मत कार्य नही करवाया गया है। जिसके कारण सड़क खराब हो चुकी है। ऐसी स्थिति में बरसात के दिनों में किसानों व ग्रामीणजनों को बेहद परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा इस सड़क की समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणजनों ने बरसात के पूर्व सड़क का पक्का निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है ताकि आने-जाने में ग्रामीणजन, स्कूली बच्चें एवं कृषकों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

### बल्हारपुर पंचायत ने करवाया है निर्माण, मोहगांव (बोरी) की स्थिति खस्ताहाल

आपकों बता दें कि ग्राम पंचायत बल्हारपुर के द्वारा जिला पंचायत की 15 वां वित्त से स्वीकृत ग्रामीण सुदूर सड़क निर्माण कार्य के माध्यम इस सड़क का मुरूमीकरण कर कच्चा निर्माण कार्य करवा दिया गया है। जिससे ग्रामीणजन एवं किसानों को अपने





खेतों तक जाने में सुविधा हो रही है परंतु ग्राम पंचायत बल्हारपुर के द्वारा सिर्फ अपनी ग्राम पंचायत की सीमा तक ही निर्माण कार्य करवाया गया है ग्राम पंचायत मोहगांव (बोरी) की सीमा के अंतर्गत आने वाली इस सुदूर सड़क का निर्माण नही किया गया है। जिसकी वजह से इस सड़क की स्थिति अब भी बद से बदत्तर हो चुकी है एवं जगह-जगह गड्डे बन गये है। जिसके कारण आने-जाने वाले को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस मार्ग पर आसपास के किसानों की हजारो एकड़ भूमि है जिस पर उनके द्वारा कृषि कार्य किया जाता है। लेकिन मार्ग खराब होने के कारण खेतों तक कृषि के उपकरण नहीं पहुंच पाते है और बारिश के दिनों में सड़क की स्थिति इतनी खराब होती है कि किसान पैदल चलकर भी अपने खेत नहीं पहुंच पाते है। जिसके कारण उनके खेती के काम भी प्रभावित होते है। वहीं सड़क खराब होने के कारण गड्डों में बैलगाड़ी फंस जाती है और जानवर भी चोटिल हो जाते है जिससे किसानों को काफी नुकसान भी होता है एवं सड़क की स्थिति से कई बार शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण भी करवाया गया परंतु किसी तरह का मरम्मत या निर्माण कार्य नही किया गया है। साथ ही सड़क के बीच में जगह-जगह पानी निकासी के लिए लगाये गये मोगे भी क्षतिग्रस्त हो चुके है एवं सड़क भी खराब हो चुकी है। ऐसी स्थिति में किसानों को अपने खेतों तक ट्रेक्टर व अन्य उपकरण लेकर जाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है इसलिए ग्रामीणजन एवं किसानों ने शासन-प्रशासन से जिस तरह से ग्राम पंचायत बल्हारपुर की सीमा तक सड़क का मुरूमीकरण कर कच्चा निर्माण कार्य किया गया है। उसी तरह से बारिश के पूर्व ग्राम पंचायत मोहगांव बोरी की सीमा का भी निर्माण कार्य करवाने की मांग की है।

### सड़क का जल्द किया जाये निर्माण - शिवलाल

शिवलाल देऊरकर ने बताया कि मोहगांव (बोरी) से बल्हारपुर पहुंच मार्ग का खस्ताहाल हो चुका है एवं जगह-जगह गड्डे बन गये है। साथ ही जिस स्थान पर पानी निकासी के लिए रोड़ के बीच में सीमेंट के मोगे लगे है वह क्षतिग्रस्त हो चुके है। जिसके कारण सभी को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और बरसात के दिनों में सबसे अधिक परेशानी किसानों को होती है क्योंकि यह सड़क क' चा है। जिसका निर्माण करवाने की लंबे समय से मांग कर रहे है लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे सभी में आक्रोश व्याप्त है। श्री देऊरकर ने बताया कि बरसात के पूर्व सड़क का निर्माण या मरम्मत कार्य नही करवाया गया तो ग्रामीण, किसान एवं स्कूली बच्चों को आने-जाने में बेहद परेशानी होगी इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि जल्द सड़क का निर्माण करवाये ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

**इनका कहना है-**



**मोहगांव (बोरी) से बल्हारपुर तक जाने वाली कच्चे मार्ग का निर्माण के लिए शासन को पत्र लिखा गया है, शासन स्तर से राशि स्वीकृत होने के बाद सड़क का निर्माण कार्य करवाया जायेगा।**

**श्रीमती दुर्गा सिंहमारे**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत मोहगांव (बोरी)।**

# वनग्रामों के विस्थापन के लिए सर्वे कार्य जारी

## नवेगांव में 105 यूनिट, चिखलाबड्डी में 83 यूनिट एवं सोनेवानी में 26 यूनिट परिवार सदस्य के आधार पर मिलेगी मुआवजा राशि

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दूर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. के अंतर्गत आने वाले वनग्राम नवेगांव, चिखलाबड्डी, सोनेवानी ग्राम को विस्थापन किये जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की टीम गठित कर सर्वे कार्य करवाया जा रहा है, जिसका कार्य जारी है। जिसमें अब तक नवेगांव में 105 यूनिट, चिखलाबड्डी में 83 यूनिट, सोनेवानी में 26 यूनिट सदस्य 18 वर्ष से अधिक उम्र वालों की संख्या है। जिसके आधार पर प्रत्येक यूनिट के अनुसार 15-15 लाख रूपये मुआवजा राशि तीन ग्राम के आदिवासियों को शासन के द्वारा दिये जायेगें। साथ ही इस विस्थापन की प्रक्रिया हेतु किये जा रहे सर्वे में तीनों वनग्राम में निवासरत लोगों के दस्तावेजों की जांच, बैंक खाता है या नही, नही है तो खुलवाने, वे विस्थापित होना चाहते है या नही उस पर राय लेने सहित अन्य कार्य किया जा रहा है। जिसका कार्य जारी है और सर्व कार्य पूर्ण होने के बाद शासन के निर्देशानुसार उन्हे अन्य स्थानों पर विस्थापित किया जा सकेगा। आपकों बता दे





कि दक्षिण सामान्य वन मंडल परिक्षेत्र लालबर्रा के अंतर्गत आने वाले वनग्राम नवेगांव, चिखलाबड्डी, सोनेवानी क्षेत्र में निरंतर जंगली जानवरों के बढ़ते मूवमेंट, वनों को संरक्षित करने एवं आदिवासियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उन्हें जंगल से निकलकर अन्य स्थान पर विस्थापित करने के लिए शासन के द्वारा सर्वे का कार्य करवाया जा रहा है। जिसके लिए राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों की टीम गठित कर तीनों ग्राम में सर्वे कार्य करवाया जा रहा है, जिनके द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है और प्रथम सर्वे में अब तक तीनों ग्रामों में 214 यूनिट परिवार मेबर 18 वर्ष से अधिक वाले है। जिसके आधार पर उन्हे प्रत्येक यूनिट 15-15 लाख रूपये की मुआवजा राशि शासन से प्रदान की जायेगी। वहीं सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद विस्थापन कार्य हेतु शासन को रिपोर्ट प्रेषित की जायेगी। साथ ही वनग्राम में निवासरत आदिवासी समाज के लोग समाज के मुख्य धारा से जुड़कर अपना जीवन बेहतर बना सकेगें इसी मंशा से शासन के द्वारा यह विस्थापन का कार्य किया जा रहा।

**इनका कहना है-**

शासन के निर्देश पर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. के अंतर्गत आने वाले वनग्राम नवेगांव, चिखलाबड्डी, सोनेवानी को विस्थापन की प्रक्रिया के तहत सर्वे किये जाने के निर्देश मिले थे। जिसके बाद राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा तीनों ग्रामों में सर्वे कार्य किया जा रहा है, जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों की संख्या, खाता नंबर, वे जाना चाहते है या नही उस पर राय ली गई है। साथ ही तीनों ग्राम में कुल 214 यूनिट बना है जिसके आधार पर उन्हे मुआवजा की राशि मिलेगी एवं सर्वे का कार्य पूर्ण होने के बाद शासन को रिपोर्ट प्रेषित की जायेगी।

**भीवराम डोंगरे**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला.।**

# मदनपुर से कोस्ते मार्ग की स्थिति खराब ग्रामीण आक्रोशित

## मार्ग पर जल्द डामरीकरण करने ग्रामीणों ने की मांग








वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर से कोस्ते मार्ग कच्चा मार्ग है। जिसकी स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो गई है जहां आवागमन करना दुर्घटना को निमंत्रण देने के बराबर हो गया है। जहां काफी समस्याओं का सामना करते हुए लोग आना जाना कर रहे हैं जिसमें उन्हें भारी परेशानियां भी कई बार उठानी पड़ रही है जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इसमें बताया जा रहा है कि यह मार्ग स्वीकृत हो गया है तो जल्द मार्ग निर्माण करने की बात कही जा रही है। वहीं मार्ग यदि स्वीकृत नहीं है तो बारिश के पहले उक्त मार्ग पर व्यवस्था बनाए जाने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है। क्योंकि बरसात में यह मार्ग बहुत ज्यादा खराब हो जाता है जिससे आना जाना बंद करना पड़ता है। ऐसे में आवागमन अवरुद्ध ना हो और सभी सुविधा पूर्वक मार्ग का उपयोग कर सके।

### मार्ग गाड़दान में हुई तब्दील राहगीर परेशान

ग्राम पंचायत मदनपुर मुख्य मार्ग से एक कच्चा मार्ग ग्राम पंचायत कोस्ते के लिए निकलता है। इस मार्ग की दूरी करीब ३ किलोमीटर है जिससे मदनपुर ,कासपुर के लोग मेंढ़की मार्ग के लिए इस मार्ग का उपयोग करते हैं। तो वहीं कोस्ते सहित अन्य ग्राम के लोग इस मार्ग का उपयोग मदनपुर कासपुर के लिए करते हैं। जहां वर्तमान में थोड़ा बहुत मार्ग बचा हुआ है बाकी गाड़दान के आकार में बदल गया है। इस मार्ग पर छोटे बड़े गड्ढे बने हुए हैं तो वहीं जगह जगह गिट्टी के बड़े पत्थर बाहर निकल गए हैं। मार्ग पर से मोटरसाइकिल और साइकिल का आवागमन काफी मुश्किल भरा हो गया है जहां बारिश के समय बहुत ज्यादा स्थिति खराब हो जाती है। उस समय साइकिल भी चलना दुर्भर हो जाता है क्योंकि यह कच्छा मार्ग है जो कीचड़ से सना हुआ रहता है। इस रास्ते का उपयोग ग्रामीणों से ज्यादा स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा किया जाता है जिनके सामने बारिश में समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस परिस्थिति में हर किसी को वारासिवनी होते हुए कोस्ते जाना पड़ता है जहां उन्हें करीब ६ किलोमीटर से अधिक का फेरा काटना होता है। तो वहीं इस मार्ग पर सबसे ज्यादा लोगों की खेती है जहां पहुंचना बहुत मुश्किल हो जाता है। जिसको लेकर ग्रामीणों सहित राहगीरो के द्वारा लंबे समय से मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही है। वर्तमान में बताया जा रहा है कि मार्ग स्वीकृत हो गया है किंतु आज तक निर्माण का कोई कार्य नहीं किया गया है। ऐसे में ग्रामीण चाह रहे हैं कि जब स्वीकृत मार्ग है तो जल्द निर्माण हो अन्यथा बारिश को देखते हुए मार्ग की व्यवस्था करनी चाहिए।

### मदनपुर से कोस्ते पहुंच मार्ग जब स्वीकृत हो गया है तो निर्माण कार्य होना चाहियें-देवाराम पटले

ग्रामीण देवाराम पटले ने बताया कि यह मदनपुर से कोस्ते पहुंच मार्ग है यहां पर बहुत समस्या है। आज तक इस मार्ग का मुरमीकरण भी नहीं हुआ है एक ट्राली मुरम भी नहीं डाली गई है। कई जमाने से यही स्थिति यहां पर बनी हुई है मार्ग में जगह जगह बहुत सारे गड्ढे हो गए हैं। बारिश में बहुत ज्यादा समस्या होती है मार्ग पर चलना दुर्भर हो जाता है। सिकंद्रा होते हुए हमें जाना होता है जहां ६ किलोमीटर का फेरा पड़ता है यहां से ३ किलोमीटर डायरेक्ट पहुंचते हैं। घूम कर जाने में हमें परेशानी ही है यह रोड़ बनना चाहिए दोनों गांव आपस में जुड़े हुए हैं घोषणा तो हो गई है किंतु डामरीकरण नहीं हुआ है कब यहां होगा इसकी जानकारी नहीं है।



### स्कुल के विद्यार्थीयों को होती है भारी परेशानी-अशोक रोकड़े

राहगीर अशोक रोकड़े ने बताया कि यह कोस्ते से मदनपुर के लिए मार्ग आता है जो बहुत ज्यादा खराब स्थिति में पड़ा हुआ है। रोड़ पर ठीक से चलना संभव नहीं है हालांकि सुखा रोड है तो ठीक है परंतु बहुत ज्यादा गड्ढे हो गए हैं गिट्टीयां बाहर निकल गई है। मदनपुर से कासपुर के माता टोला तक के लोग यहां से आना जाना करते हैं ३ किलोमीटर यहां से कोस्ते पड़ता है। वारासिवनी घूम कर जाओ तो ६ किलोमीटर और घूम कर जाने में समस्या भी है स्कूली बच्चे यहां से बहुत ज्यादा आना जाना करते हैं। गड्ढे बहुत ज्यादा है यह रोड़ बनना चाहिए कोस्ते में कुछ दूरी के लिए गिट्टी बिछाई गई है जो ४ महीना से अधिक का समय हो गया है आज तक कुछ नहीं हुआ है उल्टी समस्या बढ़ गई है।



### गिट्टी के बड़े.बड़े पत्थर बाहर निकले से हो रही दुर्घटनायें-जयप्रकाश बिसेन

ग्रामीण जयप्रकाश बिसेन ने बताया कि मैं कोस्ते का रहने वाला हूं मेरा खेत मदनपुर की सीमा पर है जहां पर हम अभी बोझे बांध रहे हैं। रोड़ की इतनी बुरी हालत है कि बहुत सारे गड्ढे हो गए हैं बैलगाड़ी नहीं आ सकती है बरसात में गिरते पड़ते आना पड़ता है। अभी ट्रैक्टर आ जाता है बैलगाड़ी के लिए समस्या है रोड़ ऊंचा नीचा है गिट्टी के बड़े.बड़े पत्थर बाहर निकले हैं। परंतु जैसे ही पानी गिर जाता है तो यह रोड़ बंद हो जाता है। खेत में परहा लगाने वाली बाई काम करने वाले मजदूर परिवार के लोग स्कूल के बच्चे स्कूल वैन सभी को समस्या होती है। उस समय यहां जैसे तैसे पैदल चल सकते हैं साइकिल भी मुश्किल हो जाती है यह रोड़ बनना चाहिए सभी को सुविधा होगी।



# डोंगरमाली में मनाई गई केवट जयंती

## होनहार छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर किया सम्मान

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरमाली में कृष्णा मछुवा समिति के द्वारा केवट जयंती मनाई गई। जँहा पर ८५ प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले सामाजिक छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, राजनितिक प्रगति के लिए समाज को अग्रसित करने जैसे विषयो पर जोर दिया गया। साथ ही होनहार छात्र छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए समाज और गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले केवट के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पश्चात् पूजा अर्चना करके कार्यक्रम को आगे बढाया गया। इस दौरान मछुवा समाज के अध्यक्ष ईश्वर दयाल ऊके,सचिव बेनीराम मेश्राम, रामदयाल मेश्राम,सावन लाल मेश्राम, शिवा ढवरे,भरत लाल ढवरे, प्रभुदास शेंडे, लिखिराम शेंडे सहित अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में ८५ प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी के लगभग एक दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिससे होनहार छात्रों की आँखों गजब का उत्साह देखने मिला। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने केवट जयंती पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक उत्थान और छात्र छात्राओं को बेहतर माहौल या सामाजिक सुविधाएं देकर कैसे आगे बढ़ाये जैसे अन्य विषयो पर बात रखी।







# आकाश इंडस्ट्रीज में खाद्य अधिकारियों ने की जांच

## मामला खापा से निकले धान से भरे ट्रक की अफरा तफरी का





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खापा स्थित केप से शिव शक्ति राइस मिल के लिए निकला धान से भरा ट्रक की अफरा तफरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें बताया जा रहा है कि उक्त ट्रक आकाश इंडस्ट्रीज में खाली हुआ है जिसमें खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा आकाश इंडस्ट्रीज में पहुंचकर मामले की जांच की गई तो वहीं पंचनामा भी तैयार किया गया हैं। यह घटना २२ मई की दोपहर करीब १ बजे के आसपास की बताई जा रही है। जिसमें विभाग के द्वारा लगातार ट्रक की पतासाजी की जा रही है हालांकि अभी तक तो धान चोरी का मामला सामने आता रहा है किंतु यह पहला मामला है जिसमें धान से भरे ट्रक की अफरा तफरी हो गई है।

### यह है मामला

ग्राम खापा में जिले एवं संभाग का सबसे बड़ा धान का केप बना हुआ है। जहां पर पूरे जिले की धान को स्टॉक किया जाता है जहां से विभिन्न राइस मिलों को ट्रक के माध्यम से परिवहन कर कस्टम मिलिंग के लिए धान का वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में २२ अप्रैल की सुबह खापा केप से दो ट्रक ग्राम पंचायत गर्रा लालबर्रा रोड़ स्थित शिव शक्ति राइस मिल के लिए धान भरकर रवाना किया गया था। जिसमें एक ट्रक शिव शक्ति राइस मिल के लिए सीधा वारासिवनी होते हुए रवाना हो गया। वहीं एक ट्रक खापा केप से निकलकर आकाश इंडस्ट्रीज में जाना बताया गया। जिस पर तत्काल कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी अश्विन देशमुख वारासिवनी के द्वारा अपने सहायक के साथ आकाश इंडस्ट्रीज में पहुंचकर जांच प्रारंभ की गई। जहां पर पंचनामा कार्यवाही की गई है हालांकि इस मामले में वर्तमान तक ट्रक की जानकारी अप्राप्त हैं। इसमें बताया जा रहा है कि यह ट्रक क्रमांक एमएच ३५ के ५८११ में करीब २२४ क्विंटल धान यानी ५६० बोरी धान भरा हुआ था। यह धान से भरे ट्रक की अफरा तफरी होने की बात सामने आ रही है। विदित हो कि ट्रक से धान की बोरी चोरने का मामला लंबे समय से आ रहा था जिस पर कई बार पुलिस प्रशासन के माध्यम से कार्यवाही भी की गई है। परंतु इस बार धान से भरे ट्रक की अफरा तफरी होने का मामला सामने आया है। वहीं इस मामले में आकाश इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर गगन दास सोमानी से दुरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु संपर्क नही हो पाया।

### मामले में पंचनामा बनाकर कथन लिये है और जांच जारी है-अश्विन देशमुख

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अश्विन देशमुख ने बताया कि सूचना पर हमने जांच किया तो पता चला कि ट्रक आकाश इंडस्ट्रीज में तौल करवाने के लिए ट्रक आया हुआ था। यहां पर तौल पर्ची भी बताई जा रही है यहां पर ट्रक अनलोड नहीं किया गया है यहां वर्तमान में ट्रक उपस्थित एवं अनलोड नहीं है। यहां पर तौल करने एक ट्रक आया था जबकि दो ट्रक निकले थे तो जिस राइस मिल में ट्रक जाना है उसका निर्णय था कि प्राइवेट में तौल करवा लो। अभी शिव शक्ति राइस मिल का स्टॉक चेक वहां के अधिकारी कर रहे हैं। मैं वहीं जाकर क्रॉस चेक करुंगा की ट्रक वहां पहुंचा है या नहीं। इसकी अभी प्रक्रिया चल रही है मौके पर प्रतिवेदन नहीं जांच कर रहे हैं। हम भी गर्रा जा रहे हैं और वहां के भी अधिकारी देख रहे हैं संपर्क अभी बना हुआ है। ट्रक क्रमांक एमएच ३५ के ५८११ है जो करीब पौन बजे यहां आया था पर्ची में टोटल वेट २९२ क्विंटल है ।गाड़ी सहित मामले में पंचनामा कार्यवाही की गई है और कथन लिए गए हैं। यह आकाश इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर गगन दास सोमानी है मामले में जांच की जा रही है।



# विकासखण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक हुई सम्पन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामगोपाल यादव की अध्यक्षता में बुधवार को विकासखण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन लांजी जनपद पंचायत के सभाहाल में किया गया। बैठक में आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित महिला स्व सहायता समूहों के लिए बैंक ऋण, मुद्रा लोन और नए स्व सहायता समूहों के खाते खोलने से संबंधित चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए 962 स्व सहायता समूहों को 37.16 करोड़ रुपये का ऋण वितरण और मुद्रा लोन के तहत 579 हितग्राहियों को 5.79 करोड़ रुपये का ऋण वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम अटल पेंशन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना आदि के बारे में भी चर्चा की गई और लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए निर्देश दिए गए। इस दौरान संजीव कुमार, रोशन महाजन, राजाराम परते, निलेश सुलखे, एसबी भोंडेकर उपस्थित रहे।



# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर में कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश प्रारंभ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय में कक्षा 11वीं की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने वाली है। विद्यालय प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय में कुल 06 रिक्तियां हैं। अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जनजातियाँ, घुमंतू जनजातियाँ, और अर्ध-घुमंतू जनजातिया, अनाथ, विधवा माताओं और दिव्यांग पालकों के बच्चे जिन्होंने कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की है, वे विद्यालय में आकर पंजीकरण करा सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया में पंजीकरण के बाद मेरिट सूची के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों के रूप में कक्षा-10वीं की मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र शामिल हैं। विद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीयन करने की प्रारंभिक तारीख 24 मई सुबह 10 से दोपहर 1ः40 बजे तक, पंजीयन करवाने की अंतिम तारीख 31 मई दोपहर 1ः40 तक, मेरिट लिस्ट जारी करने की तारीख 2 जून, प्रवेश के लिए चयनित छात्रों की सूची जारी करने की तारीख 2 जून, प्रवेश प्रारंभ की तारीख 3 जून सुबह 10 से दोपहर 1:40 बजे तक, प्रवेश की अंतिम तारीख 10 जून दोपहर 1:40 बजे तक, प्रतीक्षा सूची जारी करने की तारीख जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह तक रहेगी।

# आकाश उइके पर छेड़छाड़ का मामला कायम

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत नाबालिक के द्वारा आकाश उइके पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मामले में पुलिस के द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित १५ वर्षीय नाबालिक कक्षा ११ वीं की पढाई कर रही हैं। वह घर में अपने मम्मी ,पापा और दादी के साथ में रहती हैं जिसके मम्मी और पापा ४ मई को नागपुर ईलाज कराने चले गये थे तो वह अपनी दादी के साथ घर पर थी। नाबालिक ११ मई की रात करीबन ९.३० बजे घर के किराना दुकान के सामने रोड़ पर खडी थी। तभी वहाँ आकाश पिता सुनील उइके पीछे से आया नाबालिक के बाल को पकड़कर गलत नियत से छेडछाड़ कर भाग गया। इसके बाद नाबालिक के द्वारा घर में आकर घटना की जानकारी दी गई। वहीं नागपुर से माता पिता के लौटने पर उन्हें पूरी घटना बताई गई और अगले दिन माता पिता के साथ थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने नाबालिग की रिपोर्ट पर आकाश पिता सुनील उइके के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा ७४ लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम २०१२ की धारा ७/८ के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।



# ईमानदारी कराह रही है, अच्छाई बिलख रही है

ईमानदारी कराह रही है। अच्छाई बिलख रही है, भाईचारा, सहयोग,मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गये हैं। आत्मा सिसक रही है। वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। चोर उच्चकों ,गुंडे ,मवालिओं का आदर सत्कार किया जाता है यह समाज के घातक है द्यआज हंस भीड में खोते जा रहे हैं,कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे है लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है। मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड रही हैं ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है द्यइन्सानियत व मानवता सबसे ब ?ा धर्म है। कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो इनसान को गिरा सके ,इनसान ,इनसान द्वारा ही गिराया जाता है। दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं ,इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है। आज संस्कारों का चीरहरण हो रहा है ,खूनी रिश्ते खून बहा रहे हैं। मानवीय त्रासदी को रोकना होगा द्य इंसानियत अपनाओ अमर हो जाओगे हैवानियत छोड़ दो इंसान बनो हैवान मत बनो । इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है बेशक ईश्वर ने संसार में करोडों जीव जन्तु बनाए ,लेकिन इनसान सबसे अहम कृति बनाई। लेकिन ईश्वर की यह कृति पथभ्रष्ट हो रही है। आज सड़को पर आदमी तड़फ-तड़फ कर मर रहा है। इनसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है। क्योकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए,तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है। जबकि मानव परिर्स्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है।आज पैसे का बोलबाला है। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है उस आग में हजारों जीव-जन्तु जलकर राख हो रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं ,जबकि सदियां गवाह है कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे ,मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया। जीव-जन्तओं को काट खाया तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रूख करेंगें। नरभक्षी बनेगें। आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। आज मानव मशीन बन गया है निजी स्वार्थो के आगे अंधा हो.चुका है।अपने ऐशो आराम में मस्त है।दुनिया से कोई लेना देना नहीं है। संस्कारों का जनाजा निकाला जा रहा है। मर्यादाएं भंग हो रही हैं। मानव सेवा परम धर्म है। आज लोग भूखे प्यासे मर रहे हैं। दो जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भूखमरी इतनी है कि शहरों में आदमी व कुते लोगों की फैंकी हुई जूठन तक एक साथ खाते हैं।आज मानव भगवान को न मानकर मानव निर्मित तथाकथित भगवानों को मान रहा है। आज मानव इतना गिर चुका है कि रिश्ते नाते भूल चुका है। रिश्तों में संक्रमण बढता जा रहा है। मानव धरती के लिए खून कर रहा है। कई पीढियां गुजर गई मगर आज तक न तो धरती किसी के साथ गई न जाएगी। फिर यह नफरत व दंगा फसाद क्यों हो रहा है। मानव ,मानव से भेदभाव रि रहा है। उंच-नीच का तांडव हो रहा है। खून का रंग एक है फिर भी यह भेदभाव क्यों। यह बहुत गहरी खाई है इसे पाटना सबसे बडा धर्म है। आज लोग बिलासिता पर हजारों -लाखों रूपये पानी की तरह बहा देते हैं ,मगर किसी भूखे को एक रोटी नहीं खिला सकते। शराब पर पैसा उडा रहे हैं। अनैतिक कार्यो से पैसा कमा रहे हैं। पैसा पीर हो गया है। भूखे को यदि रोटी दे दी जाए तो भूखे की आत्मा की तृप्ति देखकर जो आनन्द प्राप्त होगा वह सच्चा सुख है। आज प्रकृति से छेडछाड हो रही है। प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता। प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती ,प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा दे रही है। मानव कृतध्न बनता जा रहा है। मंदिरों में दुष्कर्म हो रहे है। आज मानव स्वार्थ की पट्टी के कारण अंधा होता जा रहा है। गाय पर अत्याचार हो रहा है। मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है। नफरत को छोड देना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य की सहायता करनी चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा

# लक्ष्मी का वरदान हैं बेटियां, घर की शान है बेटियां सरस्वती का मान हैं बेटियां,धरती पर भगवान हैं

वैश्विक स्तरपर एक ज़माना था जब लिंग भेद अपनी चरम सीमा पर था और दुनियां के अनेक देशों में लिंग चयनात्मक गर्भपात का प्रचलन तेजी से बढ़ा था जिसके कारण लिंग अनुपात में तेजी से डिफरेंस बढ़ता चला गया,इस बीच दुनियां की सरकारें जागी और अनेक ऐसे कार्यक्रम, कानून नियम विनियम,व्यवस्थाएं जन जागरण अभियान चलाए गए जिससे इस कुप्रथा पर नकेल कस्ती चली गई,जो कुछ हद तक इस प्रथा पर नियंत्रण रखनेमें सरकारें कामयाब रही,परंतु फिर भी लिंग भेद की यह प्रथा वैश्विक स्तरपर पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है बल्कि चालू है, पर नियंत्रण में है। इसी क्रम एक दौर भारत में भी एक था,1994 से पहले का जब लिंग चयनात्मक गर्भपात अति तेजी के साथ हुआ था और अधिकतम लोग इस तर्ज पर बेटियों का गर्भ नष्ट कर देते थे, जिसमें स्त्री पुरुष अनुपात में भारी डिफरेंस हो गया इसके पश्चात सरकारें जागी व लिंग चयन प्रतिरोध अधिनियम 1994 बनाया जो 1 जनवरी 1996 को प्रवेश पूर्व निदान तकनीकी (विनियमन व दुरुपयोग निवारण) अधिनियम 1994 लागू किया गया जिसमें 14 फरवरी 2003 को संशोधन कर अधिनियम का नाम गर्भधारण पूर्व और प्रवेश पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिरोध) अधिनियम 1994 रखा गया।बता दें मेरा मानना है कि इस अधिनियम को लाने में देर हो गई थी जिसका परिणाम हम आज हर समाज व धर्म में भुगत रहे हैं क्योंकि,आज 1990 की उम्र के अनेक लड़के अनेक समाजों में हमारे बैठे हैं उस अनुपात में लड़कियां नहीं मिल रही है, क्योंकि आज लड़की वाले एज डिफरेंस की स्थिति को भी देख रहे हैं, इसलिए जो हमने 80- 90 के दशक में स्पीड से लिंग चयनात्मक गर्भपात किए थे उसके परिणाम आज उस उम्र के अनुपात में लड़कियों के नहीं मिलने से हो रहा है, जो मैंने प्रत्यक्ष रूप से इसका सटीक उदाहरण अनेक समाजों में देखा हूं। इसलिए ही भारत में भी राष्ट्रीय बेटी दिवस भी मनाया जाता है।और 22 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस भी मनाया जाता हैं अब हंस्ती है बेटियां तो मोती झड़ते हैं,चलती है लहराके तो फूल खिलते हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,विश्व में लिंग चयनात्मक गर्भपात के प्रचलन को जीरो टॉलरेंस पर लाना समय की मांग है, व बेटे को प्राथमिकता देने की परंपराओं को समाप्त कर सभी लिंगों के लिए समान अधिकारों को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देना जरूरी है। साथियों बात अगर करीब करीब अनेकों समाजों की करें तो जहाँ छोटी लड़कियों को अभी भी बोझ और लड़कों की तुलना में कम मूल्यवान माना जाता है।आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों के कारण बेटे को प्राथमिकता देना सदियों पुराना विचार है, फिर भी यह आज भी एक वास्तविकता है।भारत और चीन में लिंग-चयनात्मक गर्भपात का प्रचलन है,लेकिन इसे एशिया मध्य पूर्व, पूर्वी यूरोप और अन्य जगहों पर भी दर्ज किया गया है। इस उत्सव का उद्देश्य लड़कियों से जुड़े कलंक को पहचानना, बेटे को प्राथमिकता देने वाली परंपराओं को खत्म करना और सभी लिंगों के लिए समान अधिकारों को बढ़ावा देना है।डॉटर्स डे दुनियां भर में माता पिता और उनकी बेटियों के बीच अनोखे रिश्ते का सम्मान करने के लिए मनाया जाने वाला एक खास अवसर है।भारत में,परिवार और समाज में बेटियों के प्यार, सम्मान और महत्व को उजागर करता है। साथियों बात अगर हम बेटियों के प्रति सहानुभूति पूर्वक और उत्साह से जनजागरण के 5 कारणों की करें तो (1) बेटियाँ परिवारों को पोषित करने और मजबूत भावनात्मक बंधन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेटियों की इस भूमिका का जश्न मनाने और परिवार इकाई में उनके योगदान को पहचानने का एक अवसर है। चाहे वह प्यार, देखभाल या जिम्मेदारी के माध्यम से हो,बेटियाँ एक विशेष ऊर्जा लाती हैं जो पारिवारिक जीवन को समृद्ध बनाती है।(2) इसका एक मुख्य उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है भारत में, सामाजिक मानदंडों ने अक्सर बेटों को बेटियों की तुलना में अधिक महत्व दिया है, जिससे महत्वपूर्ण लैंगिक असंतुलन पैदा होता है। यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि बेटियाँ भी उतनी ही मूल्यवान हैं और उन्हें बेटों के समान ही प्यार, शिक्षा



और अवसर दिए जाने चाहिए। यह भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण से लड़ने में मदद करता है और लिंग के बावजूद बच्चों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करने के विचार को बढ़ावा देता है। (3) कई क्षेत्रों में, पारंपरिक रीति-रिवाजों और प्रथाओं ने बेटों को प्राथमिकता दी है, खासकर विरासत और पारिवारिक वंश के संदर्भ में। बेटियों का दिन लड़कियों के महत्व और एक संपूर्ण जीवन के उनके अधिकार पर जोर देकर इन पुरानी मान्यताओं को चुनौती देता है। यह उत्सव परिवारों को अपनी बेटियों को उनके लक्ष्यों और सपनों को प्राप्त करने में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करता है, चाहे वे व्यक्तिगत हों या पेशेवर।(4) बेटियों के प्रति जन जागरण सशक्तिकरण के बारे में भी है। यह माता पिता और अभिभावकों को अपनी बेटियों को यह याद दिलाने का मौका देता है कि वे मजबूत हैं, सक्षम हैं और दुनिया द्वारा दिए जाने वाले हर अवसर की हकदार हैं। बेटियों का दिन मनाकर, माता-पिता अपनी बेटियों में आत्मविश्वास पैदा कर सकते हैं, उन्हें अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं और अपने लिए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। (5) माता-पिता और बेटी के बीच का रिश्ता अक्सर अपने गहरे भावनात्मक जुड़ाव के लिए संजोया जाता है। बेटियों के प्रति जन जागरण माता पिता को विचारशील इशारों, उपहारों या साथ में गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के माध्यम से इस बंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। चाहे वह एक साधारण दिल से की गई बातचीत हो, परिवार के साथ बाहर घूमना हो या कोई खास तोहफा हो, यह दिन बेटियों को यह दिखाने का सही अवसर प्रदान करता है कि वे परिवार के लिए कितना महत्त्वपूर्ण मायने रखती हैं। साथियों बात अगर हम बेटियों के प्रति जन जागरण अभियान की करें तो, दुनियां के कुछ हिस्सों में, लड़के बच्चों को लड़कियों से ज़्यादा महत्व दिया जाता है। यह जन जागरण अभियान लड़के और लड़की दोनों के लिए समान महत्व को बढ़ावा देता है।लड़कियों को शिक्षित किया जा सकता है और उन्हें समान अवसर दिए जाने चाहिए। अपनी बेटी का जश्न मनाएँ। अपनी बेटियों के साथ दिन बिताएँ। उन्हें आपको कुछ ऐसा सिखाने दें जो आप पहले से नहीं जानते। उनकी आकांक्षाओं को सुनें। चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो, इस बात का इंतज़ार करें कि हमारी बेटियाँ हमको कहाँ ले जाएँगी। रोमांच हमारे सामने हैं। उत्सवों की तरह ही हमारी बेटियाँ भी कई तरह के व्यक्तित्वों वाली होती हैं। जहाँ एक साहसी और साहसी होती है, वहीं दूसरी हमें पल भर में मात दे देती है। वे तुरंत हमारा दिल जीत लेती हैं। हमारी सहज प्रवृत्ति हमें उनकी रक्षा करने के लिए कह सकती है। हालाँकि, वे भी उतनी ही दृढ़ता से हमारी रक्षा करेंगी। बेटियाँ दुनिया के किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह ही बढ़ने, सीखने और खोज करने की समान हकदार हैं।

साथियों बात अगर हम बेटियों के बदलते सकारात्मक परिपेक्ष का सटीक उदाहरण दिनांक 19 सितंबर 2024 को राजस्थान में देखने की करें तो, गांव में राजस्थान जल महोत्सव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इसमें मुख्य अथिति के तौर पर कलेक्टर टीना डाबी को आमंत्रित किया गया था, उनके स्वागत के लिए महिला सरपंच ने भाषण तैयार किया था। जब सरपंच नें स्टेज पर आई तो किसी आम राजस्थानी बहू की तरह अपना मुंह ढंके हुए थी। लेकिन घूंघट के पीछे से जब सरपंच ने फर्राटेदार अंग्रेजी बोलना शुरु किया, तो सब हैरान रह गए। घूंघट में आई सरपंच के अंग्रेजी भाषण को सुनकर टीना डाबी भी हैरान रह गईं। पूरी स्पीच के दौरान उनके चेहरे पर स्माइल देखने को मिली। इसके बाद उन्होंने ताली बजाकर सरपंच का हौंसला ब ?ाया।अपनी स्पीच में महिला सरपंच ने जल के संरक्षण और महत्व के बारे में चर्चा की। सरपंच का ये भाषण सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बता दें, एक समय था जब राजस्थान में महिलाओं को सिर्फ घर का चूल्हा-चौका करने लायक समझा जाता था, जैसे ही बेटी को अक्षर ज्ञान हो जाता था, उसे घर पर बिठा दिया जाता था। अब राजस्थान के कई गांवों में महिला सरपंच बनाई गई हैं।कई गांवों में महिलाएं सरपंच तो बन जाती हैं लेकिन उनके पति ही सारे कामकाज देखते हैं। लेकिन कुछ सरपंच ऐसी भी हैं, जो अपनी काबिलियत से गांव का नक्शा बदल कर रख दे रही हैं। उनकी सूझबूझ और समझदारी की तारीफ गांव वाले ही नहीं, उनसे मिलने वाले अधिकारी भी करते हैं। ऐसी ही एक सरपंच से हाल ही में बाड़मेर की नई कलक्टर टीना डाबी की मुलाकात हुई।एक शिरकत करने टीना डाबी बाड़मेर के जालीपा गांव गई थी,वहां एक ऐसी घटना हुई, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि - हंसती है जब बेटियां तो मोती झड़ते हैं।लक्ष्मी का वरदान हैं बेटियां, घर की शान है बेटियां सरस्वती का मान हैं बेटियां, धरती पर भगवान हैं।विश्व में लिंग चयनात्मक गर्भपात के प्रचलन को जीरो टॉलरेंस पर लाना समयकी मांग।

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

# भीतर के दुश्मनों के खिलाफ सख्ती-चौंकसी बढ़ानी होगी

पाकिस्तान भारत के अनेक लालची, शानोशौकत के आकांक्षी, देशद्रोही एवं देश के दुश्मन लोगों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रचार और जासूसी गतिविधियों के लिए कर रहा था। ऐसे ही कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता भी है एवं चिन्ता में भी डालता है। ऐसे ही तत्वों में एक नाम है ज्योति मल्होत्रा, उस पर आरोप है कि वह न केवल सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश कर रही थी, बल्कि उसने पाक खुफिया एजेंसी के एजेंटों से भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी साझा कर रही थीं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गोपनीय जानकारियां भी थीं। वह एक खुफिया एजेंट के रूप में सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत की मिट्टी पर छिपे गद्दार कितनी भी चालाकी से छिप जाएं, वे कानून की नजरों से नहीं बच सकते। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके। 'ऑपरेशन 'सिंदूर' ने न सिर्फ सरहद पार बैठे दुश्मनों की नींद हराम कर दी है, बल्कि देश के भीतर बैठे गुप्त गद्दारों की भी कमर तोड़ दी है। हाल ही में लगातार ऐसे अनेक राष्ट्र-विरोधी जासूसों की गिरफ्तारी ने जता दिया कि भारत हर मोर्चे पर देश की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। ये गिरफ्तारियां अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं यह भी पाक की एक करारी हार ही है।

पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा समेत छह लोगों की खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गयी गिरफ्तारी भारत की सतर्कता एवं सावधानी को तो दर्शाती ही है, इससे यह भी स्पष्ट होता है कि इस चुनौती भरे समय में भीतर के दुश्मनों की शिनाख्त एवं उनकी धडपकड़ कितनी जरूरी है। 'ट्रैवल विद जो' नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली ज्योति पर आरोप है कि वह पाक के कई उच्च अधिकारियों के संपर्क में थी और भारत से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाक तक पहुंचाती थी। पता यह भी चला है कि पाक यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात पाक उच्चायोग के एक कर्मचारी दानिश से हुई, जिसके माध्यम से उसकी पहचान आइएसआइ के एजेंटों से हुई। ज्योति इन एजेंटों के साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचौट के जरिये संपर्क में थी। कहते हैं कि उसने एक पाक खुफिया अधिकारी के साथ गहरे संबंध बनाये और उसके साथ बाली भी गयी थी। ज्योति एवं उसके सहयोगी बेखौफ भारत की अति-संवेदनशील एवं गोपनीय सूचनाओं को पाक से साझा करते हुए देश को नुकसान पहुंचा रहे थे। ये सभी आम नागरिकों की तरह जिंदगी जी रहे थे, लेकिन इनके इरादे राष्ट्रविरोधी थे। देश की कीमत पर सारे राष्ट्र-मूल्यों एवं निष्ठाओं को ताक पर रखकर धनार्जन की लालसा और मौज-मस्ती का लक्ष्य घिनौना एवं अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र को इन विस्फोटक विसंगतियों से बचाना होगा।

भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा सकते हैं? देश के भीतर के ये दुश्मन बाहरी दुश्मनों से ज्यादा घातक एवं नुकसानदेय हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के इन लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। लेकिन इनकी गहन जांच से और भी गंभीर खुलासे होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। इन लोगों के तार भीतर कहां-कहां जुड़े है, इसका पर्दाफाश होना ज्यादा जरूरी है। ये तत्व देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव एवं आम-जनजीवन को भी खतरे में डाल सकते हैं।

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। एक से अधिक बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति पर खुफिया अधिकारियों की नजर तो थी ही, ज्योति के कई वीडियोज ने भी खुफिया एजेंसियों का ध्यान खींचा, चाहे वह नयी दिल्ली स्थित पाक दूतावास में इफ्तार की दावत का वीडियो हो, पिछले साल हुए विश्व कप में भारत-पाक मैच में दर्शकों की प्रतिक्रिया वाला वीडियो हो या कश्मीर घूमने आये लोगों पर बनाये गये वीडियो हों। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, ज्योति को दुबई के एक कथित हैंडलर के माध्यम से भुगतान किया जाता था।

यह खुलासा केवल ज्योति तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि इसके जरिये एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं। पंजाब में मालेरकोटला के दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसियों को पता लगाना होगा कि क्या इन आरोपियों की सैन्य या रक्षा अभियानों से संबंधित जानकारी तक सीधी पहुंच थी या वे इसे उच्च पदस्थ स्रोतों से प्राप्त कर रहे थे? इन बातों का खुलासा होना सुरक्षा एवं सैन्य गोपनीयता की दृष्टि से ज्यादा जरूरी है। गिरफ्तार सभी अपराधियों को गंभीर पूछताछ के बाद कठोर सजा मिलनी चाहिए। दुश्मन चाहे देश के अंदर हो या बाहर उनके प्रति मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति निरंतर सख्ती के साथ कार्यरत रहनी ही चाहिए। सरकार और खुफिया एजेंसियां अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय संदिग्ध तत्वों की निगरानी और जांच को और तेज करने की दिशा में स्वाभाविक ही काम कर रही है। सरकार ने इन गिरफ्तारियों के बाद स्पष्ट संदेश दिया है कि राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत अब तक देशभर में दर्जनों संदिग्धों को निगरानी में लिया गया है और जांच तेज है।

निश्चय ही यह राष्ट्र-विरोधी जासूसों का खुलासा पाक रचित राष्ट्रघाती खेल का छोटा हिस्सा है, पाक सीधा युद्ध की सामर्थ्य एवं ताकत नहीं रखता, इसलिये कभी वह आतंक का सहारा लेता है तो कभी पैसों का प्रलोभन देकर देश के लोगों को खरीदने की कुचेष्ठा करता है। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए ताकि आने वाले समय में और बड़ी मछलियां इस दलदल में पकड़ी जा सकेंगी। पाक तो भारत का शत्रु है और वह सामने दिखाई दे रहा है, लेकिन देश के अंदर छिपे गद्दार भी भारत के शत्रु हैं। इस तरह के गद्दारों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पाक का समर्थन करने वाले खालिस्तानी आतंकवादी हैं, कश्मीर में भी ऐसे लोग है जो पाक एवं उसके पोषित आतंवादियों का सहयोग एवं समर्थन करते हैं। ऐसे राष्ट्र-विरोधी लोगों एवं आतंकवादियों का सिर कुचलने का, यही सही समय है। केंद्र व राज्य सरकारों, मीडिया और जनता को मिलकर ऐसे तत्वों को बेनकाब करने में मदद करनी चाहिए। पुलिस को आधुनिक उपकरणों के साथ इस बाबत कुशल प्रशिक्षण देना चाहिए। बहरहाल, देश विरोधी तत्वों की निगरानी तेज करना वक्त की जरूरत है। ताकि देश मे छुपी इन काली भेड़ों एवं देश को दीमक की तरह खोखला कर रहे शत्रुताओं का नाश किया जा सके।

**यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है - ललित गर्ग**

## संकल्प और साहस

खेल की कक्षा शुरू हुई तो एक दुबली-पतली अपंग लड़की किसी तरह अपनी जगह से उठी। वह खेलों के प्रति जिज्ञासा प्रकट करते हुए शिक्षक से ओलिंपिक रेकॉर्ड्स के बारे में सवाल पूछने लगी। इस पर सभी छात्र हंस पड़े। शिक्षक ने भी व्यंग्य किया- तुम खेलों के बारे में जानकर क्या करोगी। अपने ऊपर कभी नजर डाली है? तुम तो ठीक से खड़ी भी नहीं हो सकती, फिर ओलिंपिक से तुम्हें क्या मतलब है? तुम्हें कौन सा खेलना है जो यह सब जानोगी। चुपचाप बैठकर सुनो।

रुआंसी लड़की कुछ कह न सकी। सारी क्लास उस पर हंसती रही। अगले दिन जब खेल पीरियड में उसे बाकी बच्चों से अलग बिठाया गया तो उसने कुछ सोचकर बैसाखियां संभालीं और दृढ़ निश्चय के साथ बोली-सर याद रखिएगा। अगर लगन सच्ची हो और इरादे बुलंद हों तो सब कुछ संभव है। आप देखना एक दिन यही लड़की हवा से बातें करके दिखाएगी। उसकी इस बात से भी ठहाका गूंज उठा। सबने इसे मजाक के रूप में लिया। लेकिन वह लड़की तेज चलने के अभ्यास में जुट गई। वह अच्छी और पौष्टिक खुराक लेने लगी, फिर वह कुछ दिनों में दौड़ने भी लगी। कुछ दिनों के बाद उसने छोटी-मोटी दौड़ में भाग लेना भी शुरू कर दिया। उसे दौड़ते देख लोग दांतों तले उंगली दबा लेते थे। फिर कई लोग उसकी मदद को आगे आए। सबने उसका उत्साह बढ़ाया। उसके हौसले बुलंद होने लगे। फिर उसने 1960 के ओलिंपिक में हिस्सा लिया और तीन स्वर्ण पदक जीतकर सबको हतप्रभ कर दिया। ओलिंपिक में इतिहास रचने वाली वह थी अमेरिकी धाविका विल्मा रुडोल्फ।

## केंद्र की फंडिंग रोकने पर तमिलनाडु सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची

तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा फंडिंग रोकने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। तमिलनाडु सरकार का सुप्रीम कोर्ट जाना, भारत के संघीय ढांचे के अस्तित्व पर एक अहम सवाल खड़ा करता है। यह विवाद केवल आर्थिक संसाधनों के वितरण का नहीं है। इससे कहीं अधिक संवैधानिक अधिकारों, राज्यों की स्वायत्तता और केंद्र-राज्य संबंधों को लेकर एक बड़ा विवाद है। तमिलनाडु सरकार का आरोप है, समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत तमिलनाडु को 291.30 करोड़ की राशि मिलनी थी। जिसे केंद्र सरकार ने रोक लिया है। तमिलनाडु राज्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (नेप-2020) और पीएम श्री योजना को लागू नहीं किया है। तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार के इस निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में यह मामला अनुच्छेद 131 के तहत दाखिल किया है, जो दर्शाता है, यह केवल वित्तीय अड़चन नहीं, बल्कि केंद्र एवं राज्य के बीच एक संवैधानिक संकट बन चुका है। यह पहली बार नहीं है, जब किसी राज्य को केंद्र सरकार द्वारा फंडिंग में कटौती या देरी का सामना करना पड़ा हो। पहले भी पश्चिम बंगाल, पंजाब, दिल्ली और हिमाचल जैसे राज्यों ने इसी प्रकार की शिकायतें की हैं। सवाल यह है, क्या केंद्र सरकार अपने नीतिगत कार्यक्रमों को लागू कराने के लिए राज्यों पर वित्तीय दबाव डाल सकती है? क्या यह भारत के संघीय ताने-बाने को राजनीतिक हितों की पूर्ति करने के लिए केंद्र सरकार राज्यों के साथ इस तरह की कार्रवाई कर रही है। संविधान में स्पष्ट है, शिक्षा केंद्र एवं राज्य सरकार की समवर्ती सूची का विषय है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों की भूमिका अहम है। यदि कोई राज्य किसी नीति से असहमति रखता है। ऐसी स्थिति में उसे फंडिंग से वंचित करना संविधान के मूलभूत ढांचे के खिलाफ है। सहयोगात्मक संघवाद की परिकल्पना केवल भाषणों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उसे व्यवहार में भी उतारना केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों के लिए ही आवश्यक है। तमिलनाडु सरकार का सुप्रीम कोर्ट जाना केवल एक राज्य के संघर्ष का मामला नहीं है। उन सभी राज्यों के लिए एक संदेश है जो अभी तक केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों के हितों के खिलाफ जो निर्णय किए जा रहे हैं, उसके विरोध में न्याय की गुहार लगाने कोर्ट नहीं पहुंचे थे। केंद्र सरकार के लिए यह एक चेतावनी है। केंद्र सरकार अपनी नीतियों और प्राथमिकताओं के अनुसार राज्यों पर शासन करना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच दूरियां पैदा करने वाला होगा। तमिलनाडु की याचिका पर न्यायालय का फैसला केंद्र-राज्य संबंधों को पारदर्शी और संतुलित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम भी हो सकता है या अन्य नए विवाद भी खड़ा कर सकता है। तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्यपाल और राष्ट्रपति की समय सीमा निर्धारित करने के बाद जिस तरह से यह विवाद तूल पकड़ता जा रहा है इसी तरह के कई अन्य विवाद भी केंद्र एवं राज्यों के बीच खड़े हो सकते हैं। भारतीय लोकतंत्र की ताकत संघीय शासन की विविधता और विकेंद्रीकरण में निहित है। आवश्यक है, केंद्र सरकार शक्ति के केंद्रीकरण की बजाय राज्यों को विश्वास में लेकर भागीदार बनाए। राज्य सरकारें केंद्र के अधीनस्थ नही हैं। केंद्र एवं राज्य दोनों ही निर्वाचित सरकारें हैं। तभी भारत एक मजबूत और न्यायसंगत राष्ट्र है। पिछले एक दशक में केंद्र एवं राज्यों के बीच जिस तरह के विवाद देखने को मिल रहे हैं, केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपाल निर्वाचित राज्य सरकार के ऊपर जिस तरह का अंकुश लगा रहे हैं, उसे लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ चुके हैं। उनके पक्ष में फैसला आया था, लेकिन दिल्ली केंद्र शासित राज्य की तरह था केंद्र सरकार ने अध्यादेश जारी कर उपराज्यपाल के अधिकारों को ज्यादा प्रभावी बना दिया था। लेकिन अब जिन राज्यों के साथ विवाद खुलकर सामने आ रहे हैं यह पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त किए हुए हैं। संविधान में इन्हें विशेष अधिकार प्राप्त हैं। केंद्र सरकार यदि इन्हें अपने अधीनस्थ मानकर व्यवहार करेगी तो ऐसी स्थिति में भारत का संघवाद जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक बना हुआ है, इसे ज्यादा दिन तक एकजुट नहीं रखा जा सकेगा। भारत एक ऐसा देश है जहां कई धर्म, कई भाषाओं, विभिन्न खान-पान, विभिन्न संस्कृति के साथ एकजुट होकर पिछले 75 वर्षों से संविधान के अनुसार काम करता रहा है। यह कोई छोटी अवधि नहीं है। पिछले एक दशक में जिस तरह से केंद्र एवं राज्यों के संबंध में लगातार तनाव उत्पन्न हो रहा है, राज्य सरकारों को लग रहा है कि केंद्र सरकार उनके हकों और अधिकारों को छीन रही है। राज्यपालों के जरिए निर्वाचित सरकार के पंख कतरे जा रहे हैं। इसके खिलाफ में अब सभी विपक्षी दल एकजुट होते चले जा रहे हैं।

**सनत जैन**

## भारत में इस साल गेहूं की पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत में इस साल गेहूं की पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। गेहूं के लिए सबसे जरूरी समय यानी अनाज भरने के दौरान मौसम अच्छा रहा। इससे फसल की पैदावार बेहतर हो गई है। भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान के अधिकारी ने कहा कि इस बार मौसम अनुकूल रहा और ना ही ओलावृष्टि या किसी बड़ी फसल वाली बीमारी की कोई खबर आई। इसके साथ ही जलवायु को सहने वाले और ज्यादा उपज देने वाले बीजों के इस्तेमाल ने भी उत्पादकता बढ़ाने में मदद की। अब जब फसल अच्छी हो रही है, तो आटा मिल मालिकों ने सरकार से गेहूं उत्पादों के निर्यात पर लगी पाबंदी हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी गोदाम भरे पड़े हैं और निजी व्यापारियों के पास भी पर्याप्त स्टॉक है। ऐसे में सरकार को गेहूं उत्पादों के निर्यात की इजाजत देनी चाहिए। देशभर में अब गेहूं की कटाई अंतिम चरण में है। अमेरिकी कृषि विभाग का अनुमान है कि भारत में गेहूं का उत्पादन इस साल 117 मिलियन टन तक पहुंच सकता है, जो अब तक का रिकॉर्ड होगा। इससे देश के पास सीजन के अंत में पिछले चार सालों में सबसे ज्यादा गेहूं स्टॉक रहेगा। भारत में अगर गेहूं का उत्पादन बढ़ा और सरकार ने निर्यात की इजाजत दी, तो इसका असर दुनिया भर में गेहूं की कीमतों पर पड़ सकता है। खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि सरकार की एजेंसी 'भारतीय खाद्य निगम' ने अब तक 29.6 मिलियन टन गेहूं खरीद लिया है, जो पिछले साल से 14 फीसदी ज्यादा है। इस बार कुल सरकारी खरीद 32.5 मिलियन टन तक पहुंच सकती है, जो 22 फीसदी की बढ़त होगी। जोशी ने कहा कि जब सरकार की खरीद पूरी हो जाएगी, तो खाद्य मंत्रालय दूसरे विभागों से मिलकर देश की जरूरतों का आकलन करेगा और उसके बाद यह तय किया जाएगा कि निर्यात की इजाजत दी जाए या नहीं।

## दिल्ली के बावली बाजार में ड्राई फ्रुट्स महंगे, मांग में कमी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मशहूर खारी बावली बाजार में भारत-पाक के बीच उमड़े तनाव का सीधा असर दिखाई देने लगा है। यहां पर ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एशिया का सबसे बड़ा मेवा बाजार बावली भी इस संकट से झूझ रहा है। व्यापारियों की मानें तो भारत-पाक तनाव के कारण कई बॉर्डर बंद हो गए हैं, जिसके कारण सीमा पार से आने वाले ड्राई फ्रूट्स की आपूर्ति में कमी आ गई है। जिसकी वजह से ड्राई फ्रूट्स की कीमतें 300 से 400 रुपए तक बढ़ गई हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस हालत में ड्राई फ्रूट्स की मांग में कमी हो रही है और कीमतें भी तेजी से बढ़ रही हैं। अगले कुछ हफ्तों में यदि बॉर्डर नहीं खुले तो व्यापारियों को और नुकसान हो सकता है। मार्केट में ग्राहकों की कमी के चलते व्यापारी भी बैठे हुए हैं और माल का व्यवस्थापन मुश्किल हो रहा है। कुछ व्यापारी ने बताया कि अब तक 20 फीसदी तक ड्राई फ्रुट्स की कीमतें बढ़ चुकी हैं, जो कि ग्राहकों के लिए एक मुश्किल स्थिति है। इसी बीच ड्राई फ्रुट्स की मात्रा में भी कमी आ रही है, जिसकी वजह से उपलब्ध माल महंगा हो गया है।

## सेबी की चिंता- नकली ऐप्स द्वारा निवेशकों के करोड़ों रुपये ठगे जा रहे

**नई दिल्ली।** देश में स्टॉक ब्रोकरों और उनके अधिकारियों के नाम का इस्तेमाल करने वाले नकली ऐप्स और वेबसाइटों के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इससे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) परेशान है और वह नियमन के दायरे में आने वाली सभी इकाइयों से तुरंत कदम उठाने का आग्रह कर रहा है। मध्यस्थों के साथ हाल ही में एक बैठक में सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। नियामक मामलों की चिंता को देखते हुए संबंधित निगरानी टीमें मजबूत कर रही हैं। मामलों में निवेशकों के करोड़ों रुपये ठगे जाने की जानकारी संभावित है, लेकिन कुल संख्या और नुकसान के आंकड़े का निर्धारण अभी तक मुश्किल है। उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं है। सेबी ने प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है और संभावित फर्जीवाड़े के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तैयार है। निवेशकों को ऐसे फर्जी पोर्टलों से दूर रहने के लिए सतर्क रहना चाहिए। इस बेहतरीन हालत में उन्हें स्टॉक ब्रोकरों के नाम पर धोखा देने वाले अपराधिक खोज भी करनी चाहिए। सेबी का कहना है कि ऐसे मामलों में देरी नहीं होनी चाहिए और कार्रवाई होनी चाहिए। प्राथमिकी दर्ज करने से एक कानूनी प्रक्रिया की शुरुआत दर्ज करने में मदद मिलती है और इसके कारण संभावित रूप से गिरफ्तारी करने या फर्जीवाड़े के नेटवर्क को बाधित करने में मदद मिल सकती है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा जांच भी संभावित धोखाधड़ी से बचाने में मदद करती है क्योंकि एजेंसियां इस तरह के फर्जीवाड़े के पैटर्न को जान जाती हैं।

## दुबई से सोना आयात हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सोने और चांदी के आयात पर नए नियम लागू किए हैं। नए नियम के अनुसार अब केवल कुछ खास एजेंसियां तथा पंजीकृत ज्वेलर्स ही सोना और चांदी दुबई से आयात कर सकेंगे। भारत सरकार ने यह कदम इंडिया-यूएई कंप्रिहेंसिव इकोनामिक पार्टनरशिप समझौते के तहत कार्रवाई की है। कुछ आयातक इस समझौते का गलत फायदा उठा रहे थे। दुबई से 99 फ़ीसदी शुद्ध सोना मंगवा रहे थे। उसे मिश्रित धातु का बताकर कस्टम ड्यूटी की चोरी कर रहे थे।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए सोना आयात करने का कोटा तय कर दिया है। भारत सरकार 180 टन सोना यूएई से आयात करेगी। समझौते के तहत रियायती दर पर कोटा तय हुआ था।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 40 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.98 रुपये पर बंद हुआ। सुबह कच्चे तेल में तेजी और आयातकों एवं विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की लगातार बढ़ती मांग की वजह से रुपये ने गुरुवार सीमित दायरे में कारोबार किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 85.59 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद इसने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.58 के उच्च तथा 85.67 के निम्न स्तर पर पहुंचा । रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 5.58 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 99.49 पर रहा।

## आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन बाकी दिनों के तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपके किसी नई नौकरी के प्रयास बेहतर रहेंगे। व्यापार में भी आपको अच्छी योजना पर काम करने का मौका मिलेगा। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपका पूजा-पाठ में खूब मन लगेगा। आप कहीं घूमने फिरने जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। आपके सहयोगी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, जिनसे आपको बचाने की आवश्यकता है।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, क्योंकि किसी सदस्य को रिटायरमेंट जैसी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने भाइयों से प्रॉपर्टी को लेकर कुछ अनबन होने की संभावना है। आपको बड़े सदस्यों की बातों को मनाना बेहतर रहेगा। किसी काम में यदि आपने जल्दबाजी दिखाई, तो उसमें आपको नुकसान अवश्य होगा।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका बिजनेस में आप कुछ नये उपकरणो को भी शामिल कर सकते हैं। मित्रों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग करेंगे। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं, लेकिन आपको उससे पीछे नहीं हटाना है। आपके परिवार में किसी सदस्य के मनमाने व्यवहार के कारण थोड़ी समस्या रहेगी।

**कर्क**- आज का दिन आपके मान सम्मान को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी काम को लेकर आप लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। कानूनी मामलों में आप अपनी आंखों व कान खुले रखें, नहीं तो विरोधी आपका नुकसान करवाने की पूरी कोशिश करेंगे और आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं, लेकिन आपको उसके जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देना होगा। पिताजी आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आएंगे।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। आपके खर्च बेतहाशा बढ़ेंगे। व्यवसाय में भी आप परिवर्तन करने के बारे में सोच सकते हैं। संतान ने यदि किसी एग्जाम को दिया था, तो उसमे सफलता मिलेगी। आपके मन में किसी काम को लेकर टेंशन रहेगी। आपके ऊपर कोई आरोप लगा सकता है, क्योंकि कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति होने की संभावना है। आपको अपने खाने पीने की आदतों मे बदलाव लाना होगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए किसी से दूर रहने के लिए रहेगा। आप किसी बाहरी व्यक्ति के मामले में पड़े, तो आपको बेवजह टेंशन रहेगी, जिसका असर आपके कामों पर भी पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में कोई आपके खिलाफ षड्यंत्र रच सकता है। जीवन साथी को कोई पेट से संबंधित समस्या होने की संभावना है। आपको अपने कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको कुछ अपरिचित लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। पार्टनरशिप आप सोच समझकर करें। आपको अपनी संतान की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है, लेकिन आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करेंगे, जो आपको भविष्य में अच्छा लाभ अवश्य देंगी। माता-पिता आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी जन्मदिन व नामकरण आदि का मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। आप अपने परिवार के किसी सदस्य के करियर को लेकर यदि परेशान चल रहे थे, तो उन्हें किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका रुका हुआ धन मिलने से आपके काफी बिगड़े काम बनेंगे, जो आपको खुशी देंगे। आप अपने परिवार के सदस्यों के हित में कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं, जिसमें आपको बुजुर्गों के सलाह की आवश्यकता होगी। आपके जीवनसाथी को आपकी कोई बात बुरी लगने से रिश्ते में खटपट होने की संभावना है इसलिए आपको थोड़ा सोच समझकर बोलना होगा।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप किसी वाद-विवाद से दूर रहें, नहीं तो समस्या बढ़ सकती हैं। आपके परिवार में सदस्यों के किसी पैतृक संपत्ति को लेकर कोई लड़ाई-झगड़ा खड़ा होने की संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रोका हुआ काम पूरा होगा। आपके भाई-बहन आपको किसी काम को करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। यदि किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर हो सकती है। आपको किसी वाद-विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

**मीन**- दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको कोई शारीरिक समस्या होने की संभावना है। आप अपने व्यवसाय के किसी नुकसान को लेकर परेशान रहेंगे, जिसके लिए आप कोई लोन आदि भी ले सकते हैं। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा, नहीं तो आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। संतान आपके भविष्य को लेकर आप कोई अच्छा प्लान ले सकते हैं। आपको अपने कामों को किसी दूसरे पर टालने से बचना होगा।

## शब्दजाल - 7907

शब्दजाल में रणजी ट्राफी में तिहरा शतक बनाने वाले 10 नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | ज | य | मां | ज | रे | क | र | अ | झ | क |
| प | ज | ग | प | ड्डी | रिं | पू | ना | जी | शा | सु |
| वि | ज | य | व | सं | जे | दि | श | त | ला | नी |
| वि | कु | र | अ | सी | ब | गां | प | वा | श | ल |
| ज | ति | म | न | ज | म | र | धी | डे | वी | गा |
| य | रं | न | प | व | ट | जा | ऐ | क | प | व |
| ह | र | लां | श | चें | ज | क | फ | र | ल | स्क |
| जा | बा | बा | म | म | क | छ | र | र | श | र |
| रे | स | य | य | व | दि | ने | श | मों | गि | या |
| द | ज | र | प | ति | रं | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| वि | क | सा | गु | ल | मो | ह | म्म | द | प | क |

विजय मर्चेंट, सुनील गावस्कर, रमन लांबा, संजय मांजरेकर, गुल मोहम्मद, विजय हजारे, वसीम जाफर, दिनेश मोंगिया,अजीत वाडेकर, डी. जे. गांधी

### शब्दजाल -7906 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फा | न | प | रा |
| न | ला | क | प | इं | द्र | र्जु | शि | या | ड़ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | ब | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | बी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | ज्ञा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | रु | अ | प | श |
| ब | शि | वा | जी | पा | टि | ल | त्ता | प | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6851



**बायें से दायें:-**

१. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
३. किरणकुमार, राधा सलूजा की 'दिल का नजराना ले ओ' गीत वाली फिल्म-३
६. 'आजा रे अब मेरा दिल पुकारा' गीत वाली राज कपूर, नर्गिस की फिल्म-२
७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला की 'खाई है रेहमने कसम संग रहने' गीत वाली फिल्म-३
९. करण दीवान, स्वर्णलता की सुपरहिट फिल्म-३
११. गुरुदत्त, वहीदा की फिल्म-२
१२. फिल्म 'जीत' में सलमान का नाम-२
१३. अजय, सोनाली की 'तुम आए तो आया मुझे याद' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करणनाथ, मनीषा, नतान्या सिंह की फिल्म-२
१६. सनी देओल, सुष्मिता की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
१८. अजय, आफ़ताब, विवेक, रितेश, लारा, अमृताराव की फिल्म-२
१९. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२०. सचिन खेडेकर, तब्बू, स्मिता की अंडरवर्ल्ड पर बनी एक फिल्म-३
२१. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या की फिल्म-३
२२. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
२३. राजकुमार, शशि, साधना की फिल्म-२
२४. 'परदेसी तो हैं' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'दिल मेरे ना और इंतजार कर' गीत वाली शाहिद, करीना की फिल्म-२
३०. फिल्म 'रंगदे बसंती' के संगीतकार कौन थे?-४
३१. 'दिल है छोटा सा छोटी सी आशा' गीत वाली फिल्म-२
३२. अभिषेक, उदय, जॉन, ईशा, रिमी सेन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीर, शाहरूख, रीनाराय की फिल्म-३
२. 'एक लड़की हो गई राजी' गीत वाली राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
३. जीतेंद्र, विश्वजीत, मुमताज की 'हमें तुमसे तुम्हें हमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'एक हसीना थी एक' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
५. किशोरकुमार, माला की 'प्यार का जहाँ हो छोटा सा' गीत वाली फिल्म-४
६. 'बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन' गीत वाली फिल्म-३
८. राज बब्बर, राजीव कपूर, डिम्पल की 'जीने दे ये दुनिया' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अली अली मैं जोगन बन गई' गीत वाली अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, रेखा की 'हाय मेरी मजबूर जवानी' गीत वाली फिल्म-२,३
१४. 'उंगली में अंगूठी' गीत वाली सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२,४
१६. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
१७. 'सगरे जगत का इक' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२५. राजेश खन्ना, पूनम ढिल्लों की 'ऐसी हसीन चाँदनी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२८. फिल्म 'मेहबूबा' में नायिका कौन थी-२
२९. रितिक रोशन, करिश्मा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6850

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | सा | फि | र | | प्या | र | ही | प्या | र |
| क्ति | | जा | न | म | | प्ता | | सी | |
| | प | | | ज | ह | र | | श्चा | न |
| प्र | ति | ज्ञा | | बू | म | | उ | म | र |
| | ता | | स | र | | फू | ल | | सि |
| सा | | खौ | फ | | न | | झ | | म्हा |
| व | क्त | | र | | म | हा | न | ता | |
| न | | दी | | नौ | क | र | | ल | की |
| भा | ग्य | वा | न | | | जी | त | | म |
| दो | | ना | | स | पू | त | | भू | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**23 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.49 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कर्क | 09.02 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 11.18 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 13.30 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.41 बजे से |
| शुक्र | मीन में | वृश्चिक | 17.55 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 20.11 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 22.17 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 00.03 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 01.36 बजे से |
| 10.30 से | | मेष | 03.06 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | वृष | 04.47 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 143 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 22.30 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 16.02 बजे को समाप्त। **योग** प्रीति 18.36 बजे को समाप्त। **करण** बव 11.55 बजे तदनन्तर बालव 22.30 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 35' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872353 **जूलियन दिन** 2460818.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 24 **विशेष** अपरा एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः शिष्यों की परीक्षा

एक गुरु के दो शिष्य थे। दोनों गुरु के पास रहकर शास्त्रों की शिक्षा ग्रहण करते थे। एक दिन गुरु ने उनकी परीक्षा लेने का निश्चय किया। उन्होंने एक शिष्य को बुलाकर पूछा, 'बताओ, यह जगत कैसा है?' शिष्य ने कहा, 'गुरुदेव, यह तो बहुत बुरा है। चारों तरफअंधकार ही अंधकार है। आप देखें, दिन एक होता है और रातें दो। पहले रात थी। अंधेरा ही अंधेरा छाया था। फिर दिन आया और उजाला हुआ। लेकिन पुनः रात आ गई अंधेरा छा गया। एक बार उजाला, दो बार अंधेरा। अंधेरा अधिक, प्रकाश कम। यह है जगत।' गुरु ने उस शिष्य की बात सुनने के बाद दूसरे शिष्य से भी यही प्रश्न पूछा। दूसरा शिष्य बोला, 'गुरुदेव, यह जगत बहुत ही अच्छा है। यहां चारों ओर प्रकाश ही प्रकाश है। रात बीती उजाला हुआ। सर्वत्र प्रकाश फैल गया। रोशनी आती है तो अंधकार दूर हो जाता है। वह सबकी मुंदी हुई आंखों को खोल देता है, यथार्थ को प्रकट कर देता है। कितना सुंदर और लुभावना है यह जगत कि जिसमें इतना प्रकाश है। देखता हूं, दिन आया, बीता। रात आई, बीती। फिर दिन आ गया। इस प्रकार दो दिनों के बीच एक रात। प्रकाश अधिक, अंधकार कम।' गुरु ने फिर दोनों शिष्यों को बुलाकर कहा, 'यह जगत अपने आप में कुछ नहीं है। यह वैसा ही दिखता है जैसा हम इसे देखते हैं।' उन्होंने पहले शिष्य को दूसरे शिष्य की बात बताई और कहा, 'अगर हम इसे सकारात्मक दृष्टि से देखेंगे तो यह हमें बहुत सुखद लगेगा। इसलिए तुम अपना दृष्टिकोण सकारात्मक बनाओ।'

## सूडोकु नवताल- 7160

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7159 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

## शब्द पहेली - 8375



**बाएँ से दाएँ**

1. खटपट,ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल,लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड,दम,शामन-3
9. धरा,भूमि-3
11. शासन व्यवस्था,रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया,करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि,देवमुनि-3
20. सब्जी,भाजी-4
22. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4

**ऊपर से नीचे**

1. गुनाह,दोष,जुर्म-3
2. अपराधमुक्त,निवृत्त-2
3. सौत,दूसरी स्त्री-3
4. होशियार,गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद,तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह,भवन-3
21. जीवन,जीव, स्फूर्ति-2

### शब्द पहेली -8374 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ | न | का | र | | ग | ज | रा | |
| ला | त | | बै | | ज | | ह | क |
| हा | | या | या | व | र | | | ल |
| र | स | द | | ध | | प | ला | श |
| | | गा | ल | | जी | त | | |
| क | हा | र | | आ | | झ | र | ना |
| हा | | | ग | ठ | जो | ड़ | | म |
| नी | र | | म | | क | | ना | व |
| | ब | द | न | | र | ह | ब | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 644.64 अंक तकरीबन 0.79 फीसदी नीचे आकर 80,951.99 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 203.75 अंक तकरीबन 0.82फीसदी नीचे आकर 24,609.70 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस भी बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। आज सेंसेक्स के ज्यादातर स्टॉक्स नीचे आये। सेंसेक्स की 30 में से केवल 4 कंपनियों के शेयर ही ऊपर आये। वहीं 25 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए जबकि एक कंपनी के शेयर में बदलाव नहीं रहा। दूसरी ओर निफ्टी की केवल 11 कंपनियों के शेयरों में ही बढ़त रही। इसके अलावा 39 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल इंडसइंड बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा 1.73 फीसदी की बढ़त रही। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में भी 2.27 फीसदी की गिरावट रही। टेक महिंद्रा, आईटीसी, बजाज फिनसर्व के शेयर भी गिरे।




इनके अलावा, आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल आईटीसी , बजाज फिनसर्व , पावरग्रिड मारुति सुजुकी ,हिंदुस्तान यूनिलीवर ,नेस्ले इंडिया , एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज , टीसीएस , इंफोसिस ,टाटा मोटर्स के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए जबकि भारती एयरटेल अल्ट्राटेक सीमेंट , एटरनल (जोमेटो) के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों में गिरावट ने बाजार को नीचे खींचा। सेंसेक्स 270 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 81,323 पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी गिरावट के साथ 24,733.95 अंक पर खुला।

## भारत-अमेरिका के बीच हो सकता है 08 जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौता

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका दोनों देशों के बीच 8 जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौते का ऐलान होने की उम्मीद है। दोनों देश व्यापारिक तनाव कम करने के लिए ट्रेड डील पर चर्चा कर रहे हैं। भारत सरकार अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ से पूरी छूट की मांग कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि भारत सरकार, अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ से पूरी छूट की मांग कर रही है. दरअसल, अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था लेकिन बाद में इसे 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया था, जो 9 जुलाई तक प्रभावी है. हालांकि, आधारभूत 10 प्रतिशत टैरिफ अभी भी लागू है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल वॉशिंगटन में अपने अमेरिकी समकक्ष हावर्ड लुटनिक के साथ दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के चरण पर चर्चा करने के लिए वहां थे। भारत की यह ट्रेड डील कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करने के लिए है, साथ ही कपड़ा, चमड़ा, और लेबर-गहन उद्योगों को भी टैरिफ राहत की मांग है। अमेरिकी प्रशासन को यूएस कांग्रेस की मंजूरी की आवश्यकता है अमेरिकी नीचे टैरिफ को कम करने के लिए, लेकिन वह पारस्परिक टैरिफ को हटा सकता है। उम्मीद है कि दोनों देश 8 जुलाई से पहले एक सकारात्मक अंतरिम डील पर सहमत होंगे।

## जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी में-रिपोर्ट

नई दिल्ली। दुनिया भर में वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता का माहौल देखा जा रहा है लेकिन इसी माहौल में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की अप्रैल महीने की स्टेट ऑफ द इकोनॉमी रिपोर्ट के अनुसार भारत के इंडस्ट्रियल और सर्विस सेक्टर से जुड़े कई इंडिकेटर अप्रैल में भी अच्छी रफ्तार में रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिकी टैरिफ से जुड़ी खबरों के कारण अप्रैल की शुरुआत में घरेलू शेयर बाजार थोड़ा कमजोर हुआ था। लेकिन जैसे ही अमेरिका ने अपने कुछ टैक्स फैसलों को अस्थायी तौर पर रोका और भारत में जनवरी-मार्च तिमाही में बैंकिंग और फाइनेंस कंपनियों के अच्छे नतीजे आए, शेयर बाजार ने अच्छी रिकवरी दिखाई। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था की तस्वीर अब भी धुंधली है क्योंकि दुनियाभर में पॉलिसी में बदलाव हो रहे हैं और कई जोखिम बने हुए हैं। लेकिन भारत की स्थिति को लेकर रिपोर्ट आशावाद है। अप्रैल 2025 में आई आईएमएफ की ताज़ा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारत 2025 में दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा और इस साल जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट के अनुसार देश में महंगाई में काफी राहत देखी गई है और यह 2025-26 में तय लक्ष्य के आसपास टिक सकती है। रबी फसल अच्छी होने और इस साल सामान्य से बेहतर मानसून की उम्मीद से गांवों में खपत बढ़ेगी और खाने-पीने की चीज़ों की महंगाई भी नियंत्रण में रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया कि उपभोक्ताओं और कारोबारियों का भरोसा भी मजबूत बना हुआ है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को और बढ़ावा मिल रहा है। वैश्विक व्यापार में बदलाव और इंडस्ट्रियल नीतियों के नए रुझानों के बीच रिपोर्ट में भारत को एक कनेक्टर कंट्री यानी जोड़ने वाला देश बताया गया है। खासकर टेक्नोलॉजी, डिजिटल सर्विसेज और फार्मा जैसे सेक्टर में भारत अहम भूमिका निभा सकता है।

# हवन पूजन व भण्डारा कर श्री राम कथा को दिया विश्राम








लांजी (पद्मेश न्यूज)। एकल श्रीहरि वनवासी विकास ट्रस्ट एकल अभियान खण्ड लांजी के तत्वावधान में नगर के पुराना गुजरी चौक स्थित नया राम मंदिर परिसर में 16 से 20 मई तक श्री राम कथा का आयोजन किया गया। उक्त श्री राम कथा सुश्री गीता किशोरी के मुखारविंद से प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सम्पन्न हुई। जिसमें प्रतिदिन विधि-विधान से भगवान श्री राम का पूजन कर कथा प्रारम्भ की गई। कथा वाचक सुश्री गीता किशोरी ने कथा में माता पार्वती के तप की कथा व भगवान शंकर की कथा, प्रभु श्री राम की लीलाओं का सुमधुर वाणी में संगीतमय सुमधुर भजनों के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज की बुराइयों को दूर करना चाहिए। राम नाम के जप से सभी कष्टों का निवारण होता है।राम कथा सुनने से अनेक जन्मों के पाप नष्ट होते हैं। प्रभु राम ने हमेशा धर्म की मर्यादा का पालन किया। संयम और सदाचार का महत्व बताया। शास्त्रों के अनुसार मर्यादा का पालन करने वाले व्यक्ति को परमात्मा की प्राप्ति होती है। कथा के अंतिम दिन हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर सहित आसपास गांवों के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में शामिल होकर राम कथा का रसपान किया एवं प्रसादी ग्रहण की।

### भगवान की कथा सुनना पुण्यों का प्रताप है

जिला संघचालक वैभव कश्यप ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री राम कथा यह कोई साधारण कथा नहीं है ये जीवन की व्यथा को कम करने वाली मेरे भगवान की राम कथा है। मन में विचार आता है गांवों कितने लोग रहते हैं किन्तु भगवान कितने कम लोगों को बुलाता है, ये कारण है उनके पुण्यों का। भगवान की कथा कोई साधारण कथा नहीं है। यह मर्यादा पुरुषोत्तम की कथा है। आपने सुमधुर वाणी में मां पर गीत भी प्रस्तुत किया।

## पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेगांव में समर कैंप 2025 का हुआ समापन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेगांव में 21 मई को समर कैंप का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। समर कैंप के समापन समारोह का शुभारंभ संस्था के संस्था प्रमुख श्री चंद्रभूषण चौहान द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। भविष्य की वर्तमान में ही रखी जाती है इसी उद्देश्य के साथ पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेगांव में छात्र-छात्राओं को विभिन्न कौशल से निपुण करने के लिए 1 मई से 21 मई 2025 तक समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप को इस प्रकार व्यवस्थित किया गया था कि छात्र-छात्राएं न सिर्फ शैक्षणिक ज्ञान प्राप्त कर सके बल्कि अन्य पाठ्य सहगामी गतिविधियों में कुशलता प्राप्त कर सके। समर कैंप की थीम रही भावनाओं की समझ, आत्मविश्वास की राह, कला कौशल और रोजगार, फिट फॉर लाइफ तथा आज के सपने कल की उड़ान, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ चित्रकला, नृत्य कला, कविता और कहानी लेखन ,क्ले आर्ट, कंप्यूटर शिक्षण, योग और ध्यान विभिन्न प्रकार के खेलो का प्रशिक्षण दिया गया एवं छात्र-छात्राओं ने उक्त गतिविधियों में भाग लिया तथा उन्हें विभिन्न सामाजिक, नागरिक एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। समापन कार्यक्रम के अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनके उत्साह और प्रतिभा के लिए अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चंद्रभूषण चौहान एवं शिक्षक लेखेश्वर चंदनवार, निलेश बाहे, रेवाराम कबीरे, डीलेन्द्र सिंह चौधरी, तीर्थेश बुराड़ लेखराम मिसारे, महेश ढोक, उमेश भूते, राजेंद्र कुमार जुझार, जितेंद्र भागड़कर, अरुण कुमार पटले, शेषराम वाघमारे, बबलू कामडे, कमल किशोर भगत, आनंदराव राहंगडाले, संजय सोलंकी, गणेश मरावी एवं शिक्षिकाओं में श्रीमती प्रज्ञा शेड, इंदिरा बेंद्रे, अनामिका मेश्राम, अनीता डावर, मीना ठवरे, कलावती बल्ले, प्रज्ञा बेद्रे, गीतू नारनौरे, योगन्ता मेश्राम तथा समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# कृषि उपज उपमंडी लांजी ने अवैध परिवहन मामले में 08 वाहनों पर की पांच गुना की कार्रवाई, वसूले 57385 रुपए




लांजी (पद्मेश न्यूज)। कृषि उपज उप मंडी लांजी से प्राप्त जानकारी अनुसार सचिव कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी के मार्गदर्शन में वासुदेव बढ़ई सहायक उप निरीक्षक, नेलचंद बारबुदे सहायक उप निरीक्षक, विनोद बंसोड़ सहायक उप निरीक्षक उपमंडी लांजी के द्वारा डुडवा घाट, कुल्पा- आमगांव रोड, उमरी घाट में औचक निरीक्षण के दौरान कुछ वाहनों पर धान बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध परिवहन करने पर पांच गुना कार्यवाही कर दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया गया। इस संबंध में जानकारी में बताया गया कि 14 मई को पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 29 बीई 0185 ओंकार ठाकरे डुडवा से गिरोला महाराष्ट्र धान 19 क्विंटल बिना अनुज्ञा के परिवहन किया जा रहा था, जिस पर कार्रवाई करते हुए दांडिक मंडी शुल्क 3622 रुपए वसूला गया। इसी प्रकार 15 मई को नरेश कटाने परसोड़ी से आमगांव महाराष्ट्र वाहन क्रमांक एमपी 50 एए 4926 धान 25 क्विंटल परिवहन करने पर दांडिक मंडी शुल्क 4000 रुपए, 16 मई को शेषराम रहांगडाले उमरी से मुंडीपार महाराष्ट्र वाहन क्रमांक एमएच 35 जी 8503 एवं एमएच 35 ए डब्लु 1272 में धान 41 क्विंटल परिवहन करने पर दांडिक मंडी शुल्क 6940 रुपए, 21 मई को सुभाष बिहने किन्हीं से घाट टेमनी महाराष्ट्र वाहन क्रमांक एमएच 35 ए जे 0821 में धान 22 क्विंटल परिवहन करने पर दांडिक मंडी शुल्क 4640 रुपए, 19 मई को रूपेश सिंघनदुप्पे परसोडी से शंभुटोला आमगांव महाराष्ट्र वाहन ट्रैक्टर एम एच 35 ए आर 6887 में धान 26 क्विंटल परिवहन करने पर दांडिक मंडी शुल्क 4588 रुपए, 20 मई को धनीराम दोनोडे दुढवा से घाट टेमनी महा. वाहन क्रमांक एमएच 35 ए जे 0417 में धान 20 क्विंटल परिवहन करने पर दांडिक मंडी शुल्क 5760 रुपए, 20 मई को अंकित ठाकरे मोहरा से घाट टेमनी महाराष्ट्र वाहन क्रमांक एमएच 35 ए जे 1409 में धान 24 क्विंटल परिवहन करने पर दांडिक मंडी शुल्क 6312 रुपए, 22 मई को अक्षय मेश्राम सुपलीपार बोरगांव से आमगांव महाराष्ट्र में धान 157.55 क्विंटल परिवहन करने पर दांडिक मंडी शुल्क 21543 रुपए लिया गया है। उपरोक्त वाहनों में मौके पर वाहन के साथ मंडी अनुज्ञा पत्र नहीं पाए जाने पर नियमानुसार पांच गुना की कार्यवाही कर कुल दांडिक मंडी शुल्क 32821 रुपए, निराश्रित 6564 रुपए, समझौता राशि 18000 रुपए इस प्रकार कुल राशि 57385 रुपए वसूल कर सरकारी खजाने में जमा किया गया। ऐसी ही कार्यवाही बगैर अनुज्ञा पत्र के अवैध परिवहन करने वाले व्यापारियों पर जारी रहेगी।

# श्री लक्ष्मीकान्ता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी लांजी स्नातक का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में श्री लक्ष्मीकान्ता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी लांजी स्नातक का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा 19 मई को बी.ए. (कॉम्प्यूटर एप्लीकेशन) , बी.एस.सी. (बायोलॉजी) एवं बी.एस.सी. (कॉम्प्यूटर एप्लीकेशन) तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसी के अंतर्गत श्री लक्ष्मीकान्ता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी, लांजी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसमें बी.ए. (कॉम्प्यूटर एप्लीकेशन) तृतीय वर्ष में छात्रा गौरी रामटेक्कर 77 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, छात्रा चांदनी मचिया 76 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं छात्रा प्रिती सिहोरे 68.05 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.एस.सी. (बायोलॉजी) एवं बी.एस.सी. (कॉम्प्यूटर एप्लीकेशन) तृतीय वर्ष में छात्र राहुल धामने 75.15 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, छात्रा नमिता तुरकर 73.92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं छात्र विशाल पांचे 73.23 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार महाविद्यालय में बी.ए. (कॉम्प्यूटर एप्लीकेशन), बी.एस.सी. (बायोलॉजी) एवं बी.एस.सी. (कॉम्प्यूटर एप्लीकेशन) तृतीय वर्ष में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के नाम इस प्रकार है - गंगा रहांगडाले, रोशनी बुढ़ावने, रोशनी वैरागड़े, शिवानी पांचे, विशाल गोण्डाने, देवराज देशमुख, क्षितिज दुबे, विनय पसीने, आरजू टेम्भुरने, अल्का डोंगरे, दिव्यांश सहारे, पूनम कबीरे, प्रियांशी बापुरे, शितल बापुरे, ऐश्वर्य कचवाहे, श्रद्धा धनवले, दीपिका जीवतोड़े, विवेक आसटकर, समिक्षा तिवारी। छात्रों की इस सफलता पर महाविद्यालय के संस्थापक लक्ष्मीचन्द करहि, संचालक किशोर कुमार करहि, गुलाबचन्द बड़घैया, डॉ. ताराचन्द बड़घैया एवं श्रीराम करहि, प्राचार्य एवं समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ ने शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## सरस्वती शिशु मंदिर में दिनेश गिरी गोस्वामी ने संभाला प्राचार्य का पदभार

लांजी (पद्मेश न्यूज)। सरस्वती शिशु मंदिर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 22 मई को नवागत प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी के द्वारा प्राचार्य पद पर पदभार ग्रहण किया गया। नवागत प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी ने सरस्वती शिशु मंदिर किरनापुर में प्राचार्य पद पर 33 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी तथा इसके पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर पांढुर्ना में 4 वर्षों तक प्राचार्य पद पर कार्यरत रहे। इनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। इनकी बेहतर सेवाओं को देखते हुए इन्हें सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में प्राचार्य पद पर नियुक्त किया गया है। इनके पदभार ग्रहण पर कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति के पदाधिकारी टीडी लिल्हारे, योगेश रामटेक्कर, विजय रामटेक्कर, छबिलाल मरठे विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य त्र्यंबक भगत ने उपस्थित होकर बधाई दी एवं विद्यालय की प्रगति के लिए कार्य करने की आवश्यकता बताई।



## सुषमा खानोरकर संभाग अध्यक्ष मीडिया प्रकोष्ट नियुक्त

लांजी (पद्मेश न्यूज )। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर, टी, आई, जागरूकता संगठन भारत के प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री डॉ मनोज बात्री के द्वारा प्रेस व्याप्ति जारी बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सांगेश भाटी के निर्देश पर एवं महिला सेल जिला बालाघाट अध्यक्ष की श्रीमति सुनिता बसोने कालीमाटी तहसील लाँजी की अनुशसा पर सुषमा खानोकर निवासी सालेटेकरी रोड़ लाँजी बालाघाट को जबलपुर संभाग अध्यक्ष मीडिया प्रकोष्ट, एवं मंसाराम भीवराम आसोले निवासी बाघाटोला लाँजी को जिला अध्यक्ष आर, टी,आई प्रकोष्ट, तेजलाल लिल्हारे निवासी वारी लांजी को ब्लाक अध्यक्ष आर, टी,आई प्रकोष्ट तथा मोरेश्वर बसेना ग्राम सिगोंला लांजी को ब्लाक उपाध्यक्ष आर, टी, आई प्रकोष्ट पर नियुक्त किया गया है। मध्यपदेश के सभी पदघिकारीयो की ओर से बधाई देते हुई सभी नवनिर्वाचित पदधिकारीयो को निर्देशित किया जाता है कि संस्था की गरिमा बनाये रखते हुए, गरीबो एवं असाह व्याक्तियों की सरकारी सहायता को ज्ञात कराते हुए, उनकी मदद करते हुए संस्था के उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए पुरानी कुरूतियो को मिटाते हुए जैसे बाल विवाह , दहेज प्रथा ,भ्रक्ट्राचार ,एव अपराधो महिलाऐ के साथ हो रहे आत्याचार एंव शोषण पर सरकारी पदधिकारीयो का साथ लेकर एवं साथ देकर लगाम लगावें तथा संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए सस्था को अग्रेषित करे ।



## उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में प्रवेश नियम निर्देश जारी किए

### लोक शिक्षण अपर संचालक ने समस्त डीईओ व प्राचार्यों के साथ की समीक्षा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लोक शिक्षण संचालनालय की अपर संचालक कामना आचार्य ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, समस्त प्राचार्य को जिला उत्कृष्ट विद्यालय व शिक्षा विभाग एवं समस्त मॉडल स्कूल प्राचार्यों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया है। जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में विद्यार्थियों का प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को दिए जाने का प्रावधान है। समीक्षा बैठक में चर्चा के दौरान प्राचार्यों द्वारा रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए राज्य स्तर से निर्देश जारी किए जाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही विद्यालयों में प्रवेश के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि कक्षा 9वी ओपन स्कूल के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। साथ ही सीटें रिक्त रहने पर प्रथमतः वेटिंग लिस्ट से प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा कक्षा 10 वी विद्यालय में कक्षा 9 वी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। कक्षा 11वी विद्यालय से कक्षा 10वी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। वहीं कक्षा 12वी विद्यालय से कक्षा 11 वी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। तदुपरांत सीटें रिक्त रहने पर शाला स्तर से एक विज्ञापन जारी कर रिक्त सीटों को प्रदर्शित करते हुए प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी।

### इन तारीखों में होगी प्रवेश संबंधी कार्यवाही

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी निर्देशो के अनुसार सर्वप्रथम 26 मई 25 को प्रवेश के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। साथ ही 26 मई से 31 मई तक आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। 2 जून को प्राप्त आवेदन के आधार पर मेरिट क्रम में सूची तैयार की जाएगी। वहीं 7 जून को प्राप्त आवेदनों की संख्या यदि रिक्त सीटों से अधिक है तो परीक्षा का आयोजन किया जाएगा अन्यथा मेरिट क्रम में प्रवेश दिया जाएगा। 9 जून को रिक्त सीटों पर प्रवेश देने के लिए मेरिट सूची जारी करना होगा। और 9 जून से 14 जून तक विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश किया जाएगा।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# कलेक्टरों की परफार्मेंस कुंडली तैयार करा रही सरकार

## 400 से अधिक पैरामीटर और सरकार की प्राथमिकता बनेगी रेटिंग का आधार

भोपाल । मोहन यादव सरकार कलेक्टरों के बार-बार किए जाने वाले तबादलों पर कंट्रोल करने के बाद अब उनके कामों की रेटिंग करा रही है। योजनाओं पर अमल के लिए तय की परफार्मेंस इंडिकेटर के साथ डायनॉमिक पैरामीटर भी रेटिंग तय करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। सरकार ने परफार्मेंस रेटिंग के लिए पहले स्टेट कॉल सेंटर से किए गए कॉल को आधार बनाया था लेकिन अब इसमें बदलाव किया जा रहा है। कॉल सेंटर से कॉल के जरिये लिए गए फीडबैक में अच्छा काम करने वाले कई कलेक्टरों की रेटिंग कमजोर आई थी। इस कारण भी इसमें बदलाव किए जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मई में हुई समाधान ऑनलाइन की बैठक में यह कहकर सभी 55 जिलों के कलेक्टरों को चौंकाया था कि उनके पास हर कलेक्टर की परफार्मेंस रिपोर्ट है लेकिन इस बार इसे वायरल नहीं कर रहे हैं। अब जिलों की ग्रेडिंग का काम सरकार करा रही है। इसके बाद अच्छा काम करने वाले कुछ कलेक्टरों ने इसकी जानकारी जुटाई तो पता चला कि सरकार के फार्मूले के चलते अच्छा करने के बाद भी वे कमजोर परफार्मेंस वाले जिलों में शामिल हैं। इसके बाद ग्रेडिंग फार्मूले पर सवाल भी उठाए जाने लगे और यह बात सरकार तक पहुंच गई है जिसे अब और पावरफुल बनाने की तैयारी है ताकि कलेक्टरों की सही रिपोर्ट मिले और कोई आवाज न उठा सके। अगले दो माह में पैरामीटर्स फिक्स होने के बाद हर माह उसी के आधार पर परफार्मेंस रेटिंग तय की जाने लगेगी।

### 400 से अधिक पैरामीटर के आधार पर तैयार होगी रिपोर्ट

एमपीएसईडीसी के सीईओ आशीष वशिष्ठ बताते हैं कि पिछले कुछ दिनों से इस पर काम शुरू हुआ है। इसके लिए एक-दो नहीं बल्कि 400 से अधिक पैरामीटर्स के आधार पर परफार्मेंस तय करने की व्यवस्था की गई है। अभी कुछ और पैरामीटर्स भी बढ़ सकते हैं। वशिष्ठ के अनुसार सभी विभागों की योजनाओं के पैरामीटर्स इंडीकेटर और डायनॉमिक पैरामीटर्स के आधार पर परफार्मेंस रिपोर्ट बनाने का काम किया जाएगा।

### हर विभाग से लेते हैं ऑनलाइन डेटा, अलग से कोई जानकारी नहीं

सीईओ एमपीएसईडीसी वशिष्ठ का कहना है कि हर विभाग से उनसे संबंधित योजनाओं के पैरामीटर्स की जानकारी बुलाई जाती है। सारे विभागों के पोर्टल कनेक्टेड हैं, इसलिए इसके आधार पर रिपोर्ट मिल रही है। इसके बाद सभी योजनाओं के एवरेज के आधार पर रिपोर्ट बनाने का काम हो रहा है। यह शुरुआती दौर है, इसलिए अभी कलेक्टरों को इसकी जिलावार रिपोर्ट सामूहिक तौर पर नहीं दी गई है।

### समय-समय पर प्राथमिकता भी बदलेगी

कलेक्टरों की परफार्मेंस रिपोर्ट में एक खास बात यह भी है कि इसमें योजनाओं के पैरामीटर्स के साथ शासन की प्राथमिकता को भी ध्यान में रखा जाएगा। जैसे गर्मी में गेहूं की खरीदी, जून में स्कूल और कॉलेज में प्रवेश, बारिश के दौरान बाढ़ व राहत के इंतजाम, त्यौहारों के समय कानून व्यवस्था, उद्योग वर्ष में उद्योग लगाने के लिए भूमि आवंटन और अन्य कार्यों में तेजी लाने जैसे अन्य तय किए जाने वाले पैरामीटर भी प्रभावी माने जाएंगे।

### कोरोना के दौर में दो साल तक तेजी से हुआ था इस पर काम

मार्च 2020 में जब कमलनाथ सरकार गई और शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में फिर सरकार बनी तो कोरोना के दौरान में दो सालों तक हर माह कलेक्टरों के परफार्मेंस की रिपोर्ट तैयार होती रही है। समाधान ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक के दौरान पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान दिन भर बैठक लेकर कलेक्टरों का परफार्मेंस रिव्यू करते थे और सरकार की प्राथमिकता के साथ कलेक्टरों को उनका परफार्मेंस भी बताया जाता था। इसके बाद चुनावी साल 2023 में इसे रोक दिया गया और तब से अप्रेल 2025 तक जिलों के ग्रेडिंग, कलेक्टरों की परफार्मेंस रेटिंग का काम नहीं हो रहा था।

# बेस्ट ऑफ फाइव में फंसे डेढ़ लाख छात्र

## - अच्छे नंबर से दसवीं पास छात्र सेना भर्ती के लिए अपात्र

भोपाल। प्रदेश में दसवीं की परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के बाद भी करीब डेढ़ लाख छात्र आर्मी में भर्ती नहीं हो पाएंगे। इसके साथ ही इस युवा पीढ़ी को मप्र सरकार द्वारा संचालित आईटीआई के कई ट्रेड्स में प्रवेश नहीं मिल पाएगा। यह सब हुआ है मप्र की बेस्ट ऑफ फाइव योजना के तहत, जिसमें बच्चों का रिजल्ट तो सुधरा लेकिन बच्चे गणित और अंग्रेजी में कमजोर हो गए हैं। अब ऐसे में विद्यार्थियों के लिए माशिमं ने सेकंड एक्जाम का अवसर दिया है। इसके लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन भरवाए जा रहे हैं।




गौरतलब है कि 2017 की परीक्षाओं में माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित स्कूलों में अधिकतर बच्चे फेल हो गए थे। जिसके बाद सरकार ने प्रदेश के बच्चों का रिजल्ट सुधारने के लिए बेस्ट ऑफ फाइव योजना की शुरुआत की। इस योजना के 2018 में अच्छे परिणाम आए और अधिकतर बच्चे मप्र में 10वीं में पास हो गए। लेकिन इसका खामियाजा भी इन बच्चों को भुगतना पड़ा, क्योंकि जो बच्चे फेल हुए उनमें सबसे ज्यादा अंग्रेजी और गणित विषय के शामिल थे। दरअसल इस योजना में परीक्षार्थी सभी छह विषय की परीक्षा में शामिल होगा, लेकिन सर्वाधिक पांच अंक वाले विषयों के नंबर जोडक़र रिजल्ट घोषित किया जाएगा। जबकि सबसे कम अंक आने वाले विषय को रिजल्ट में शामिल नहीं किया जाएगा, इससे विद्यार्थियों ने अंग्रेजी, गणित व विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों को पढऩा बंद कर दिया।

### सेकंड एक्जाम का मौका

इस बार दसवीं में पास होने के बाद भी करीब डेढ़ लाख विद्यार्थी ऐसे है, जो सेना की भर्ती व आईटीआई में प्रवेश के लिए दस्तावेजों के आधार पर अयोग्य हैं। ऐसे में विद्यार्थी सेकंड एक्जाम में शामिल होकर गणित, अंग्रेजी व विज्ञान जैसे विषयों में पास हो सकते हैं। सेकंड एक्जाम में सिर्फ फर्स्ट एक्जाम में हुए फेल विषय की परीक्षा दे सकते हैं। सेकंड एक्जाम के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से फार्म भरवाए जा रहे हैं। फार्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई तक रहेगी। गौरतलब है कि इस आदेश का सबसे ज्यादा फायदा गणित, विज्ञान व अंग्रेजी के फेल विद्यार्थियों के लिए होगा। इन विषयों में अच्छे नंबर लाकर विद्यार्थी सेना की भर्ती के आवेदन के लिए योग्य हो सकते हैं। दरअसल मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में आठ साल पहले दसवीं में आधे से अधिक छात्र फेल हो गए थे। इस संकट से उबरने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बेस्ट ऑफ फाइव को लागू कर दिया। इसमें परीक्षार्थी सभी छह विषयों की परीक्षा में शामिल होंगे, लेकिन सर्वाधिक पांच अंक वाले विषय के नंबर जोडक़र रिजल्ट घोषित किया जाएगा। सबसे कम अंक वाले विषयों को रिजल्ट में शामिल नहीं किया जाता है। इससे विद्यार्थियों ने गणित, अंग्रेजी या विज्ञान में पर ज्यादा ध्यान बंद कर दिया। बेस्ट ऑफ फाइव लागू होने के बाद पिछले सालों में दसवीं की गणित व अंग्रेजी में सबसे ज्यादा विद्यार्थी फेल हुए थे। इस बार भी यही हाल है। इस बार दसवी की परीक्षा में बीते पंद्रह सालों में सबसे ज्यादा रिजल्ट रहा, लेकिन गणित, अंग्रेजी व विज्ञान विषयों में विद्यार्थी सबसे ज्यादा फेल हैं। इस बार दसवीं की गणित में 8,10,019 विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इसमें से 1,46,765 विद्यार्थी फेल हो गए। विज्ञान विषय में 8,10,019 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें 1,69,221 विद्यार्थी फेल हुए है। फेल प्रतिशत 21.24 प्रतिशत है। अंग्रेजी में 8,04,887 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें 1,66,407 विद्यार्थी फेल हुए। फेल प्रतिशत 21 फीसदी है। सामाजिक विज्ञान में 8.10,019 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें 86, 193 विद्यार्थी फेल हुए है। हिंदी विषय में 8,06,040 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें 68076 विद्यार्थी फेल हुए हैं। संस्कृत विषय में 7,24,965 विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें मात्र 30971 विद्यार्थी फेल हुए है। पास प्रतिशत 95.66 फीसदी रहा है।

# अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत एक साल में दी रूपए 1,403.54 करोड़ से अधिक की सब्सिडी

भोपाल। मप्र शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में प्रभावी व पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है। पिछले एक साल के दौरान मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 30 लाख से ज्यादा घरेलू उपभोक्ताओं को करीब 1403.54 करोड़ रूपए से अधिक की सब्सिडी दी गई है। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि सबसे ज्यादा सब्सिडी मार्च 2025 में लगभग 30 लाख उपभोक्ताओं को 129 करोड़ रूपए से अधिक की सब्सिडी प्रदान की गई है।

# निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणी संरक्षण करेगी सरकार

भोपाल । मध्य प्रदेश सरकार अब निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणियों का संरक्षण करेगी। इसके लिए वन विभाग ने नीति का प्रारूप तैयार कर लिया है, जो अनुमोदन के लिए कैबिनेट को भेजा है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए सीएसआर (कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के अंतर्गत अनुदान लेकर काम कराए जा सकेंगे। ऐसा तब किया जा रहा है, जब निजी क्षेत्र के सहयोग से बिगड़े वनों के सुधार की नीति का खुलकर विरोध हो रहा है।

वन विभाग द्वारा प्रदेश के बिगड़े वनों के सुधार के लिए दो माह पहले नीति लाई गई थी। इसके बाद आरएसएस से जुड़े वनवासी विकास संघ और अन्य आदिवासी संगठनों ने इसका विरोध किया था। इसको लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करके कहा था कि ऐसे में वनों का संरक्षण होने के बजाय नुकसान की स्थिति बनेगी। निजी क्षेत्रों के हस्तक्षेप के चलते वनों का ढांचा और भी गड़बड़ा जाएगा। इसलिए इस नीति पर काम नहीं करने के लिए कहा गया था। मुख्यमंत्री ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया था और इसके बाद निजी क्षेत्रों के सहयोग से बिगड़े वनों का विकास संबंधी कार्यक्रम रुक गया है। इन हालातों को देखते हुए वन अफसरों ने अब एक नीति का मसौदा तैयार किया है। इसमें निजी क्षेत्रों के सहयोग से वन्य प्राणियों के संरक्षण का प्रस्ताव है और इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद सीएसआर और अन्य प्रावधानों के अंतर्गत वन्य प्राणियों के रहवास और संरक्षण को लेकर वन विभाग अंशदान लेकर काम करा सकेगा। बताया जाता है कि टाइगर फाउंडेशन कमेटी में सीएसआर मद में राशि लिए जाने का प्रावधान है लेकिन इसको लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है।

# भोपाल में पीएम सुरक्षा में तैनात रहेंगे 3 हजार जवान

## आउटर नाके सील, होटल, लॉज और बाहरी किराएदारों का वेरिफिकेशन शुरू

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल आएंगे। देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के मौके पर जंबूरी मैदान में महिला सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में करीब एक लाख महिलाएं शामिल होंगी। पीएम के संभावित दौरे को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा इंतजाम चॉक चौबंद कर दिए हैं। उनकी सुरक्षा को लेकर भोपाल पुलिस कमिश्नर हरीनारायणचारी मिश्रा ने तमाम आला अधिकारियों की गुरुवार को मीटिंग ली।

इस मीटिंग में पीएम की सुरक्षा से जुड़े अहम निर्देश पुलिस कमिश्नर ने अधीनस्थ अधिकारियों को दिए हैं। वहीं शहर के सभी आउटर नाकों को सील कर दिया गया है। चैकिंग के बाद ही बाहरी वाहनों को शहर की सीमा में प्रवेश दिया जा रहा है। इसी के साथ भोपाल की सभी होटल, लॉज, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### जिम्मेदारी

भोपाल में रहने वाले बाहरी व्यक्तियों और किराएदारों का वेरिफिकेशन शुरू कर दिया गया है। पीएम के आगमन के दिन भोपाल में करीब 3 हजार अतिरिक्त पुलिस जवान तैनात रहेंगे। सम्मेलन की खास बात यह होगी कि पूरी व्यवस्था महिलाओं के हाथों में होगी। मंच संचालन से लेकर भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक, मीडिया और सुरक्षा तक का जिम्मा महिलाएं ही संभालेंगी। सम्मेलन में राज्य में महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं और उपलब्धियों की झलक सम्मेलन में दिखाई जाएगी। स्व सहायता समूहों की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें महिलाओं के स्टार्टअप, उद्योग, नवाचार और सेव सिटी प्रोजेक्ट जैसी पहल दिखाई जाएंगी। महिलाओं के आने-जाने, बैठने, पानी और खाने-पीने की भी अच्छी व्यवस्था की जाएगी। पीएम मोदी इंदौर मेट्रो को वर्चुअली हरी झंडी दिखा सकते हैं। इंदौर में प्रायोरिटी कॉरिडोर पर गांधी नगर से स्टेशन नंबर 3 के बीच फिलहाल मेट्रो चलाई जाएगी। हालांकि इंदौर में मेट्रो के कॉमर्शियल रन की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

### एसपीजी के हाथ में होगी सुरक्षा व्यवस्था की कमान

एसपीजी की टीम ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल को अपने सुरक्षा घेरे में ले लेगी। एसपीजी के अधिकारी स्टेट हैंगर पर भी तैनात रहेंगे। इमरजेंसी हालात में पीएम को निकालने के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था भी रहेगी। भोपाल नगरीय पुलिस पीएम के कार्यक्रम स्थल के पांच किलोमीटर परिधि में ड्रोन, हॉट एयर बॅलून व फ्लाईंग ऑब्जेक्ट उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने वाली है।

महिलाएं संभालेंगी सभी

### सांसद राहुल पर मधुमक्खियों के झुंड ने बोला हमला

# मची अफरा-तफरी, सभी को मौके से भागना पड़ा

भोपाल। दमोह में सांसद राहुल सिंह और अन्य बड़े नेताओं पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया। सांसद राहुल सिंह के साथ दमोह भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल समेत कई लोग मौजूद रहे। मधुमक्खियों के अचानक हमले से कई लोग घायल हो गए। दरअसल दमोह में सीता नगर सिंचाई परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद राहुल सिंह और अन्य नेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। सुबह 11 बजे डैम के पास मधुमक्खियों के अचानक हमले से अफरा-तफरी मच गई। सांसद समेत सभी लोगों को बचाव के लिए वहां से भागना पड़ा। हमले में सभी को एक-दो डंक लगे, लेकिन कोई गंभीर स्थिति नहीं बनी।

### सिचाई परियोजना से 100 गांवों को लाभ मिलेगा

बता दें कि 600 करोड़ रुपए की लागत से सीता नगर सिंचाई और जल आपूर्ति परियोजना बन रही है। इस योजना से आसपास के लगभग 100 गांवों को लाभ मिलेगा। इससे पीने का पानी और खेतों की सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। किसान साल में तीन फसलें उगा सकेंगे। इससे क्षेत्र में कृषि का विकास होगा। सांसद ने कहा कि वे काम की प्रगति देखने फिर आएंगे। कमियों को दूर किया जाएगा। मधुमक्खियों के हमले के बारे में उन्होंने कहा कि सभी नौजवान और ऊर्जावान हैं, इसलिए कोई नुकसान नहीं हुआ।

# राज्य सेवा के 21 अफसर बनेंगे आईएएस-आईपीएस

## - एसएएस के 48 और एसपीएस के 15 नामों का पैनल तैयार

भोपाल । मध्यप्रदेश के राज्य प्रशासनिक और राज्य पुलिस सेवा के 21 अफसर आईएएस-आईपीएस बनने जा रहे हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा के 16 और राज्य पुलिस सेवा के 5 अफसरों का प्रमोशन (नियुक्ति) कर अखिल भारतीय सेवा में शामिल करने की तैयारी हो गई है। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि जून के दूसरे सप्ताह में यूपीएससी में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक संभावित है। जिसमें इन अफसरों को आईएएस-आईपीएस अवॉर्ड की मंजूरी मिलेगी। दोनों सेवाओं के कौन-कौन से अफसरों का आईएएस-आईपीएस में प्रमोशन लगभग तय है।

आईएएस अवॉर्ड के लिए राज्य सरकार राज्य प्रशासनिक और राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों की सूची तैयार कर यूपीएससी को भेजती है। यूपीएससी अध्यक्ष किसी एक सदस्य को नॉमिनेट करता है। वह सदस्य मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव के साथ बैठक कर लिस्ट को अंतिम रूप देता है। समिति के नामों की सिफारिश किए जाने के बाद इसे डीओपीटी को भेजा जाता है। जहां से आईएएस अवॉर्ड की अधिसूचना जारी की जाती है। इस साल आईएएस के लिए वरिष्ठता सूची के आधार पर 2006 और 2007 बैच के अफसरों को मौका मिला है। आईपीएस के लिए 1997-98 बैच के अफसरों के नाम शामिल किए गए हैं। बता दें कि एक पद के लिए 3 नामों का प्रस्ताव तैयार किया जाता है।

### 2023 और 2024 के पदों के लिए होगी डीपीसी

इस साल 2023 और 2024 के 8-8 यानी 16 पदों के लिए डीपीसी होगी। दरअसल, 2023 में जिन आठ पदों के लिए डीपीसी होनी थी, वह यूपीएससी को देर से प्रस्ताव भेजने के कारण नहीं हो पाई थी। सामान्य प्रशासन विभाग ने डीपीसी के लिए प्रस्ताव तैयार कर मुख्य सचिव के अनुमोदन के लिए भेजा था। इसमें एसएएस के पदों के साथ नॉन एसएएस (अन्य सेवा) के पदों का भी प्रस्ताव भेजा गया था। इसको लेकर राज्य प्रशासनिक सेवा संघ ने विरोध जता दिया। तब एसएएस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और विरोध में ज्ञापन सौंपा था। ऐसा 2021-2022 में भी हुआ था।

### प्रस्ताव में 2007 बैच के 7 अफसर भी शामिल

इनके अलावा 2007 बैच के 7 और 2008 के दो अफसरों के नाम को भी प्रस्ताव में शामिल किया गया है। 2007 बैच के अफसरों में उपसचिव स्तर के 4 अफसर शामिल किए गए हैं। इनमें सपना लौवंशी, उपायुक्त (राजस्व), इंदौर संभाग, नीता राठौर, मुख्य महाप्रबंधक, पूर्व क्षेत्र वि. वि. क., जबलपुर, शैलेंद्र सिंह सोलंकी, अपर संचालक, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, इंदौर, रानी पासी, उप सचिव, लोकायुक्त कार्यालय, भोपाल, रंजना देवड़ा, उप सचिव, आयुष विभाग, माधवी नागेंद्र, उप सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग और वर्षा सोलंकी, उप सचिव, पर्यावरण विभाग, वहीं 2008 बैच के दो अफसरों का नाम पैनल में शामिल हैं उनमें प्रियंका गोयल, अतिरिक्त सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल और अभिषेक दुबे, सीईओ, जिला पंचायत गुना शामिल हैं।

### आईपीएस के 5 पदों के लिए 15 अफसर सिलेक्ट

राज्य पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा के लिए होने वाली डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) की बैठक जून के पहले सप्ताह में होने की उम्मीद है। गृह विभाग ने पिछले सप्ताह यूपीएससी को पैनल तैयार करके भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक, 5 पदों के लिए 1997 और 1998 बैच के 15 अफसर सिलेक्ट किए गए हैं। इसमें से दो अफसरों की जांच के कारण लिफाफे बंद रह सकते हैं।

# पीएम मोदी का 31 को भोपाल आगमन

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 31 मई को संभावित भोपाल दौरे को लेकर पुलिस ने सुरक्षा इंतजाम कड़े इंतेजाम किये हैं। सुरक्षा संबधी व्यवस्थाओ को लेकर भोपाल पुलिस कमिश्नर हरीनारायणचारी मिश्रा ने आला अधिकारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में पीएम की सुरक्षा से जुड़े अहम निर्देश पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को दिए हैं। सुरक्षा के चलते शहर की सीमाओ पर स्थित नाकों को सील कर दिया गया है। कड़ी चैकिंग के बाद ही बाहरी वाहनों को शहर की सीमा में प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं भोपाल की सभी होटल, लॉज, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। राजधानी में रहने वाले बाहरी व्यक्तियों और किराएदारों का वेरिफिकेशन शुरू कर दिया गया है।

# अब पूरे प्रदेश में जल वितरण का जिम्मा एक एजेंसी को

## - मोहन सरकार ला रही नई व्यवस्था!

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार अब राज्य में जल प्रबंधन और वितरण की व्यवस्था को केंद्रीकृत करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत प्रदेशभर में जल वितरण का जिम्मा एक एजेंसी को सौंपने की तैयारी है, जिसे जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी के लिए पेश किया जा सकता है। संबंधित एजेंसी को अपनी पाइपलाइन व्यवस्था और जल आपूर्ति क्षमता को जनसंख्या और क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार विकसित करना होगा। भविष्य की योजनाएं जल मांग के अनुमान और दीर्घकालिक जरूरतों के आधार पर तैयार की जाएंगी। पुरानी परियोजनाओं की क्षमता भी बढ़ाई जाएंगी, ताकि आपातकालीन स्थितियों में निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### अभी कई विभागों में बंटी है जिम्मेदारी

फिलहाल राज्य में जल आपूर्ति का काम नगर निगम, ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई), जल निगम और जल संसाधन विभाग जैसे कई अलग-अलग विभागों द्वारा किया जा रहा है। इससे जल वितरण में तालमेल की कमी, अनावश्यक देरी और संसाधनों की बर्बादी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। सरकार द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति ने इस व्यवस्था में व्यापक बदलाव की सिफारिश करते हुए सुझाव दिया है कि जल वितरण की जिम्मेदारी पूरे प्रदेश में एक एकीकृत एजेंसी को सौंपी जाए।

# शिवपुरी जिला पंचायत सीईओ अपने बैच में नम्बर वन

## - डीओपीटी ने 2020 बैच के आईएएस की प्रोबेशन के बाद फाइनल रैंकिंग की जारी

भोपाल। एमपी कैडर के नौ अधिकारियों की फिक्सेशन ऑफ इंटर एसई सीनियरिटी ऑफ प्रोबेशनर्स आईएएस 2020 की फाइनल रैंकिंग जारी कर दी गई है। इस रैंकिंग में शिवपुरी के जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन का नाम सबसे ऊपर है। जैन ने अपने बैच के 181 आईएएस अफसरों में फाइनल रैंकिंग में 40वां और एमपी में पहला स्थान पाया है। इस बैच के अधिकांश आईएएस अफसर वर्तमान में सीईओ जिला पंचायत के पद पर पदस्थ हैं।

वर्ष 2020 बैच के अफसरों की परिवीक्षाधीन अवधि के दौरान जिलों में ट्रेनिंग के साथ लिखित और एसेसमेंट वैल्यूएशन कराने की कार्यवाही की गई है। इसमें से 181 चयनित आईएएस अफसरों में एमपी कैडर के हिमांशु जैन को सारे आफिसर्स के बीच 40वीं रैंक मिली है। एमपी कैडर के अफसरों में हिमांशु टॉप पर हैं। आठ चयनित अफसरों में विवेक केवी की एमपी कैडर में आठवीं और ओवर ऑल 155वीं रैंक बनी है। फिक्सेशन ऑफ इंटर एसई सीनियरिटी ऑफ प्रोबेशनर्स आईएएस 2020 की फाइनल रैंकिंग में इसकी जानकारी कार्मिक और लोक जन शिकायत मंत्रालय की रिपोर्ट में दी गई है। यह रिपोर्ट मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ सभी अन्य राज्यों को भी भेजी गई है। इसके आधार पर अब एमपी कैडर में इन अधिकारियों की सीनियरिटी तय की जाएगी।

### अभी 2020 बैच के आईएएस की यह है सीनियरिटी

एमपी कैडर के अफसरों की 2020 बैच के अफसरों की सूची में अभी जो सीनियरिटी क्रम है उसमें सबसे पहले हिमांशु जैन और सबसे अंत में सर्जना यादव का नाम है। सीईओ जिला पंचायत शिवपुरी हिमांशु जैन के बाद सीईओ जिला पंचायत बालाघाट अभिषेक सराफ, सीईओ जिला पंचायत डिंडोरी अनिल कुमार राठौर, सीईओ जिला पंचायत सीधी अंशुमान राज, सीईओ जिला पंचायत अलीराजपुर प्रखर सिंह, सीईओ जिला पंचायत सागर विवेक केवी तथा सीईओ जिला पंचायत छिंदवाड़ा अग्रिम कुमार का नाम है। बताया जाता है कि सर्जना यादव ने एमपी कैडर के हिमांशु जैन के साथ विवाह किया है और वे एजीएमयूटी कैडर की अधिकारी रही हैं। अब एमपी कैडर में उनकी पदस्थापना है और 2020 के सीधी भर्ती कैडर के अफसरों में उनका नाम सबसे नीचे है।

### एमपी को मिलेगी एक और आईएएस

एमपी को एक और आईएएस जल्द मिलेंगी। कर्नाटक कैडर की 2023 बैच की आईएएस अधिकारी दृष्टि जायसवाल को केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय ने एमपी कैडर अलॉट किया है। यह कैडर परिवर्तन दृष्टि जायसवाल का विवाह एमपी कैडर के 2023 बैच के आईपीएस अधिकारी मनस्वी शर्मा के साथ होने के चलते हुआ है।

# मप्र के प्रभारी बनाए गए जितेंद्र सिंह तोमर

भोपाल । आम आदमी पार्टी ने संगठन में बड़ा बदलाव किया है। आप ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत कई प्रदेशों में प्रभारियों की नियुक्ति की है। जितेंद्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी है। इस संबंध में राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ संदीप पाठक ने आदेश जारी किए हैं।

आम आदमी पार्टी ने मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में प्रभारियों और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। दिलीप पांडे को ओवरसीज कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। जितेंद्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। जितेंद्र सिंह तोमर दिल्ली से विधायक है। उत्तर प्रदेश में साल 2027 में विधानसभा चुनाव होने है। इसे देखते हुए आम आदमी पार्टी का यूपी पर विशेष फोकस हैं। आप ने यहां चार सीनियर नेताओं को सह प्रभारी बनाया है। दिलीप पांडे, विशेष रवि, अनिल झा और चंद्रेंद्र कुमार को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं महाराष्ट्र में प्रकाश जारवाल, राजस्थान में धीरेश टोकस, उत्तराखंड में महेंद्र यादव, कर्नाटक में राजेश गुप्ता, हिमाचल प्रदेश में ऋतुराज गोविंद, तेलंगाना में प्रियांका कक्कड़, केरल में शेली ओबेरॉय, तमिलनाडु में पंकज सिंह और लद्दाख में प्रभाकर गौर को आम आदमी पार्टी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में विजय फुलारा और उत्तराखंड में घनेंद्र भद्राज को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सनराइजर्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी आरसीबी

लखनऊ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को आईपीएल लीग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत के साथ ही शीर्ष दो टीमों में जगह बनाना चाहेगी। आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए पहले ही क्वालीफाई कर दिया है। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी आरसीबी 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत हासिल कर वह पहले दो में पहुंचना चाहेगी। इस मैच को बारिश के कारण बेंगलुरु से लखनऊ स्थानांतरित किया गया है। इस सत्र में आरसीबी का प्रदर्शन अब तक काफी अच्छा रहा है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी लय में है जिससे वह जीत की प्रबल



दावेदार है। उसका लक्ष्य इस बार किसी भी हाल में खिताब जीतना है। उसके प्रमुख खिलाड़ी विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं, विराट ने अब तक 11 पारियों में सात अर्धशतक बनाए हैं। वहीं कप्तान रजत पाटीदार, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो उसके पास क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा जैसे स्पिनर हैं। वहीं तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी यश दयाल पर रहेगी। इस मैच में जोस हेजलवुड कंधे की चोट के कारण नहीं खेलेंगे। वहीं दूसरी और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ सत्र का समापन करना रहेगा। इस सत्र में उसकी बल्लेबाजी असफल रही है। आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये जिससे टीम सत्र में अधिकतर मैच हार गयी। उसके पास पैट कमिंस और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज हैं पर ये दोनो भी इस सत्र में असफल रहे।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**- रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

सनराइजर्स हैदराबाद- पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रेविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

## विश्व स्तर पर आगे जाने भारतीय फुटबॉल टीम को करने होंगे सुधार - मार्केज

### एशियाई कप क्वालीफाइंग के लिए हांगकांग से जीतना होगा

कोलकाता। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कहा है कि विश्व स्तर पर आगे जाने के लिए हमें काफी सुधार करने की जरूरत है। कोच के अनुसार अगर उनकी टीम को महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना है तो उन्हें बहुत अधिक सुधार करना होगा। भारतीय टीम को अब अपना दूसरा क्वालीफाइंग मैच 10 जून को हांगकांग से खेलना है जिसमें उसे किसी भी हाल में जीत हासिल करनी होगी। भारतीय टीम ने इस मैच के लिए अभ्यास भी शुरु कर दिया है। मार्केज ने कहा कि टीम प्रतिभाशाली है पर हमें अभी भी बहुत सुधार करने की जरूरत है क्योंकि मुझे लगा कि टीम पिछले सत्र को छोड़कर हर बार आगे बढ़ रही थी। मार्केज ने कहा कि एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा जिसये ये मुकाबला गोहित ड्रॉ रहा। उन्होंने कहा कि यह सच है कि बांग्लादेश के खिलाफ मैच के लिए हमें कुछ अहम खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिली पर हम अपने इसाक बहाना नहीं बना सकते।

हमें इस बात को समझना होगा कि हांगकांग में हमारा मैच काफी कठिन रहेगा। हमारे पास तैयारी करने और जीत कर तीन अंक हासिल करने के लिए यही अवसर है। भारतीय टीम को 2027 एशियाई कप क्वालीफाइंग तीसरे दौर के रुप सी में बांग्लादेश, हांगकांग और सिंगापुर के साथ रखा गया है। इसमें घरेलू और दूसरे टीम के घर में कुल छह मैच खेले जाने के बाद केवल शीर्ष टीम ही महाद्वीपीय टूर्नामेंट के अगले चरण के लिए क्वालीफाई करेगी।

## दिल्ली के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वालो में बुमराह पहले नंबर पर

मुम्बई। मुम्बई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खासे सफल रहे हैं। बुमराह ने अब तक दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक 30 विकेट लिए हैं। इस प्रकार बुमराह कैपिटल्स के खिलाफ सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में पहले नंबर पर हैं। बुमराह के अलावा वेस्टइंडीज के सुनील नरेन और और आर अश्विन भी कैपिटल्स के खिलाफ खासे सफल रहे हैं। इन गेंदबाजों ने अपनी विविधता और रणनीति से दिल्ली के बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ायी हैं।



**1 जसप्रीत बुमराह**

मुंबई इंडियंस के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 23 मैचों में दिल्ली के खिलाफ 30 विकेट लिए हैं। बुमराह की यॉर्कर, घातक बाउंसर और डेथ ओवरों में घातक गेंदबाजी का सामना करना दिल्ली के बल्लेबाजों के लिए परेशानी भरा रहा है। इस सत्र में भी बुमराह ने दिल्ली के खिलाफ 21 मई को वानखेड़े में खेले गए मैच में 2 विकेट लिए, जिससे उनकी संख्या 28 तक पहुंची। उनकी औसत 20.50 और इकॉनमी रेट 7.2 रही है, जो उनकी प्रभावशीलता को दर्शाता है।

**2 सुनील नरेन**

कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर सुनील नरेन ने 24 मैचों में दिल्ली के खिलाफ 27 विकेट लिए हैं। नरेन की कसी हुई गेंदबाजी और ऑफ-स्पिन की विविधता ने दिल्ली के बल्लेबाजों को बार-बार परेशान किया है। उनकी इकॉनमी रेट 6.8 और औसत 22.30 रही है। नरेन ने दिल्ली के शीर्ष और मध्य क्रम को कई बार ध्वस्त किया है।

**3 रविचंद्रन अश्विन**

अनुभवी ऑफ-स्पिनर आर अश्विन ने भी दिल्ली के खिलाफ 24 मैचों में 27 विकेट लिए हैं। अश्विन की चतुराई और कारवां जैसे विविधतापूर्ण गेंदों ने दिल्ली के बल्लेबाजों को परेशान किया। उनकी औसत 24.10 और इकॉनमी 7.5 रही है। अश्विन ने राजस्थान रॉयल्स और अन्य टीमों के लिए खेलते हुए दिल्ली के खिलाफ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया।

## लीग मैच बचे होने के कारण अबतक प्लेऑफ का कार्यक्रम नहीं आया

मुम्बई। आईपीएल 2025 के लिए चार टीमों गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और मुम्बई इंडियंस प्लेऑफ में पहुंच गयी हैं पर अभी तक प्लेऑफ का कार्यक्रम नहीं आया है। इसका कारण है कि प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमों को अभी अपने बचे हुए लीग मैच खेलने हैं।



चौथी टीम मुंबई इंडियंस का लीग स्तर का एक मैच अभी बाकि है, जबकि गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स को अभी 2-2 मैच और खेलने हैं। ऐसे में शीर्ष 2 स्थान के लिए मुकाबला अभी जारी है। मुंबई अपना अंतिम मैच जीतकर 18 अंकों तक पहुंच सकती है पर गुजरात 22 और पंजाब व दिल्ली 21-21 अंकों तक पहुंच सकती है। अभी अंक तालिका में गुजरात टाइटंस 18 अंकों के साथ शीर्ष पर है, वहीं आरसीबी 17 के साथ दूसरे स्थान पर है। आरसीबी और पंजाब किंग्स भी बराबर अंक है पर बेहतर नेट रन रेट के कारण आरसीबी पंजाब से ऊपर है।

**प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी टीमों के लीग मैचों का कार्यक्रम**

गुजरात टाइटंस- लखनऊ सुपर जाएंट्स (22 मई), चेन्नई सुपर किंग्स (25 मई)

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु- सनराइजर्स हैदराबाद (23 मई) और लखनऊ सुपर जाएंट्स (27 मई)

पंजाब किंग्स- दिल्ली कैपिटल्स (24 मई) और मुंबई इंडियंस (26 मई)

मुंबई इंडियंस- पंजाब किंग्स (26 मई)

## राठौर को इंग्लैंड दौरे में यशस्वी और ध्रुव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का मानना है कि युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। राठौर के अनुसार ये दोनो युवा हैं और पिछले कुछ समय में इन दोना का ही प्रदर्शन लगाता बेहतर हुआ है। भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में भारतीय टीम को रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना उतरना होगा क्योंकि इन दोनो ने हाल ही में संन्यास ले लिया था। ऐसे में युवाओं के ऊपर ही इनकी कमी भरने की जिम्मेदारी रहेगी।

राठौर का मानना ? है कि ये सीरीज टीम के लिए मुश्किल रहेगी क्योंकि हाल ही में संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली की की कमी पूरी करना आसान नहीं होगा। यशस्वी और जुरेल भारत ए टीम में भी शामिल हैं। ऐसे में ये दोनो इंग्लैंड लायंस



के खिलाफ दो चार दिवसीय मैच से लय हासिल कर सकते हैं। इनमें से पहला मैच 30 मई को कैंटरबरी में खेला जाएगा और उसके बाद भारत ए 13 जून को बेकेनहैम में मुख्य टेस्ट टीम के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेलेगा, उसके बाद 20 जून को हेडिंग्ले में टेस्ट सीरीज शुरू होगी। यह पहली बार होगा जब यशस्वी और जुरेल इंग्लैंड में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलेंगे।

राठौर ने कहा, यशस्वी और ध्रुव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरुआत के बाद से ही अच्छी पारियां खेली हैं। ये दोनो ही तकनीकी रुप से अच्छे हैं जिसका लाभ इन्हें मिलेगा हालांकि ये एक मुश्किल दौरा रहेगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी रिटायर हो चुके हैं और एक युवा टीम जा रही है। नया कप्तान भी हो सकता है। इसलिए, ये सभी चीजें थोड़ा दबाव बढ़ाएंगी पर इससे युवाओं को अपनी प्रतिभा और आपकी क्षमता को दिखाने का अवसर भी मिलेगा। इन दोनों में बहुत प्रतिभा है और मुझे पूरा भरोसा है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इस दौर से एक नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत होने वाली है, इसमें उसे पास रोहित, विराट के अलावा आर अश्विन भी नहीं होंगे। इसको लेकर राठौर ने कहा कि इनकी कमी खलेगी पर संन्यास सभी का व्यक्तिगत फैसला होता है जिसमें किसी को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है।

## शुरुआती चार मुकाबले जीतकर भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी कैपिटल्स

मुम्बई। दिल्ली कैपिटल्स की टीम एक बार फिर आईपीएल प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी है। वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 रन की हार के साथ ही 18 वें सत्र से बाहर हो गयी। इसी के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स पहली ऐसी टीम बन गई है जो शुरुआत के 4 मुकाबले जीतने के बाद भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई है।

कैपिटल्स ने इस सत्र की धमाकेदार शुरुआत की थी और अपने सभी मुकाबले जीते थे पर इसके बाद उसका अभियान पटरी से उतर गया। वहीं मुंबई इंडियंस शुरुआती झटकों के बाद वापसी करने में सफल रही। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दिल्ली को यह मैच हर हाल में जीतना था। इस मैच में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के नाबाद 73 और नमन धीर के सिर्फ 8 गेंदों में 24 रन की नाबाद पारी की सहायता से 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पिटल्स की बल्लेबाजी बिखर गयी और पूरी टीम 19वें ओवर में 121 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच में जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस 16 अंक लेकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी। गुजरात टाइटंस, आरसीबी और पंजाब किंग्स पहले ही प्लेऑफ में पहुंच गये थे।

## आइपीएल में अपने प्रदर्शन से उत्साहित हैं विपराज

नई दिल्ली। आईपीएल के इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के ऑलराउंडर विपराज निगम ने अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया है। विपराज ने निचले क्रम पर अच्छे फिनिशर की तरह खेलते हुए ही गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया। विपराज इससे बेहद



उत्साहित हैं। इस युवा क्रिकेटर का कहना है कि आईपीएल से उसका जीवन बदल गया है। अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से उसे कई अहम बातें पता चली हैं जो भविष्य में उसके काम आयेंगी। इस क्रिकेटर को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रुपए में खरीदा था पर उससे इससे कहीं बढ़कर योगदान दिया। इस युवा ने कहा, 'जीवन में कई बदलाव आए हैं। आईपीएल से चीजें बदल जाती है। आपको बड़े सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलता है। जिससे काफी कुछ सीखने को मौका मिलता है।

उन्होंने कहा, 'मेरे लिए ये नए अनुभव हैं और मैं अपने खेल में इस सीख पर अमल करने के प्रयास करुंगा। इस क्रिकेटर ने कहा कि कि कोचिंग स्टाफ से भी उसे काफी सहयोग मिला।। साथ ही कहा कि जब मुझे दिल्ली टीम ने शामिल किया तो मैने अपने कोचों और प्रबंधन से बात की। उन्होंने मुझे हमेशा कहा कि वे मुझे ऑलराउंर के तौर पर देखते हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट और लीग में मेरी बल्लेबाजी देखी और संदेश साफ था कि दो से चार ओवर फेंकने के अलावा मुझे बल्लेबाजी पर भी ध्यान देना है। इस क्रिकेटर ने कहा, 'अपने प्रदेश के लिए खेलने के बाद जब मैं राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी गया तो सभी कोचों ने मेरी काफी सहायता की। वहां मुझे बल्लेबाजी और गेंदबाजी ठीक करने काफी टिप्स मिलीं थीं।

## एकदिवसीय क्रिकेट का महत्व बना रहेगा - स्टीव वॉ

सिडनी। टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बाद पिछले कुछ साल में एक दिवसीय क्रिकेट का आकर्षण घटा है। ऐसे में एकदिवसीय क्रिकेट के भविष्य पर भी सवाल उठने लगे है। जहां कई दिग्गजों का मानना है की आने वाले समय में एकदिवसीय क्रिकेट प्रासंगिक नहीं रहेगा। वहीं दूसरी ओर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव वॉ का मानना है कि एकदिवसीय प्रारुप का महत्व आगे भी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट के लिए ओलंपिक के समान है। वॉ ने माना है कि छोटे प्रारूपों के बढ़ते दबाव से इसपर प्रभाव पड़ा है लेकिन इसके बाद भी 2023 विश्व कप भारी तादाद में लोगों ने देखा था। उन्होंने कहा कि हर किसी को लगता है कि एकदिवसीय क्रिकेट नहीं बचेगा पर सच ये है कि इसकी रेटिंग काफी ऊंची है और उसे लोग पसंद करते हैं। विश्व कप के बाद फिर इसमें रूचि कम हो जाती है और फिर बढ़ती है। यही हालात बने रहते हैं।

वॉ ने कहा कि हम इस समय तीनों प्रारूपों में जैसे तैसे संतुलन देख रहे हैं। फिर टी10 का भी दबाव है जिससे चार प्रारूप हो सकते हैं। पता नहीं कैसे चलेगा पर अभी तो चल रहा है। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट के लिए अहम है। यह ओलंपिक की ही तरह है। हर चार साल में विश्व कप खेलना। लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक में सौ से अधिक साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी।

सभी टेस्ट खिलाड़ियों के लिए समान मैच फीस की वकालत करते हुए वॉ ने कहा कि टेस्ट मैच खेलने वाले हर खिलाड़ी को समान पैसा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी कोई नहीं सुनता लेकिन मैंने 1999 में एक लेख में यह बात कही थी। टेस्ट मैच में मैच फीस समान होनी चाहिए। विश्व क्रिकेटर्स संघ के एक हालिया अध्ययन में कहा गया है कि वैश्विक क्रिकेट राजस्व का 38.5 प्रतिशत बीसीसीआई को मिलता है। इसमें व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम पर भी बात की गई है जिससे खिलाड़ियों का कार्यभार प्रबंधन मुश्किल हो रहा है।

## छाता लेकर अवॉर्ड लेने पहुंचे सूर्यकुमार

मुंबई। मुंबई इंडियंस की टीम दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच में जीत के साथ ही आईपीएल प्लेऑफ में पहुंच गयी। इस मैच में मुम्बई की जीत में बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की अहम भूमिका रही। इसके लिए सूर्यकुमार को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया पर मैच के बाद हुई तेज बारिश के कारण सूर्या को अवार्ड लेने छाता लेकर मंच पर जाना पड़ा हैं राहत की बात ये रही कि मैच के दौरान बारिश नहीं हुई। मैच के बाद हुई बारिश के कारण कप्तान हार्दिक पांड्या को इंटरव्यू को बीच में ही छोड़कर भागना पड़ा। वहीं सूर्यकुमार पीछे नहीं हटे और छाता लेकर अवॉर्ड लेने पहुंच गये।



इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआत में ही तीन विकेट खो दिये। तब तक टीम के 58 रन ही बने थे। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने एक छोर को संभाला और बाकी बल्लेबाजों के साथ मिलकर स्कोर बोर्ड को आगे बढ़ाया। सूर्या ने 19वें ओवर में 27 और 20वें ओवर में 21 रन जोड़कर मुंबई को 180 के स्कोर पर ला खड़ा किया। वहीं 181 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की भी शुरुआत खराब रही। कप्तान फाफ डुप्लेसी और केएल राहुल जैसे अनुभवी बल्लेबाज असफल रहे। समीर रिजवी ने 39 रनों की पारी खेली, मगर उन्हें दूसरे छोर से किसी का साथ नहीं मिला और परी टीम 18 ओवर व 2 गेंद में 121 रनों पर ही आउट हो गयी।

## जाफर ने इंग्लैंड दौरे के लिए बुमराह को बनाया कप्तान

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए अभी तक भारतीय टीम की घोषणा नहीं की है। वहीं पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने इस दौरे के लिए अपनी 16 सदस्यीय पसंदीदा टीम जरुर घोषित कर दी है। जाफर ने इस दल की कप्तानी जसप्रीत बुमराह को दी है। जाफर ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को रखा है। वहीं जाफर ने नंबर-3 पर शुभमन गिल को ही रखा है और उन्हें उप-कप्तानी भी दी है। वहीं नंबर-4 पर श्रेयस अय्यर और करुण नायर में से किसी एक को उतारा जाएगा। नंबर-5 पर उन्होंने विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को रखा है।



जाफर ने अपने इस दल में रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव को स्पिनर के तौर पर रखा है। वहीं ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी तेज गेंदबाज के तौर पर रखे गये हैं। अतिरिक्त खिलाड़ियों के तौर पर अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, अर्शदीप सिंह/प्रसिद्ध कृष्णा/आकाशदीप और वॉशिंगटन सुंदर को रखा गया है।

**जाफर की बनायी भारतीय टीम**

जसप्रीत बुमराह (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल,, श्रेयस अय्यर/करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, अर्शदीप सिंह/प्रसिद्ध कृष्णा/आकाशदीप और वॉशिंगटन सुंदर।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम की कप्तानी करेंगे आयुष, वैभव भी शामिल

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम घोषित कर दी है। इसमें आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले उभरते खिलाड़ी आयुष म्हात्रे को कप्तानी दी गयी है। वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी इसमें शामिल किया गया है। आयुष ने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स जबकि वैभव ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय अंडर 19 टीम का इंग्लैंड दौरा 24 जून से शुरु हो रहा है। दस दौरे पर अंडर-19 टीम को 5 एकदिवसीय और 2 मल्टी-डे मैच खेलने हैं।

इस दौरे में 50 ओवर का एक अभ्यास मैच भी शामिल है, इसके बाद पांच मैचों की यूथ एकदिवसीय सीरीज और इंग्लैंड 19 के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच होंगे। भारतीय अंडर19 टीमः आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडु (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह

स्टैंडबाय खिलाड़ीः नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)

24 जून- 50 ओवर वॉर्म अप मैच, लॉफ्बोरो यूनिवर्सिटी

27 जून- पहला वनडे, होव

30 जून- दूसरा वनडे, नॉर्थम्प्टन

2 जुलाई- तीसरा वनडे, नॉर्थम्प्टन

5 जुलाई- चौथा वनडे, वॉर्सेस्टर

7 जुलाई- पांचवां वनडे, वॉर्सेस्टर

12 जुलाई- पहला मल्टी डे मैच, बेकेनहैम

20 जुलाई- दूसरा मल्टी डे मैच, चेम्सफ़ोर्ड

## सूर्यकुमार ने की बावूमा की बराबरी

मुम्बई। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में एक अहम रिकार्ड की बराबरी की। इस मैच में 25 रन बनाते ही सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में लगातार सबसे अधिक पारियों में 25 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं। सूर्या से पहले ये रिकार्ड दक्षिण दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान टेंबा बावूमा के नाम था। बावूमा ने साल 2019-20 में 13 बार 25 से अधिक रन बनाये थे। वहीं अब सूर्यकुमार ने भी 13 बार 25 से अधिक रन बनाये हैं। मुंबई इंडियंस को अपना अंतिम लीग मैच 26 मई को पंजाब किंग्स से खेलना है। अगर सूर्यकुमार इस मैच में भी 25 रन बना लेते हैं तो वह विश्व क्रिकेट में लगातार 14 टी20 पारियों में 25 रन से अधिक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे।

**टी20 क्रिकेट इतिहास में लगातार सबसे ज्यादा बार 25 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी**

13 टेम्बा बावुमा (2019-20)

13 सूर्यकुमार यादव (2025)

11 ब्रैड हॉज (2005-07)

11 जैक्स रुडोल्फ (2014-15)

11 कुमार संगकारा (2015)

# स्थानांतरण नीति का पालन करते हुए होंगे ट्रांसफर

## कलेक्टर श्री मीना ने की ट्रान्सफर नीति के तहत आवेदनों की समीक्षा



बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। मप्र शासन द्वारा जारी स्थानांतरण नीति के बाद जिला स्तर पर ट्रांसफर की प्रक्रिया तेज हो गई है। गुरुवार को कलेक्टर मृणाल मीना ने जिला स्तर पर होने वाले तबादलों के सम्बंध में विभागों के साथ समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की नीति के अनुरूप ही ट्रांसफर किये जायें। साथ ही प्रकिया भी उसी अनुरूप हो। शिक्षा विभाग में 143 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि सभी शिक्षकों को मोबाइल पर ट्रांसफर के सम्बंध में मैसेज किये गए है। उसी अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए है। स्वास्थ्य विभाग में 100 आवेदन प्राप्त हुए है। वही वन विभाग में 212,जनजाति कार्य विभाग में 360, जिला पंचायत में 171, राजस्व विभाग में संविलियन के तहत 122 के अलावा तहसीलदारों व पटवारियों के प्रशासनिक आधार पर भी ट्रांसफर किये जा सकेंगे। कृषि विभाग में 29 आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए है कि आवेदन प्राप्त होने के पश्चात फाइल प्रस्तुत कर भोपाल भेजने की तैयारी की जाए। साथ ही कलेक्टर श्री मीना ने अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे को निर्देश दिए है कि स्थानीय कार्यालय में भी कुछ शाखाओं के ट्रांसफर जायज है तो प्रक्रिया अपनाते हुए कार्यवाही करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, संयुक्त कलेक्टर व जनजाति कार्य विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त राहुल नायक, जिला योजना अधिकारी बीएल राहगंडाले सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहें।

# तथागत बुद्ध जयंती समारोह 25 जून को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया प्रदेश कार्यालय सचिव राजकपुर कामडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय बौद्धो की सामाजिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के माध्यम से पूरे भारत देश में धम्म का कारवां निरंतर गतिमान हो रहा है। इसी क्रम में जिला जबलपुर मुख्यालय में एक दिवसीय तथागत सम्यक सम्बुद्ध जयंती का आयोजन लम्हेटाघाट (बौद्ध मठ)गोपालपुर, जबलपुर में किया गया है।समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केन्द्रीय कार्यालय प्रमुख मुंबई एड.एस. के.भंडारे होगें। वही प्रमुख अतिथियों में संस्था केबी.एच. गायकवाड गुरुजी राष्ट्रीय सचिव तथा म.प्र. द राज्य के प्रभारी मुंबई, डॉ. चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष म.प्र. राज्य शाखा द. बालाघाट, गौतम पाटिल राष्ट्रीय संघटक भोपाल, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्यालय सचिव बालाघाट होगें। मुख्य वक्ता के रूप में आद.सुषमा ताई पाखरे प्रखर वक्ता लेखिका, कवियत्री वर्धा महाराष्ट्र होगी। वही विशेष अतिथि के रूप में नीरज सिंह लोधी विधायक बरगी जबलपुर, दीपक आड़कने, वैजयंतीमाला चिकाटे प्रदेश सचिव, एड. एस.एल. वर्मा, प्रदेश संघठक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जबलपुर यादवराव मेश्राम करेगें।उदघाटन एंव धम्मदेशना पूज्य भंते कारुणिक जी एवं धम्मशरण जी करेंगे। अतः जिला शाखा बालाघाट,जबलपुर एवं मध्यप्रदेश राज्य की ओर से सभी से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है।

# एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आज तीसरा दिन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। एनसीसी के दस दिवसीय 96वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का तीसरा दिन आज जिले के गोंगलई में आयोजित किया गया। इस दिन की शुरुआत सुबह 5 बजे शारीरिक व्यायाम से हुई। जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम किये। इसके बाद कैडेट्स को ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया और एनसीसी कक्षा का संचालन किया गया। शाम में आयोजित गेस्ट लेक्चर में इंडियन बैंक के अधिकारी दिनेश कुमार मेहरा और महावीर मुर्मु ने कैडेट्स को बैंक संबंधित जानकारी प्रदान की और साइबर क्राइम के संबंध में मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर शिविर एनसीसी अधिकारी डॉ गजानन कटरे और अन्य सहयोगी अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनित्य फुले का सुयश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। शासकिय उच्चतर माध्यमिक हायर सेकन्ड्री स्कूल लामता के कक्षा 12 वीं के छात्र अनित्य फुले ने 87प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल के साथ अपने गुरुजनों एवं अपने माता पिता एवं अपने ग्राम दुटी बाँध का नाम रोशन किया। अनित्य फुले ग्राम दुटी बाँध के अजय फुले माता श्यामा फुले के सुपुत्र हैं, जो आर्थीक स्थिति खराब होने के बावजूद भी खूब मन लगाकर पढ़ाई किया जिसका परिणाम आज सामने आया है एवं अनित्य फुले के बड़े पापा एवं बड़ी मम्मी के मार्गदर्शन से अनित्य फुले उच्च शिक्षा प्राप्त कर पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहता हैं। हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।



# बांग्लादेश में आर्मी चीफ और मोहम्मद यूनुस में ठनी...

### नहीं चलेगी सत्ता में बने रहने की चालाकी!

नई दिल्ली (ईएमएस)। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को एक कड़ा संदेश भेजा है। वकार ने यूनुस से कहा है कि वो शीघ्र चुनाव कराएं, सैन्य मामलों में हस्तक्षेप करना बंद करें और प्रस्तावित रखाइन कॉरिडोर जैसे प्रमुख मुद्दों की जानकारी सेना को देते रहें।

बुधवार को ढाका के सेनाप्रांगन में तीनों सेना के सेना दरबार में जनरल वकार ने घोषणा की कि अंतरिम सरकार को इस साल दिसंबर तक राष्ट्रीय चुनाव कराने होंगे। पिछले साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हिंसक तरीके से हटाए जाने के बाद जनरल वकार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव के लिए परिस्थितियां तैयार करने की खातिर अंतरिम सरकार की स्थापना की थी। शेख हसीना के जाने के बाद बांग्लादेश के सैन्य प्रमुख ने सत्ता पर सीधा कब्जा करने के लालच से खुद को दूर रखा क्योंकि ऐसा लगता है कि वो इतिहास को भूले नहीं हैं। वो अपने दोस्तों से कहते रहते हैं कि बंगाली देश में सत्ता पर कब्जा करने वाले जनरलों को मृत्यु या अपमान का सामना करना पड़ा।

सत्ता पर कब्जा करने के बजाय, उन्होंने तीन कामों पर फोकस किया- लोकतंत्र को बहाल करना, स्थिरता बनाए रखना और बांग्लादेश सेना के प्रोफेशनल स्टैंडर्ड्स को बनाए रखना। जनरल के इन कामों ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में बेहतरीन योगदान करने वाला बना दिया है।

### जनरल वकार को पद से हटाना चाहते हैं यूनुस!

जनरल के हालिया बयान से साफ है कि वो समय से पहले चुनाव कराने की कोशिश कर रहे हैं। वो सेना को वापस बैरकों में ले जाना चाहते हैं ताकि वो लोगों के रक्षक की भूमिका निभाए न किसी हड़पने वाले की। लेकिन उनकी ये कोशिश यूनुस के साथ उनके विवाद की वजह भी बनती जा रही है जो एक ओर तो चुनावों में धांधली के लिए हसीना की आलोचना करते हैं, लेकिन दूसरी ओर बिना जनादेश के शासन करना चाहते हैं। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों का कहना है जनरल वकार को यह भी शक है कि यूनुस बाहरी ताकतों के साथ मिलकर देश में उनके खिलाफ प्रदर्शन करा रहे हैं उन्हें पद से हटाना चाहते हैं। इसलिए, मंगलवार को उन्होंने कड़े शब्दों में यूनुस को संबोधित किया गया। इस दौरान वायु सेना और नौसेना प्रमुख उनके साथ थे। वकार का तीनों सेना के साथ मिलकर शक्ति प्रदर्शन का मकसद तीन अहम संदेश देना था कि सेना प्रमुख के पीछे सेना एकजुट है, सेना सुरक्षा और रक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मामलों में अंधेरे में रखा जाना बर्दाश्त नहीं करेगी और सेना अब अराजकता और अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं करेगी (इस्लामी भीड़ का सड़क पर आंदोलन करना जो यूनुस ब्रिगेड की एक पसंदीदा रणनीति है)।

### रखाइन कॉरिडोर बनाना चाहते हैं यूनुस

इस दौरान जनरल वकार ने चटगांव से रखाइन कॉरिडोर तक का मुद्दा उठाया जिसे यूनुस म्यांमार में मानवीय आपूर्ति पहुंचाने के लिए बनाना चाहते थे। लेकिन माना जा रहा है कि रखाइन कॉरिडोर का इस्तेमाल अमेरिका म्यांमार के विद्रोही समूहों को सैन्य आपूर्ति भेजने के लिए कर सकता है। सेना इसके सख्त खिलाफ है। जनरल वकार ने इसे खूनी गलियारा कहकर साफ कर दिया कि वो बांग्लादेश को म्यांमार के गृहयुद्ध में घसीटने के सख्त खिलाफ हैं। इस गलियारे के लिए पैरवी कर रहे वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिकों ने इस सप्ताह जनरल से मुलाकात की, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने अपना विचार नहीं बदला है। यूनुस अमेरिका को खुश करने के लिए कॉरिडोर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करना उन्हें बिना निर्वाचित हुए देश चलाने में मदद कर सकता है। बांग्लादेश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों, अवामी लीग और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी, साथ ही वामपंथी पार्टियों ने भी रखाइन कॉरिडोर का विरोध किया है।

# तस्माक घोटाले से जुड़े 41 मामलों पर तमिलनाडु सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी

### मद्रास उच्च न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई कर दिया आदेश

चैन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (तस्माक) घोटाले से जुड़े 41 मामलों पर तमिलनाडु सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी है। यह आदेश तिरुनेलवेली के वकील के. वेंकटचलपति द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान आया, जिसमें दावा किया था कि तस्माक दुकानों के माध्यम से बेची जाने वाली शराब की अधिक कीमत वसूलने का आरोप लगाकर कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, इसमें 1,000 करोड़ रुपये की अनियमितताएं सामने आई हैं। याचिका के अनुसार, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने 2017 से 2024 के बीच एफआईआर दर्ज की थी।

वेंकटचलपति ने अदालत से जांच को सीबीआई को देने आग्रह किया, याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ईडी की जांच में बाधा डाल रही है। डीएमके सरकार की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता पीएस रमन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि मामलों को अन्य एजेंसियों को हस्तांतरित करने से पहले आरोपी व्यक्तियों की सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने अदालत से आरोपियों को प्रति-याचिकाकर्ता के रूप में जोड़ने का आग्रह किया।

# पीएम आवास राशि लेने के बाद भी पूरा नहीं किया आवास, अब आरआरसी जारी कर होगी वसूली

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली, दूसरी ओर तीसरी किस्त लेने के बाद भी आवास पूरा नही कर पाएं हितग्राहियों से राशि वापस लेने के लिए नगर पालिका बड़ी कार्यवाही की ओर बढ़ रहा है। बालाघाट नगर पालिका की प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक के हितग्राहियों को नगर पालिका द्वारा दूसरी किस्त लेने वाले 146 हितग्राही और तीसरी किस्त लेने वाले 73 हितग्राही है, 2-2 लाख व 2.50-2.50 लाख रुपये प्राप्त करने के बाद भी आवास पूरा नही कर सकें। नगर पालिका सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया ने बताया कि नगर के 219 हितग्राहियों को करीब एक साल पहले राशि वापस करने के नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद अब तक न तो आवास पूरा किया और न ही राशि जमा की। अब नगर पालिका द्वारा आरआरसी जारी कर वसूली की जाएगी। ज्ञात हो कि नगर पालिका ने बीएलसी घटक अंतर्गत 146 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त के रूप में कुल 29200000 और तृतीय किस्त के 18250000 रुपये का लाभ दिया जा चुका है। इस तरह नपा ने 219 हितग्राहियों को 4 करोड़ 74 लाख 50 हजार रुपये योजना में दिए है।

### हितग्राहियों व नपा के पास दो-दो विकल्प

नपा सीएमओ श्री कतरोलिया ने कहा कि 219 हितग्राहियों को योजना के तहत दी गई राशि से आवास पूरा करें या राशि वापस करना होगी। अगर ऐसा नही होता है तो एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इसी तरह हितग्राहियों को ऐसी स्थिति निर्मित न हो इसके लिए आवास पूरा कर सूचित करें या ली गई राशि वापस करनी होगी। जहां तक वसूली की बात है तो अब आगे तहसीलदार को नगर पालिका द्वारा वसूली योग्य हितग्राहियों की सूची सौंपनी होगी। उसके बाद तहसीलदार द्वारा एमपीएलआरसी के तहत धारा-164 में नोटिस जारी कर सूचित किया जाएगा।

# विदेश की तरह 'बॉडी वॉर्न' कैमरे से लैस होगी पुलिस

## 52 जिलों के लिए 1032 बॉडी वॉर्न कैमरे की खरीदी

भोपाल । मध्य प्रदेश के पुलिस विभाग में पारदर्शिता लाने के लिए अनोखा नवाचार किया जाने वाला है। प्रदेश के पुलिसकर्मी अब 'बॉडी वॉर्न' कैमरे से लैस रहेंगे। इससे न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता रहेगी। बल्कि उन्हें किसी भी गलत आरोप से बचाएगी।

दरअसल, महानगरों और विदेश में पुलिसकर्मियों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले बॉडी वॉर्न कैमरे से अब एमपी के सभी जिलों के पुलिसकर्मी भी लैस होंगे। पुलिस मुख्यालय ने 52 जिलों के लिए 1032 बॉडी वॉर्न कैमरों की खरीदी की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए टेंडर बुलाए गए हैं।

### भोपाल-इंदौर के थानों में दिए जा सकते हैं कैमरे

पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत केंद्र सरकार से 60 फीसदी तो राज्य सरकार से 40 फीसदी राशि मिलेगी। इसी योजना के तहत बॉडी वॉर्न कैमरों की खरीदी की जा रही है। पुलिस कमिश्नर प्रणाली वाले भोपाल और इंदौर के सभी थानों में ये बॉडी वॉर्न कैमरे दिए जाने की योजना है।



### कैमरे की खासियत

बॉडी वॉर्न कैमरे से घटनास्थल की लाइव फुटेज देखी जा सकेगी। अपराधियों को पकड़ने में की गई कार्रवाई की रिकॉर्डिंग और लाइव फुटेज मुहैया होगी। इन कैमरों को पुलिसकर्मी वर्दी पर आगे की ओर लगाएंगे। ये अधिकतम 55 डिग्री तापमान में भी काम करने में सक्षम होंगे। ये कैमरे माइनस दस डिग्री और अधिकतम 55 डिग्री तापमान में भी काम करने में सक्षम होंगे। वाटर प्रूफ नाइट विजन कैमरों में आठ घंटे तक ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा होगी। इन कैमरों में 32 जीबी की इनबिल्ट मैमोरी होगी जरूरत पड़ने पर इसे 128 जीबी तक बढ़ाया जा सकेगा।

### मैदानी पुलिस वालों को दिए जाएंगे कैमरे

भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा ने कहा कि पुलिस की पारदर्शिता बनाए रखने और पारदर्शी तरीके से कार्रवाई करने में बॉडी वॉर्न कैमरे महत्वपूर्ण घटक हैं। सड़कों पर जो पुलिस रहती है उसमें लगभग 40 के आस-पास कैमरे इस्तेमाल किए जा रहे हैं लेकिन इसकी उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। थानों में जो जवान होते हैं, बयान लेने जाने वाले पुलिसकर्मी, इन्वेस्टिगेशन में जाने वाले और किसी भी कानून व्यवस्था में रहने वाले पुलिसकर्मियों के पास यह कैमरे होंगे। आगामी समय में डायल हंड्रेड वालों को भी कैमरे दिए जाएंगे जिससे घटना के बारे में पारदर्शिता के साथ काम कर सकें। और तत्परता से उस पर कार्रवाई कर सकें। साथ ही पुलिस की निष्पक्षता भी बरकरार रहे।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में नहीं लगेंगे झटके

### - डिवाइस मापेगी स्पीड के वक्त ट्रेन का वाइब्रेशन

भोपाल। वंदे भारत एक्सप्रेस का सफर और सुविधाजनक बनाने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस में कंपन नापने के यंत्र लगाए जा रहे हैं। जिससे एक लिमिट से ज्यादा कंपन होने पर वंदे भारत का सस्पेंशन ठीक किया जा सके। वहीं दूसरी तरफ छोटे रेलवे स्टेशनों को लेकर भी सरकार तेजी से काम कर रही है। अमृत भारत योजना के तहत नवीनीकृत किए जाने वाले 103 रेलवे स्टेशनों में छह रेलवे स्टेशन मध्य प्रदेश के भी शामिल हैं। जिनका आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकार्पण करने जा रहे हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने के लिए तैयार की गई एक लग्जरी ट्रेन है। इतनी अधिक स्पीड की इस ट्रेन में कंपन हो सकता है। इसी कंपन को नापने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस में एक डिवाइस लगाई जा रही है, ताकि यदि जरूरत से ज्यादा कंपन नजर आए, तो ट्रेन की मरम्मत का काम किया जा सके। पश्चिम मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव का कहना है कि इन ट्रेनों का निर्माण इस तरीके से किया गया है कि बैठने वाले यात्रियों को अंदर बिल्कुल भी कंपन महसूस नहीं होती, फिर भी रेलवे अपनी तरफ से इसे बिल्कुल शून्य करना चाहता है।

### एमपी के 6 स्टेशनों का नवीनीकरण

अमृत भारत योजना के तहत पूरे भारत में 1300 छोटे-छोटे स्टेशनों का नवीनीकरण का काम चल रहा है। इनमें लगभग हर स्टेशन पर 20 करोड़ रुपए खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 103 रेलवे स्टेशनों का काम लगभग पूरा हो गया है। इन 103 रेलवे स्टेशनों में मध्य प्रदेश के 6 रेलवे स्टेशनों पर भी काम पूरा हो चुका है। जिसमें सिवनी, शाजापुर, कटनी साउथ, श्रीधाम, ओरछा, नर्मदापुरम शामिल है। इन 103 स्टेशनों का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल तरीके से करने जा रहे हैं। यह कार्यक्रम 22 मई को आयोजित होगा।

### रेलवे स्टेशनों पर सुविधा मुहैया

पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि इन नवीनीकृत रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए कई सुविधाएं विकसित की गई है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने डल झील पर तिरंगा शिकारा रैली निकाली

श्रीनगर। भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मान में श्रीनगर में डल झील पर तिरंगा शिकारा रैली निकाली। भाजपा प्रवक्ता और जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. दरख्शां अंद्राबी ने कहा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक सफल ऑपरेशन रहा है। हमारे सैनिकों ने आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया। अंद्राबी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह ऑपरेशन सफल हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने वहीं किया जो उन्होंने कहा था। इससे पहले पहलगाम के भाजपा नेताओं और स्थानीय लोगों ने भारतीय सशस्त्र बलों और ऑपरेशन सिंदूर के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली थी। तिरंगा यात्रा के दौरान पहलगाम लोकल पोनीवाला एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल वहीद वानी ने कहा कि यह रैली उन संदेशों को जवाब है जिन्होंने यहां कायरतापूर्ण हमला किया। कश्मीर भारत का हिस्सा है। हम इस रैली के माध्यम से पर्यटकों को आमंत्रित करना चाहते हैं और उन्हें बताना चाहते हैं कि वे यहां आएं, कश्मीर आपका है।

# कर्मचारियों की भर्ती में लाखों की वसूली, मिशन शक्ति योजना में फर्जीवाड़ा

भोपाल । देश में महिलाओं को सुरक्षित, संरक्षित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने मिशन शक्ति योजना शुरू की है। यह योजना महिलाओं के जीवन के विभिन्न चरणों में उन्हें एकीकृत देखभाल, सुरक्षा, संरक्षण, पुनर्वास और सशक्तिकरण प्रदान करती है। मप्र में इस योजना में फर्जीवाड़ा सामने आया है। जानकारी के अनुसार मिशन शक्ति योजना में महिला बाल विकास विभाग में आजीविका मिशन जैसा भर्ती घोटाला सामने आया है। केंद्र सरकार की मिशन शक्ति योजना में सभी जिलों के लिए महिला हब बनाया गया है। इसके लिए जिला मिशन समन्वयक समेत आठ कर्मचारियों की भर्ती की जानी थी। विभाग ने मुंबई की कंपनी टीएंडएम को आउटसोर्सिंग पर भर्ती का ठेका दे दिया। कंपनी ने मनमाफिक ढंग से कर्मचारियों की भर्ती कर ली। चयनित लोगों से लाखों रुपए वसूलने के आरोप हैं। बदले में न योग्यता का परीक्षण किया गया न ही वांछित अनुभव को परखा गया।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की इस योजना को मप्र में बड़ी तत्परता से लागू किया गया। मिशन शक्ति के मुख्य उद्देश्य महिलाओं को घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और अन्य प्रकार की हिंसा से सुरक्षा प्रदान करना, महिलाओं के लिए सुरक्षित और संरक्षित वातावरण बनाना, जिसमें वे बिना किसी डर के रह सकें। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें शिक्षा और कौशल विकास प्रदान करने और उनके सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों को मजबूत करने में मदद करना। महिलाओं को उनके जीवन के विभिन्न चरणों में, जैसे कि गर्भावस्था, प्रसव, बच्चों की देखभाल और वृद्धावस्था में, एकीकृत सेवाएं प्रदान करना। महिलाओं के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए व्यवहार परिवर्तन संचार करना। लेकिन यह योजना फर्जीवाड़े का शिकार हो गई है।

### लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू में शिकायत

जानकारी के अनुसार महिला बाल विकास विभाग में जिस तरह आजीविका मिशन में घोटाला हुआ है, उसी तरह केंद्र सरकार की मिशन शक्ति योजना में सभी जिलों के लिए महिला हब बनाया गया है। इसके लिए जिला मिशन समन्वयक समेत आठ कर्मचारियों की भर्ती की जानी थी। विभाग ने मुंबई की कंपनी टीएंडएम को आउटसोर्सिंग पर भर्ती का ठेका दे दिया। कंपनी ने मनमाफिक ढंग से कर्मचारियों की भर्ती कर ली। चयनित लोगों से लाखों रुपए वसूलने के आरोप हैं। बदले में न योग्यता का परीक्षण किया गया न ही वांछित अनुभव को परखा गया। मामले की शिकायत लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू के साथ मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को की गई है। भर्ती को लेकर विभाग के आला अधिकारी भी चुप हैं। जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय हब के लिए समन्वयक, जेंडर स्पेशलिस्ट, फाइनेंस स्पेशलिस्ट, अकाउंट सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत आठ पद पर भर्तियां की गई हैं। मिशन शक्ति में महिलाओं के सशक्तिकरण का काम होना है लेकिन विभाग ने 80 फीसदी कर्मचारियों के रूप में पुरुष आवेदकों को चयनित कर लिया।

काम का अनुभव नहीं

अधिकतर आवेदकों के पास महिलाओं के डोमेन में काम करने के वास्तविक अनुभव नहीं थे। इसके बावजूद कंपनी ने

# सात माह में 25 शादियां करने वाली लुटेरी दुल्हन को राजस्थान पुलिस ने कैसे पकड़ा भोपाल से

महाराजगंज। यूपी के महाराजगंज जिले के एक गांव में ठगी का अलग तरह का मामला आया है। गांव की एक युवती पति के साथ मिलकर गिरोह बनाकर शादी के एप के माध्यम से लोगों से ठगी कर रही थी। युवती लोगों को झांसे में लेकर सात माह में 25 शादियां कर चुकी है। लुटेरी दुल्हन को राजस्थान की पुलिस ने मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। हालांकि, महाराजगंज पुलिस को इसकी जानकारी अभी नहीं है, लेकिन यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। कोल्हुई क्षेत्र के एक गांव निवासी शख्स की शादी नौतनवा क्षेत्र की एक युवती से वर्ष 2018 में हुई। पहले ही पहचान होने के कारण दोनों ने प्रेम विवाह किया था। युवती ने घर से भागकर शादी की और कुछ दिन बाद दोनों गांव में आकर रहने लगे। एक साल बाद ससुराल वालों ने युवती के आचरण से परेशान होकर बेटे से युवती को अलग कर दिया। इसके बाद दंपति घर के पास ही खाली पड़े एक मकान में रहने लगा। ग्रामीणों के अनुसार 2021 में दोनों बिना किसी को बताए अपनी छह साल की बेटी को छोड़कर और बेटे को साथ लेकर कहीं चले गए। बताया जा रहा है कि घर छोड़ने के बाद दोनों ने भोपाल को अपना ठिकाना बनाया। वहां युवती ने एक गिरोह बनाया। इसमें छह लोग बताए जा रहे हैं। ये लोग शादियों के लिए ऑनलाइन एप चलाते थे और अविवाहित लड़कों को अपने जाल में फंसाकर शादी करते थे। दो-चार दिन बीतने के बाद ये लोग उनके घर के जेवरात-नकदी आदि लेकर फरार हो जाते थे। बताया जा रहा है कि युवती ने सात महीने में 25 शादियों की थीं।

# नगरी क्षेत्र में 2 की संदिग्ध अवस्था में मौत

## पोस्टमार्टम के बाद परिजनो के सुपुर्द किया गया शव, मामले की जांच में जुटी कोतवाली पुलिस

बालाघाट( पद्मेश न्यूज़ )। नगरी थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानो में संदिग्ध अवस्था में दो लोगों की मौत हो गई। जिनके शव का गुरुवार की सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। तो वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।संदिग्ध अवस्था में मौत का पहला मामला सरेखा वार्ड नंबर 30 का है। जहां रेलवे ओवरब्रिज के नीचे रहने वाली 39 वर्षीय एक अज्ञात महिला की अचानक तबीयत खराब होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। जहां मौत के दूसरे दिन उनके परिजनों को मामले की जानकारी मिली।जहा उस अज्ञात शव की पहचान परिजनों द्वारा भारती पति संदीप बाचलवार के रूप में की गई। जिसकी शिनाख्ती के बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।



### सरेखा उड़ान पुल के नीचे रहती थी भारती

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक भारती बाचलवार के दो पुत्र हैं। जहां दोनों पुत्र अमित और साहिल नाबालिक है जो मजदूरी कम से इधर-उधर रहते हैं बताया जा रहा है की भारती का पति संदीप कई वर्षों पूर्व उन्हें छोड़कर चला गया था जो वर्तमान समय में गर्रा में निवास करता है। जानकारी के अनुसार भारती सरेखा ओवरब्रिज के नीचे अकेले रहती थी। जिसकी दो दिन पूर्व अचानक तबीयत खराब हो गई थी जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। अज्ञात महिला की मौत होने की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस द्वारा भारती के परिजनों का पता लगाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को उनके दो पुत्र होने की जानकारी मिली। जिसपर पुलिस उनके दोनों पुत्रों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची जहां उनके पुत्रो ने अज्ञात महिला की पहचान उनकी मां, भारती पति संदीप के रूप में की। जहां अज्ञात शव की शिनाख्त होने पर परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। वहीं पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### उधर राम मंदिर के पास मिला अधेड़ का शव

संदिग्ध मौत का दूसरा मामला राम मंदिर परिसर का है। जहां गुरुवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था में शव मिला है। जिसकी पहचान आजाद चौक वार्ड नंबर 19 निवासी महेंद्र पिता स्व.राजाराम पिपलेवार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्र पिपलेवार अविवाहित था और वह शराब पीने का आदि।जो अक्सर घर पर नही रहता था और बाहर घूमकर ही खाना पीना करता था।बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह वह राम मंदिर परिसर में पड़ा हुआ था।जिसकी सूचना मिलने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया था।जिसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जहां मृत्यु संदिग्ध अवस्था में होने पर अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा परिजनों के बयान दर्ज कर पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की।वही मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।तो वहीं पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि महेंद्र की मौत कैसे हुई फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# रजेगांव सड़क दुर्घटना मे पिता की मौत बाल-बाल बची बेटी

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजेगांव मे फोरलेन मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना मे किरनापुर के ग्राम सोनपुरी निवासी रूपेश वैद्य की इलाज के दौरान गोंदिया के अस्पताल मे दर्दनाक मौत हो गई। वही इस हादसे मे रूपेश की बेटी मुस्कान वैद्य घायल हो गई जिसे हाथ मे चोटे आई है। घटना के संबंध मे जानकारी देते हुए मुस्कान वैद्य ने बताया कि 21 मई दिन बुधवार को उसकी सीओटी की परीक्षा दोपहर 3 बजे से वारासिवनी मे थी। अपने पिता के साथ स्कूटी से वह जा रहे थे। दोपहर 12:30 बजे जैसे ही वे ग्राम रजेगांव पार कर फोरलेन पर पहुंचे, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डंफर ने जोर से स्कूटी को टक्कर मारी और फरार हो गया। टक्कर लगने से हम दोनो वही पर गिर पड़े। उसके बाद उसे भी कुछ होश नही। बताया गया कि हादसे के बाद राहगीरों मे कुछ लोग पहचान के होने पर उनके द्वारा घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए हुए तत्काल ही गोंदिया के अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल रूपेश वैद्य की मौत हो गई। वही उसकी बेटी मुस्कान वैद्य को हाथ मे चोटे आई है। आपको बता दें कि सोनपुरी निवासी रूपेश वैद्य के परिवार मे महज तीन सदस्य हैं जिसमे रूपेश वैद्य जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर मे सुरक्षा गार्ड का काम किया करता था। उसकी पत्नि नीतू वैद्य जो घरेलू कामकाज किया करती है तथा इकलौती बेटी मुस्कान वैद्य जो इस वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी से 12 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। घटना दिनांक को वह अपने पिता के साथ सी ओ टी की परीक्षा देने स्कूटी से ही वारासिवनी जा रहे थे। स्कूटी मुस्कान के पिता रूपेश चला रहे थे। और रजेगांव मे फोरलेन सड़क पर यह दर्दनाक हादसा घटित हो गया जिसमे रूपेश वैद्य की मौत हो गई। बहरहाल इस मामले को पुलिस ने संज्ञान मे लेते हुए जांच शुरू कर दी है।




### गमगीन माहौल मे इकलौती बेटी मुस्कान ने दी अपने पिता को मुखाग्नि

सड़क हादसे मे अपने पिता रूपेश वैद्य को खो चुकी मुस्कान ने अंतिम संस्कार कार्यक्रम मे बेटी मुस्कान ने अपने पिता को बेहद गमगीन माहौल मे मुखाग्नि दी। इस पल को देखते हुए अंतिम संस्कार कार्यक्रम मे शामिल जनमानस की आंखें भी नम हो गई। वही उसकी मां नीतू का रो- रो कर बुरा हाल था। जिस किसी को भी सड़क हादसे मे रूपेश वैद्य के असमय मौत हो जाने की खबर पता चली उसने रूपेश के मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव की सराहना करते हुए पछतावा व्यक्त करते हुए अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

# एक व्यक्ति ने पत्नी को हाथ बुक्के और बेल्ट से की मारपीट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। नगर के एसबीआई कॉलोनी में किराए से रह रही एक महिला को उसके पति ने जातिगत रूप से गालियां देते उसे बेल्ट से मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी दे दी। 20 मई की रात्रि यह घटना पारिवारिक विवाद के चलती हुई। कोतवाली पुलिस ने राजेश्वरी धुर्वे पति पंकज राजपूत 27 वर्ष एसबीआई कॉलोनी बालाघाट निवासी द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति पंकज राजपूत सरस्वती नगर बालाघाट निवासी के विरुद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी और जातिगत रूप से गालियां देने के आरोप में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्वरी भरवेली थाना क्षेत्र की रहने वाली है। जो वर्तमान में अपने पति पंकज राजपूत के साथ नगर के वार्ड नंबर 33 एसबीआई कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है।सन 2024 में राजेश्वरी ने पंकज राजपूत से प्रेम संबंध के चलते प्रेम विवाह की है। शादी के कुछ महीनो तक राजेश्वरी अपने पति पंकज राजपूत एवं उसके परिवार के साथ नगर के वार्ड नंबर 32 सरस्वती कॉलोनी में रही। किंतु कुछ महीनो बाद से घरेलू वाद विवाद होने के कारण राजेश्वरी अपने पति पंकज राजपूत के साथ एसबीआई कॉलोनी में किराए के मकान में रहने लगी थी। जहां पर राजेश्वरी को उसका पति पंकज राजपूत आए दिन जातिगत रूप से गालियां देते हुए वाद विवाद मारपीट करने लगा था। राजेश्वरी के किराए के मकान में खाने-पीने का कोई भी समान नहीं बचा था। तब 20 मई को दिन में राजेश्वरी अपने पति पंकज राजपूत के दूसरे घर गई थी। तब पंकज ने उसे बोला था कि तुम अभी जाओ मैं कल आऊंगा और तुमसे बात करूंगा। जिसके बाद राजेश्वरी एसबीआई कॉलोनी अपने किराए के मकान में वापस आ गई। रात्रि 9:00 बजे पंकज राजपूत, पत्नी राजेश्वरी के किराए के मकान में आया और अचानक उसे जातिगत गालियां देते हुए बोलने लगा कि तुझ से शादी करके मैंने अपना जीवन बर्बाद कर लिया हूं कहकर वह अश्लील गालियां देने लगा। राजेश्वरी ने उन्हें गालियां देने से देने से मना की तब पंकज राजपूत ने उसे हाथ बुक्के से मारपीट किया एवं कमर में पहने बेल्ट से मारपीट करने राजेश्वरी के चिल्लाने की आवाज सुनकर मकान मालिक और पड़ोसी किराएदार पहुंचे जिन्होंने बीच बचाव किये। जिसके बाद पंकज राजपूत ने पत्नी राजेश्वरी को दोबारा घर में कुछ मांगने आने पर जान से खत्म करने की धमकी दे दी। पति पंकज राजपूत के जाने के बाद राजेश्वरी रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली पहुंची। कोतवाली पुलिस ने राजेश्वरी द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति पंकज राजपूत के विरुद्ध धारा 296 115(2) 351(3) भारतीय न्याय संहिता2023 और धारा 3(1)द,3(2)ध,3(2)(,वी ए) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।






















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट